www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 16 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -221 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य की उपलब्धि, ... 02
■ केजरीवाल ने मुख्य सचिव पर जांच रिपोर्ट को ...
■ छठ के नाम पर केजरीवाल सरकार पूर्वांचलियों के साथ... 03
■ इजरायली बलों ने अल-शिफा अस्पताल पर छापा मारा
■ मिस्र से पहला ईंधन ट्रक गाजा भेजा गया 07
भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित ... 10

## इटावा में नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस में लगी आग

### दो कोच पूरी तरह जलकर हुए खाक




**इटावा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। इटावा में बुधवार को नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (02570) में आग लग गई। ट्रेन के दो कोच जलकर पूरी तरह खाक हो गए। चलती ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में 8 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे हुआ। छठ पर्व के कारण बोगी में क्षमता से दोगुने यात्री सवार थे। कानपुर-दिल्ली रेल मार्ग पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बंद कर दी गई है। 16 ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गई हैं। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा के लिए बिहार जा रहे थे। ट्रेन के एस-1 कोच में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन के धीमा होते ही यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में पूरी ट्रेन खाली हो गई।

### त्योहार पर चलाई गई है स्पेशल ट्रेन

यह भी जानकारी सामने आई है कि ट्रेन सराय भूपत रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तो एस-1 कोच में धुआं देखकर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन तुरंत रोक दी। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। यह स्पेशल ट्रेन है जिसे त्योहार को देखते हुए चलाया गया है।



## जम्मू कश्मीर के डोडा में सड़क हादसा, 36 की मौत

■ बस में 55 यात्री थे सवार, 19 गंभीर रूप से घायल ■ 300 फीट गहरी खाई में गिरी, बचाव अभियान जारी

**जम्मू,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। डोडा में बुधवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से 36 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 19 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। चार घायलों को एयरलिफ्ट किया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बस संख्या जेके02सीएन-6555 की दुर्घटना में अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 19 अन्य घायल हुए हैं। यह बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल गई और 300 फीट नीचे गिर गई। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल बचाव अभियान जारी है। शवों को बरामद किया गया है।

### ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

शुरुआती जानकारी में पता चला है कि यह बस 42 सीटर थी, लेकिन इसमें 55 यात्रियों को बिठाया गया था। बस रास्ते पर दौड़ते हुए दो अन्य बसों को ओवरटेक कर रही थी। तीनों बसों में आगे निकलने की होड़ मची थी। इसी बीच यह बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई और बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद बचाव अभियान का एक वीडियो भी सामने आया है। दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है।

## बचाव कार्य में एयरफोर्स की भी ली रही मदद

### टनल में फंसे श्रमिकों के साथियों ने किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी, 15 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में चारधाम रोड परियोजना की टनल के अंदर मलबे में फंसे 40 मजदूरों को निकालने के लिए चौथे दिन बुधवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का काम चल रहा है। हेवी ऑगर मशीन ड्रिलिंग के लिए एयरफोर्स की मदद से लाई जा रही है। इन सब के बीच सिलक्यारा टनल के मलबे में फंसे श्रमिकों के साथियों ने प्रोटेस्ट शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि सुरंग के मलबे में फंसे उनके साथियों को जल्द निकाला जाए। मजदूरों का कहना है कि उनके साथियों की जान खतरे में है। ऐसे में जितनी जल्दी रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा करके उनके साथियों को टनल से बाहर निकाल लिया जाए, उतना ही अच्छा होगा। मजदूरों के विरोध प्रदर्शन ने प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन के लोग टनल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे मजदूरों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल प्रदर्शनकारी मजदूर मानने को तैयार नहीं है।

**उत्तरकाशी टनल हादसा**



**बचाव अभियान को बताया नाकाफी**

मौके पर लगभग 60 से 65 मजदूर हंगामा कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अब तक बचाने के लिए जो काम हो रहे हैं, वह नाकाफी हैं। लगातार देरी होती जा रही है। मजदूर इस बात की मांग भी कर रहे हैं कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद ग्राउंड के हालात को देखकर निर्णय करें कि आखिरकार टनल से जुड़े अधिकारी इस मामले में क्या कुछ कर रहे हैं।

### सेना का हरक्यूलस सी-130 भी उतारा

यमुनोत्री हाईवे के सिलक्यारा बैंड निर्माणाधीन सुरंग में फंसे 40 लोगों को निकालने का रेस्क्यू सेना ने अपने हाथों में ले लिया है। सेना का सबसे भारी मालवाहक जहाज हरक्यूलस सी-130 ने सुरंग की खुदाई के लिए आधुनिक मशीनों को चिन्यालीसौड़ एयरपोर्ट पर उतार दिया है। यहां से ग्रीन कॉरिडोर के जरिये मशीनें सिलक्यारा बैंड तक पहुंचाई जाएगी।

**सार संक्षेप**

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां संसद भवन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस, पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद परिसर जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### तोमर पुत्र मामले में ईडी की चुप्पी पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र सिंह तोमर के धन के लेन-देन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चुप्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए बुधवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस मौके पर कहा कि श्री तोमर के पुत्र के मामले में खुलासा होने के बाद आखिर ईडी अब चुप क्यों हैं जबकि केंद्रीय मंत्री के पुत्र का करोड़ों रुपए की हेराफेरी की बात करते समय का वीडियो सबके सामने है।

### साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार



**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र खुमन प्रकाश सिंह को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनी , कला और संस्कृति फिल्म श्रेणी के अंतर्गत 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। यह वृत्तचित्र लेखक खुमन प्रकाश सिंह पर केंद्रित है।

**जीत का जश्न**



## विश्वकप के फाइनल में पहुंचा भारत

**मुंबई,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूर्नामेंट फाइनल में पहुंची थी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर का 50वां एकदिवसीय शतक जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। विराट ने दोनों हाथ झुकाकर सचिन का अभिवादन किया। सचिन ने भी तालियां बजाकर विराट की उपलब्धि की सराहना की।

श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए। वे शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच रहे।

**वनडे विश्वकप**

- न्यूजीलैंड को 70 रनों से दी शिकस्त
- विराट कोहली ने जड़ा 50वां शतक
- मुहम्मद शमी चुने गए मैन ऑफ द मैच
- भारत ने चौथी बार फाइनल में जगह बनाई

## मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार थमा

**भोपाल/रायपुर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार की शाम को चुनाव प्रचार थम गया। दोनों ही राज्यों में सियासी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रचार के जरिए पूरा जोर लगाया, प्रचार के अंतिम दिन सभाओं का सिलसिला जारी रहा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं।



**दोनों राज्यों में कल होगा मतदान**

**मप की 230 सीटों पर पड़ेंगे वोट**

**छत्तीसगढ़ में 70 विधानसभा क्षेत्रों दूसरे चरण का मतदान**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए प्रचार का शोर थम गया। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हो रहा है, पहले चरण में 20 सीटों पर मतदान हुआ तो दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होने वाला है। यह मतदान 17 नवंबर को होगा। नियमों के मुताबिक मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष, 81 लाख 72 हजार 171 महिला तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

**18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए**

सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं, जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

**प्रियंका ने सिंधिया पर साधा निशाना**

## सिंधिया ने जनता को धोखा दिया

**दतिया,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने दतिया की चुनावी कहा, ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। इन्होंने ग्वालियर - चंबल के लोगों से विश्वासघात किया। आपकी चुनी हुई सरकार को गिराकर आपको धोखा दिया है। आपकी पीठ में छुरा घोंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में ले लिया। हमारे सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में वाह भई वाह। कार्यकर्ताओं को उन्हें महाराज-महाराज कहना पड़ता था।



**सिंधिया कद में छोटे, अहंकार में वाह भई वाह**

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता एक बार फिर 'गंभीर' स्तर पर

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में वायु गुणवत्ता एक बार फिर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और बुधवार को कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खतरनाक' स्तर पर भी दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह नौ बजे आनंद विहार में पीएम2.5 का स्तर 500 और पीएम10 का 476 दर्ज किया गया जो 'गंभीर' श्रेणी में है। कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) 102 पर 'मध्यम' श्रेणी में और एनओ2 का स्तर 53 पर संतोषजनक स्तर पर था।

बवाना में पीएम2.5 का स्तर 500 पर और पीएम10 का 435 पर पहुंच गया, जबकि सीओ 95 पर पहुंच गया, 'संतोषजनक' और एनओ2 का स्तर 21 पर 'अच्छा' रहा। द्वारका सेक्टर-8 में पीएम 2.5 का स्तर 446 पर पहुंच गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। जबकि पीएम 10 का स्तर 361 पर है, जो बहुत खराब है, जबकि सीओ 62 पर संतोषजनक है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल3 क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' थी। पीएम 2.5 का स्तर 429 पर और पीएम10 का 286 पर 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि सीओ 84 पर 'संतोषजनक' श्रेणी में रहा।



■ आनंद विहार में पीएम2.5 का स्तर 500 व पीएम10 का 476 दर्ज

### 13 जगहों पर पानी के छिड़काव के उपकरण लगाए

**नई दिल्ली।** बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा ने राष्ट्रीय राजधानी में 13 हॉटस्पॉट पर पानी के छिड़काव के उपकरण तैनात किए हैं, अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, 13 पहचाने गए प्रदूषण हॉटस्पॉट में नरेला, आनंद विहार, मुंडका, द्वारका, पंजाबी बाग, आरके पुरम, रोहिणी, बवाना, ओखला, जहांगीरपुरी, वजीरपुर और मायापुरी शामिल हैं।

**रिपोर्ट** *मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ संसदीय समिति ने की सिफारिश*

## मिलावट करने वालों को हो न्यूनतम छह महीने की जेल!

**नई दिल्ली, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मिलावटी खाद्य पदार्थ व पेय बेचने वालों वालों को लेकर कानून और कडा हो सकता है। संसदीय समिति ने ऐसे लोगों पर न्यूनतम 6 माह की सजा और 25000 रुपए जुर्माने की सिफारिश की है। भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसद की स्थायी समिति ने कहा**

कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए अभी तक जो दंड के प्रावधान हैं, वे अपर्याप्त हैं। समिति ने सिफारिश की है कि इस तरह की सिफारिश के लिए न्यूनतम 6 माह की कैद के साथ ही न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। हानिकारक खाद्य पदार्थ या पेय की बिक्री का जिक्र करते हुए समिति ने अपनी सिफारिश में कहा कि अपराध में बडे पैमाने पर जनता को प्रभावित करने की क्षमता है और इस अपराध के लिए जो दंड का प्रावधान है,वह पर्याप्त नहीं है। अभी तक इस मामले में जो सजा का प्रावधान है उसमें 6 महीने की सजा या 1000 रुपए का जुर्माना अथवा दोनों है। समिति ने भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडो में से एक के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुवात को भी स्वागत योग्य कदम बताया है। समिति ने कहाकि यह अपराधियों से निपटने के लिए बहुत ही सराहनीय प्रयास और सुधारात्मक दृष्टिकोण है।

> न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए



# देश

**उवाच**



"कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा भी नही दिया। पहली बार अति पिछड़े वर्ग का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने इस आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। उनके मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़े वर्ग के है,जबकि भाजपा के लगभग 100 सांसद पिछड़े वर्ग के है:- **अमित शाह, गृह मंत्री एवं भाजपा नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.4 | 10.9 |
| मुंबई | 35.9 | 22.6 |
| कोलकाता | 31.0 | 21.6 |
| चेन्नई | 26.2 | 22.3 |

# यह सत्ता का नहीं सच्चायी का चुनाव: कमलनाथ

**कटनी/बालाघाट,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि यह सत्ता का चुनाव नहीं है, बल्कि सच्चायी का चुनाव है और मुझे विश्वास है कि मतदान के दौरान मतदाता सच्चायी का बटन दबाएंगे। श्री कमलनाथ ने कटनी और बालाघाट जिले में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह यह कहना चाहते हैं कि यह चुनाव सत्ता का नहीं बल्कि सच्चाई का चुनाव है और जब आप मतदान करने के लिए बटन दबाए तो कांग्रेस के वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखिएगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जब आप सच्चाई का बटन दबाएंगे तब आप मध्यप्रदेश के भविष्य, युवाओं के भविष्य और माता, बहनों के भविष्य के लिए बटन दबाने का काम करेंगे और कांग्रेस की प्रचण्ड बहुमत बनाने का काम करेंगे और भाजपा की भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बेदखल करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों का कर्ज फिर से माफ करेंगे, हमारी सरकार आने पर हम गेहूं के लिए 2600 रूपये और धान के लिए 2500 रूपये समर्थन मूल्य देंगे। हम बच्चियों के विवाह के लिए एक लाख एक हजार रूपये देंगे। हम स्कूली बच्चों को 'पढ़ो और पढ़ाओं योजना' के द्वारा हम उन्हें 500 से 1500 स्कॉलरशिप देंगे। हम सभी माताओं और बहनो को 1500 रूपये प्रति माह सम्मान राशि देंगे, गैस का सिलेंडर 500 रूपये में देने का काम करेंगे। हम अपने प्रदेश के नौजवानों के लिए प्राथमिकता से काम करेंगे।



यह चुनाव सत्ता का नहीं बल्कि सच्चाई का चुनाव है और जब आप मतदान करने के लिए बटन दबाए तो कांग्रेस के वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखिएगा:- **कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस**

श्री कमलनाथ ने कहा कि वे माताओं और बहनों को बताना चाहते हैं कि आप मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए पिछले 18 सालों से लाडली नहीं थी, लेकिन चुनाव के 5 महीने पहले आपको लाडली बनाया है। उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारी सरकार आने पर हम 1500 रूपए प्रति महीने देने का काम करेंगे साथ में 500 रुपए में गैस सिलेंडर भी देंगे। अब प्रदेश में माताओं और बहनो की रक्षा वे करेंगे। आज श्री चौहान की झूठ की मशीन डबल स्पीड से चल रही है।

उन्होंने कहा कि 17 तारीख को होने वाला चुनाव आपके जिले और पूरे मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है। आज भ्रष्टाचार में मध्यप्रदेश पूरे देश में नंबर वन है ऊपर से लेकर नीचें तक भ्रष्टाचार की पूरी व्यवस्था कायम है।आज प्रदेश में स्वाथ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट है। वे नौजवानों को देखते हैं तो उन्हें बड़ी चिंता होती है क्योंकि इन नौजवानों से पूरे मध्यप्रदेश का निर्माण होना है, लेकिन अगर इन्हीं का भविष्य अंधकार में रहा तो किस तरह से निर्माण होगा।

# मध्य प्रदेश की सियासत में केंद्रीय मंत्री के बेटे के वीडियो ने बढ़ाई हलचल

**भोपाल,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के बीच वायरल हुए तीन वीडियो ने राज्य की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस जहां हमलावर है और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का इस्तीफा मांग रही है, वहीं भाजपा तोमर के बचाव में खड़ी है। राज्य में बीते लगभग एक सप्ताह के दौरान सोशल मीडिया पर तीन वीडियो वायरल हुए। इन वीडियो को कांग्रेस की ओर से मुद्दा बनाया गया और उसे साझा भी किया गया है। यह वीडियो केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह से जुड़े हुए हैं। दो ऐसे वीडियो वायरल हुए हैं जिनमें कथित तौर पर देवेंद्र प्रताप सिंह किसी अन्य व्यक्ति से करोड़ों के लेनदेन की बात कर रहे हैं। तीसरा वीडियो उसी जगमगदीप का आया है जो देवेंद्र प्रताप से बातचीत कर रहा है। जगमगदीप के बयान के आधार पर कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया गया है कि 100- 200 करोड़ का यह मामला नहीं है बल्कि 10,000 करोड़ तक का है। लगातार सामने आ रहे इन वीडियो ने चुनाव में एक नए मुद्दे को जन्म दे दिया है । कांग्रेस इसे मुद्दा बना रही है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी से लेकर प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ तक भाजपा पर इन वीडियो को लेकर हमलावर हैं। कांग्रेस की ओर से सवाल उठाए गए हैं कि आखिर क्या वजह है जो वीडियो सामने आने के बावजूद एडी, आईटी और सीबीआई शांत बैठे हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने इसे साजिश करार दिया है और कहा है कि इस मामले की मेरे पुत्र ने शिकायत की है और जांच के लिए आवेदन भी दिया है। भाजपा के मीडिया विभाग के प्रमुख आशीष अग्रवाल ने जगमग दीप के वीडियो के स्क्रीन शार्ट के साथ कहा है, देखिए षड्यंत्र की पोल अब खुलनी शुरू हो गई, यह शख्स अपने मोबाइल में जो दिखा रहा है वह उसी में फंस गया, वह जब पुलिस के सामने जाएगा और पुलिस की जांच से गुजरेगा तो उसका क्या होगा। इसने जो स्क्रीनशॉट दिखाया वह किसी ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर कंपनी का है। फॉरेंसिक जांच जब होगी तो प्याज के छिलकों की तरह कांग्रेसी षड्यंत्र की परतें भी खुलेंगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री के बेटे से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री के साथ भाजपा की भी मुसीबत बढ़ी है। यह मामला जनता के बीच चर्चा में है और कांग्रेस हमलावर है। चुनाव पर इसका क्या असर होगा यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन केंद्रीय मंत्री चर्चाओं में जरूर आ गए और उनकी छवि पर असर पड़ना तय है।

## केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा, जांच जरूरी : कमल नाथ

केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के दिमनी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर के लेन देन के सामने आए तीन कथित वीडियों को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला और कहा कि यह मामला किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ दिख रहा है, इसलिए जांच जरुरी है। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहता हूं कि उनके लिए सबसे पहले पार्टी और परिवार का हित है या देशहित। केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के तीन वीडियो अब तक सामने आ चुके हैं। कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए के लेनदेन से शुरू हुआ मामला अब 10,000 करोड़ रुपए तक के लेनदेन तक पहुंच चुका है।

## कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी मानकर बूथ जीतने के संकल्प को लेकर कार्य करें : तोमर



मुरैना। केन्द्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने आज कहा कि सभी बूथ कार्यकर्ता सभी मतदाताओं से संपर्क करें, उनकी बात सुनें और अपनी बात भी उससे कहें एवं और उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। श्री तोमर ने यह बात दिमनी में जनसभा एवं पोरसा और अंबाह में रोड शो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताएं। यदि हम अपनी बात समझाने में सफल हो गये तो निश्चित तौर पर हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता को बूथ तक लेकर आये। मजबूती के साथ सभी को काम करना होगा। भाजपा की प्रचंड विजय तय है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बारे में जनता को बताएं। मुरैना, पोरसा, अंबाह और दिमनी क्षेत्र में उनके प्रयास और भाजपा सरकार के सहयोग से मेडिकल कॉलेज, हॉर्टीकल्चर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, पिनाहट पुल आदि तमाम योजनाएं भाजपा के शासनकाल में ही संपन्न हुई है।

## सार संक्षेप

### 'इंडी' गठबंधन नफरत फैला रहा, भाई-बहन रोज झूठ बोल रहेः शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन नफरत फैला रहा है और भाई-बहन (सोनिया और राहुल गांधी) झूठ बोल रहे हैं, जिस पर उन्हें चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। श्री चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि विपक्षी गठबंधन नफरत फैला रहा है, दल के सदस्य आपस में लड़ रहे हैं और उनमें कलह मची हुई है। ये हम नहीं, अखिलेश यादव कह रहे हैं कि कांग्रेस घटिया पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'भाई-बहन' रोज झूठ बोल रहे हैं। भेल को बेचने की बात की। इससे ये सिद्ध होता है कि ये कितने बड़े झूठे हैं, इसीलिए चुनाव आयोग ने नोटिस दिया है। मेड इन चाइना मोबाइल की बात कर रहे हैं। उन्हें ये समझ ही नहीं आ रहा है कि ये मनमोहन सिंह का जमाना नहीं थोड़ी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इतने मोबाइल बना रहा है कि मोबाइल निर्यात हो रहे हैं। 'मेड इन इंडिया' का हर ओर जलवा है।

### आधी रात को घर की तलाशी लिए जाने पर तेलंगाना कांग्रेस नेता ने जताया कड़ा ऐतराज

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस द्वारा आधी रात को घर की तलाशी लेने पर कांग्रेस नेता मधु गौड़ यास्खी ने कड़ा ऐतराज जताया है। वो हैदराबाद में एलबी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई और जोर देकर कहा कि अधिकारी सर्च वारंट पेश करें। हयात नगर में मधु यास्खी के आवास पर उस समय तनाव फैल गया जब पुलिस अधिकारियों की एक टीम वहां तलाशी के लिए पहुंची। जब पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उन्हें पैसे बांटने की शिकायत मिली है तो पूर्व सांसद ने उनसे शिकायत दिखाने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रहे हैं।

### भिंड में वाहनों पर रोक लगाने वाले कलेक्टर के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

भोपाल। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में कलेक्टर ने विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन 17 नवंबर को वाहनों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग की है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भिंड जिला दंडाधिकारी द्वारा 17 नवंबर को मतदान के दिन जिले में वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने की शिकायत की है और भिंड जिला दंडाधिकारी के आदेश को निरस्त कराने की मांग के साथ उन्हें हटाकर नए अधिकारी को पदस्थ किए जाने की मांग की है।

# रमन सरकार के काल में हुए घोटालों की रकम दिल्ली, नागपुर जाती थी: कांग्रेस

**रायपुर,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा की रमन सिंह सरकार के 15 साल के कार्यकाल में एक लाख करोड़ रुपए का घोटाला होने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह घोटाले की रकम दिल्ली, लखनऊ, नागपुर और गुजरात जाती थी।

शुक्ला ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश में 15 सालों तक सरकार थी। रमन राज में एक लाख करोड़ घोटाला हुआ था, इस बारे में हम अनेकों बार बता चुके हैं। हमारे आरोपों की पुष्टि रिकेश सेन के खुलासे से हुई है। 15 सालों में छत्तीसगढ़ को भाजपा का चारागाह बना दिया गया था। रमन सरकार के समय भ्रष्टाचार का पैसा अमित शाह, स्व. जेटली जैसे नेताओं को भी जाता था। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के छोटे-बड़े नेता नागपुर, लखनऊ और दिल्ली से आकर छत्तीसगढ़ की संपदा में लूट-खसोट मचाकर रखे थे। अपनी सरकार को बचाये रखने के लिये तत्कालीन भाजपाई सत्ताधीशों ने भाजपा के बड़े नेताओं की इस लूट में पूरा सहयोग दिया। दोनों हाथों से छत्तीसगढ़ की संपदा को अपने नेताओं पर लुटाया। उन्होंने आगे कहा कि रमन सिंह, उनके मंत्रियों ने 15 सालों में एक लाख करोड़ का घोटाला किया था। छत्तीसगढ़ में रमन राज में 36,000 करोड़ के नान घोटाला, अगस्ता और पनामा घोटाला, डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शिनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ताहीन एक्सप्रेस-वे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला, 6000 करोड़ का चिटफंड घोटाला, रमन के 4700 करोड़ के शराब घोटाला, 1667 करोड़ के गौशाला घोटाला सहित एक लाख करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार के आरोप रमन सिंह पर हैं। उन्होंने कहा कि रमन सरकार के दौरान इतने घोटाले हुए अकूत काली कमाई की गई कि देश के बैंक छोटे पड़ गए रमन सिंह के मेडिकल स्टोर के पते पर अभिषेक सिंह को पनामा में खाता खुलवाना पड़ा था। उसने वीडियो में कैश हैंडल के रूप में भाजपा के अनेक नेताओं का नाम भी लिया है। उन्होंने बताया कि कि भाजपा के नेता रिकेश सेन जो वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी है, वे एक वीडियों में खुद बता रहे कि कैसे तत्कालीन मुख्यमंत्री की पत्नी वीणा सिंह पैसे लेती थी? कैसे अमित शाह और तत्कालीन स्व. नेता अरुण जेटली तक लूट का पैसा पहुंचाया जाता था? यह खुलासा भाजपा का नेता कर रहा कोई गुमनाम आदमी राह चलते नहीं कर रहा।





**रमन सरकार के समय भ्रष्टाचार का पैसा अमित शाह, स्व. जेटली जैसे नेताओं को भी जाता था। भाजपा के छोटे-बड़े नेता नागपुर, लखनऊ और दिल्ली से आकर छत्तीसगढ़ की संपदा में लूट-खसोट मचाकर रखे थे:- कांग्रेस**

# बुरहानपुर किसी पार्टी का गढ़ नहीं, यहां प्रत्याशी अहम

**बुरहानपुर,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में इस समय जिन सीटों पर सबकी नज़र लगी है, उनमें बुरहानपुर सीट भी है, जहां से अक्सर चौंकाने वाले परिणाम आते है। चुनावी विश्लेषकों के लिए भी ये सीट अक्सर अबूझ पहेली साबित होती है, जहाँ कोई दावे से कुछ नहीं कह सकता। इतिहास पर नजर डालें तो यहां कई बार देशव्यापी चुनावी लहर भी बेअसर रहती है और कई बार बड़े नेता भी परिणामों को प्रभावित नहीं कर पाते। यहां से दो बार विधायक रही श्रीमती अर्चना चिटनीस प्रदेश शासन में केबिनेट मंत्री रहीं, लेकिन इस बार उनकी राह में भाजपा के बागियों ने रोड़े डाल दिए है। बुरहानपुर में निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव जीतना अप्रत्याशित नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में यहाँ सुरेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ शेरा भैया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे और उन्होंने भाजपा की कद्दावर नेत्री अर्चना चिटनीस को पांच हजार 120 मतों से पराजित किया। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर सुरेन्द्र सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया तो भाजपा ने फिर अर्चना चिटनीस पर ही भरोसा जताया। इसी बीच यहां भाजपा के बागी हर्षवर्धन सिंह चौहान के निर्दलीय मैदान में उतरने से यहां संघर्ष की स्थिति बन गई है। हर्षवर्धन सिंह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हैं। पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, ऐसे में उन्होंने निर्दलीय मैदान में उतरने का फैसला कर लिया। यह क्षेत्र स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान की निजी लोकप्रियता का क्षेत्र रहा है। इस चुनाव में एआईएमआईएम के प्रत्याशी की मौजूदगी ने समीकरणों को और उलझा दिया है, जिससे कांग्रेस भी प्रभावित हो रही है। यहाँ से कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, लेकिन मुक़ाबला चतुष्कोणीय है।



# कांग्रेस ने पीएम-किसान की किस्त जारी करने के समय पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान किसानों को पीएम-किसान की किस्त करने के समय पर बुधवार को सवाल उठाया और पूछा कि क्या यह 'जानबूझकर' किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'पीएम-किसान की छठी किस्त 1 अगस्त, 2020 को, नौवीं किस्त 9 अगस्त, 2021 को और 12वीं किस्त 17 अक्टूबर, 2022 को जारी की गई थी। 'अब पीएम-किसान की 15वीं किस्त आज 15 नवंबर 2023 को आ रही है, जब दो दिन में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने हैं और अगले 10 दिन में राजस्थान और 15 दिन में तेलंगाना में चुनाव होने हैं।' रमेश ने पूछा, 'क्या यह देरी जानबूझकर नहीं की गई?' उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को झारखंड में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 15वीं किस्त जारी करने से पहले आई है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि पीएम मोदी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता और आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए 'जनजातीय गौरव दिवस' के दौरान योजना का पैसा जारी करेंगे। भाजपा की पसंदीदा योजना की इस किस्त में आठ करोड़ से अधिक किसानों को कुल 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलेगी। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 और छत्तीसगढ़ (दूसरा चरण) की 70 सीटों के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों के लिए मतदान 25 नवंबर को और तेलंगाना की 119 सीटों के लिए 30 नवंबर को होना है।



# बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य की उपलब्धि, अधिकारों और भलाई के लिए हुआ है: केसीआर

**निजामाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बुधवार को निजामाबाद में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य की उपलब्धि, अधिकारों और भलाई के लिए हुआ है। आप कांग्रेस और बीजेपी का इतिहास भी जानते हैं। आप जानते हैं कि एक दशक में बीआरएस शासन में कितनी प्रगति हुई है। कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना को जबरन आंध्र में मिला दिया और नष्ट कर दिया। कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। बीआरएस सरकार के दस वर्षों में कोई कर्फ्यू नहीं लगा, कोई अराजकता नहीं हुई। केसीआर जीवन भर धर्मनिरपेक्ष बने रहेंगे। कांग्रेस और बीजेपी तेलंगाना के लिए बेकार है। 2024 के बाद देश में गठबंधन की सरकार आयेगी। आने वाले दिनों में क्षेत्रीय दल प्रभावी होंगे। हमें अपनी ताकत दिखानी चाहिए। मैं आप सभी से बीआरएस विधायक उम्मीदवार गणेश गुप्ता को जिताने का अनुरोध करता हूं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस सरकार जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी धर्मों के विकास के लिए काम कर रही है। बीआरएस सरकार के दस साल में एक दिन भी कर्फ्यू नहीं लगा..कोई अराजकता नहीं हुई। यदि गणेश गुप्ता जैसा अच्छा आदमी जीतता है, तो यह सभी के लिए अच्छा होगा। गणेश गुप्ता को जिताएं, वे लोगों की सेवा करने और अपने शहर को बेहतर बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना देश में नंबर वन है। जब तेलंगाना राज्य बना था, प्रति व्यक्ति बिजली खपत 1120 यूनिट थी, अब यह 2200 यूनिट पहुंच गया है। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बीआरएस सरकार ने पिछले दस वर्षों में 12000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। हमने अल्पसंख्यक स्कूल और कॉलेज स्थापित किए हैं। हम सभी लोग हिंदू-मुसलमान का भेद किए बिना प्रदेश का विकास कर रहे हैं। भाजपा धार्मिक उन्माद फैलाने वाली पार्टी है। बीजेपी लोगों को बांटने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी को सैकड़ों पत्र लिखने के बावजूद एक भी मेडिकल कॉलेज तेलंगाना के लिए नहीं दिया गया। सौ बार मांगने के बावजूद मोदी ने एक भी नवोदय स्कूल नहीं दिया। मोदी ने बिजली की मोटरों पर मीटर लगाने का आग्रह किया लेकिन मैंने नहीं लगाया। बीजेपी ने तेलंगाना को हर साल 5 हजार करोड़ और पांच साल में 25 हजार करोड़ का बजट नहीं दिया।



बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य की उपलब्धि, अधिकारों और भलाई के लिए हुआ है। आप कांग्रेस और बीजेपी का इतिहास भी जानते हैं। आप जानते हैं कि एक दशक में बीआरएस शासन में कितनी प्रगति हुई:-के **चंद्रशेखर राव, मुख्यमंत्री**

# छत्तीसगढ़ में आखिरी चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार समाप्त

**रायपुर,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण की 70 विधानसभा सीटों पर आज शाम पांच बजे प्रचार थम गया। प्रचार आम तौर पर शान्तिपूर्ण रहा और प्रचार के आखिरी दिन भी दोनो मुख्य दलों कांग्रेस एवं भाजपा के दिग्गज नेताओं ने सभाएं कर माहौल अपने पक्ष में बनाने की कोशिश की। राज्य में दूसरे चरण में कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व पार्टी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता राहुल गांधी,पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रचार की कमान संभाली और सभी ने ताबडतोड़ सभाएं की। पार्टी के हालांकि कई दिग्गज राज्य में प्रचार के लिए पहुंचे लेकिन वह प्रेस कान्फ्रेन्स या पार्टी बैठकों तक ही सीमित रहे। मुख्य विपक्षी दल भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा,केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर,केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने ताबडतोड़ सभाएं की। इसके अलावा भी पार्टी के हालांकि कई दिग्गज राज्य में प्रचार के लिए पहुंचे लेकिन वह प्रेस कान्फ्रेन्स या पार्टी बैठकों तक ही सीमित रहे।

बसपा प्रमुख मायावती ने भी एक जनसभा को अपने आधार वाले क्षेत्र जांजगीर में सम्बोधित किया,जबकि आम आदमी पार्टी की तरफ से पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कुछ सभाएं की। प्रचार अभियान पूरी तरफ से शान्तिपूर्ण रहा और कहीं से भी इस दौरान किसी अप्रिय वारदात की सूचना नही मिली। प्रचार के आखिरी दिन आज अधिकांश स्थानों पर प्रत्याशियों द्वारा अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए जुलूस निकाला गया।

### छत्तीसगढ़ में मतदान के दिन संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में अवकाश घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दूसरे एवं आखिरी चरण में 17 नवम्बर को मतदान के दिन संबंधित 70 विधानसभा क्षेत्रों में सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के अलावा निजी संस्थानों, औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

### मध्यप्रदेश : सभी 230 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार अभियान

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम सभी 230 क्षेत्रों में चुनाव प्रचार अभियान की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के साथ ही चुनावी शोरगुल थम गया। अब शुक्रवार को मतदान तक विभिन्न दल और प्रत्याशी चुनावी सभाएं और रोड शो आदि नहीं कर सकेंगे। हालाकि प्रत्याशी जनसंपर्क कर सकेंगे। चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही विभिन्न दलों के नेताओं ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी। लगभग एक पखवाड़े तक चले चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 14, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 21 और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने चुनावी सभाएं कीं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले माह से अब तक लगभग 160 चुनावी सभाएं की हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने 55 सभाओं को संबोधित किया। पार्टी के अन्य स्टार प्रचारकों ने भी सभाओं की झड़ी लगा दीं। दूसरी ओर कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और अन्य नेताओं ने भी चुनावी सभाएं कीं। चुनावी समर में बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं ने भी राज्य में चुनाव प्रचार किया। राज्य में सभी 230 क्षेत्रों में मतदान के लिए 17 नवंबर शुक्रवार का दिन निर्धारित है। मतदान सुबह सात बजे प्रारंभ होकर शाम छह बजे तक चलेगा। हालाकि नक्सली प्रभावित बालाघाट, डिंडोरी और मंडला जिले के संबंधित नक्सली क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे प्रारंभ होकर दिन में तीन बजे तक संपन्न करायी जाएगी।

**उल्टा पुल्टा**

बब्लू : ऐसा लगता है कि वो लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वो कुछ और ही बोलती है।
डब्लू : वो कैसे?
बब्लू : मैंने कहा, आई लव यू, तो वह बोली मैंने कल ही सैंडल खरीदे हैं।

# केजरीवाल ने मुख्य सचिव पर जांच रिपोर्ट को उपराज्यपाल के पास भेजा



**दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई**

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उप राज्यपाल वीके सक्सेना को सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट भेजी है जिसमें बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर प्रथम दृष्टया मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सतर्कता मंत्री आतिशी ने मंगलवार को केजरीवाल को रिपोर्ट सौंपी हैं, जिसमें दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सतर्कता मंत्री को यह रिपोर्ट केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो तथा प्रवर्तन निदेशालय को भी भेजने के निर्देश दिए हैं। भूमि अधिग्रहण का मुआवजा 41 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपए कर दिया गया था लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सौदे में अनुचित लाभ का स्तर 897 करोड़ रुपए से अधिक था। वहीं, मुख्य सचिव कुमार ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट एक शिकायत के संबंध में की गई जांच पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नियुक्त किया था जो बामनोली में लाभान्वित भूमि मालिकों का रिश्तेदार था।

## मुख्य सचिव के खिलाफ अरविंद केजरीवाल सरकार के अभियान के पीछे शराब और बंगला घोटाले की जांच का डर है : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली**। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि हम दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी की हताशा को अच्छी तरह से समझ सकते हैं क्योंकि वह मुख्यमंत्री या दिल्ली सरकार के मंत्रियों के खिलाफ विभिन्न मामलों की जांच कर रहे हैं, जिनमें शराब घोटाला और सीएम बंगला घोटाला जैसे प्रमुख मामले हैं। सीएम केजरीवाल खुद मुख्य सचिव द्वारा की जा रही जांच से डरते हैं और उन पर जांच रोकने का दबाव बनाने के लिए केजरीवाल सरकार ने भूमि मुआवजे के एक मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ नई जांच रिपोर्ट में हेरफेर किया है जबकि उसकी पहले ही जांच चल हो चुकी है। श्री सचदेवा ने कहा है की यह मंत्री आतिशी की बौखलाहट घबराहट थी जिसके चलते उन्होने एक जांच हो चुके मामले की पुन: जांच रिपोर्ट बनवाई और मुख्यमंत्री के निर्णय का इंतजार किये बिना उसको मीडिया को जारी किया। श्री सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार और आप नेता मुख्य सचिव, वाई.वी.वी.जे. राजशेखर, अश्वनी कुमार, आशीष कुंद्रा जैसे सरकारी अधिकारियों के खिलाफ बोलते हैं जो केजरीवाल सरकार के खिलाफ असहज जांच कर रहे हैं लेकिन ओ.पी. मिश्रा, उदित राय और ए.वी. प्रेमनाथ जैसे आरोपपत्रित अधिकारियों पर चुप रहते हैं जो उनकी सरकार की दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणाली को उजागर करता है।

## सोशल मीडिया पर केजरीवाल के खिलाफ अपमानजनक अभियान पर करेंगे शिकायत: आप

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने बुधवार को भाजपा पर उसके राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक और भ्रामक अभियान चलाने का आरोप लगाया और कहा कि वह निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी।



एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप नेता राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मुलाकात का वक्त मांगा है ताकि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शिकायत दर्ज करा सके। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एक दिन पहले ही निर्वाचन आयोग ने आप के सोशल मीडिया खाते पर प्रधानमंत्री के खिलाफ पार्टी द्वारा की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए केजरीवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और उनसे 16 नवंबर तक चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप का जवाब देने को कहा था। चड्ढा ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल के खिलाफ भ्रामक, अपमानजनक अभियान चला रही है। एक्स पर दिल्ली भाजपा के खाते से पांच नवंबर को एक पोस्ट साझा किया गया था और इसे राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में पार्टी के आधिकारिक खाते से भी पोस्ट किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

## कानून व्यवस्था बनाए रखना अधिकारियों की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी: बिरला



**प्रतिष्ठित भारतीय पुलिस सेवा के लिए चुना जाना उनकी लगन, बुद्धिमत्ता और निष्ठा का प्रमाण है, क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल होने वाले उम्मीदवारों को विश्व स्तर पर अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट माना जाता है : ओम बिरला**

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था बनाये रखना अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। श्री बिरला ने सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 75वें बैच के लिए संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के बारे में आयोजित परिबोधन पाठ्यक्रम का आज संसद परिसर में उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय पुलिस सेवा के लिए चुना जाना उनकी लगन, बुद्धिमत्ता और निष्ठा का प्रमाण है, क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल होने वाले उम्मीदवारों को विश्व स्तर पर अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट माना जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के रूप में उन्हें कानून और न्याय व्यवस्था, जो एक निष्पक्ष और उन्नत समाज तथा एक विकसित लोकतंत्र की आधारशिला है, को बनाए रखते हुए राष्ट्र के प्रति योगदान करने का उत्कृष्ट अवसर मिला है। उन्होंने लोकतांत्रिक संरचना की कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शाखाओं के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि जहाँ संसद को देश के शासन के लिए कानून तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं पुलिस प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह इन कानूनों को निष्पादित करे और यह सुनिश्चित करे कि कानून निर्माताओं द्वारा प्रस्तावित लाभ प्राप्त हों।

देश भर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने विशेष रूप से अशांति के समय पर जनता को भरोसा दिलाने के उनके गुरुतर दायित्व का उल्लेख किया । उन्होंने विशेष रूप से संकट के समय में पुलिस बल और जनता के बीच विश्वास बनाए रखने के पहलू के महत्व पर भी जोर किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि कानून की रक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के साथ-साथ न्याय भी समाज में प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुलभ विशेषाधिकार है, चाहे उनकी सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक स्थिति कुछ भी हो। श्री बिरला ने कहा कि किसी देश की वैश्विक स्थिति उसकी कानून और व्यवस्था की स्थिति से बहुत हद तक प्रभावित होती है, इसलिए युवा प्रशिक्षु अधिकारियों की यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखें ।

**सार संक्षेप**

### रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो मामले में बिहार के युवक से पूछताछ

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस ने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो मामले में बिहार के 19 वर्षीय एक युवक से पूछताछ की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को संदेह है कि युवक ने पहले अपने सोशल मीडिया मंच पर वीडियो अपलोड किया फिर इसे अन्य मंचों पर साझा किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि युवक को जांच के लिए नोटिस भेजा गया था क्योंकि उसके अकाउंट से पहली बार सोशल मीडिया मंच पर वीडियो साझा किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स यूनिट में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 और 469 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई के तहत 10 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस संबंध में फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हालांकि युवक ने कहा है कि उसने किसी इंस्टाग्राम अकांउट से वीडियो डाउनलोड किया है, लेकिन हम उससे पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि बिहार के रहने वाले इस युवक को आईएफएसओ यूनिट के सामने पेश होने और अपना मोबाइल फोन लाने के लिए कहा गया था जिसके बारे में उसने दावा किया है कि इसका इस्तेमाल वीडियो अपलोड करने के लिए किया गया था। प्राथमिकी दर्ज करने के तत्काल बाद आईएफएसओ शाखा ने मेटा को आरोपी की पहचान करने के वास्ते यूआरएल और अन्य विवरण प्राप्त करने के बारे में लिखा था।

### अकाली दल देश के हर हिस्से में सिखों को एकजुट करेगा: सरना

**नई दिल्ली**। शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने यूपी के आगरा पहुंचकर सिख संगतों को संबोधन किया।



सरदार परमजीत सिंह सरना ने कहा उनका आगरा आने का मुख्य उद्देश्य यहां के सिख समुदाय को श्री अकाल तख्त साहिब से जोड़ना है। दूसरी बात अक्सर ऐसा होता है कि जहां कोई पार्टी अल्पमत में होती है, वहां सरकार को लेकर उनके मन में एक डर होता है, हम लोगों के मन से वो डर निकालना चाहते हैं। सरदार सरना ने कहा हमारा दृढ़ इरादा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में जहां भी सिखों की बड़ी आबादी है। वहां शिरोमणि अकाली दल की इकाइयां स्थापित की जानी चाहिए ताकि जो राजनीतिक दल सिखों के हितों की अनदेखी करते हैं या उन्हें उनके बनते हक नहीं देती अकाली दल उनकी आवाज बनेगा। जो लोग पंजाब के बाहर सरकारों और सिखों को राजनीतिक रूप से कमजोर मानते हैं, अकाली दल देश के हर हिस्से में सिखों को एकजुट करेगा और उन्हें राजनीतिक रूप से मजबूत बनाएगा। शिरोमणि अकाली दल हर तरह से देश के हर हिस्से में रहने वाली गुरु नानक की सिख संगत के साथ खड़ा है।

**बेदखली/सूचनार्थ**

मैं, श्री राम सुपुत्र स्व. श्री मंगल राम, पत्नी उषा देवी, निवासी H 1st 146 मदन गिर नई दिल्ली 110062। सूचनार्थ है कि हमारे पुत्र लव राज सुपुत्र श्री राम और उसकी पत्नी आशा उर्फ नेहा उनके भविष्य मे होने वाले बच्चों को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति, संबंधों से विच्छेद करते हैं, क्योंकि दोनों रीति रिवाजों के अनुरूप न चलने व गलत आचरण रखते हैं। लव राज और पत्नी आशा उर्फ नेहा से कोई भी व्यवहार रखेगा वो स्वम जिम्मेदार होगा।

## छठ के नाम पर केजरीवाल सरकार पूर्वांचलियों के साथ खिलवाड़ कर रही है: वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल पर आस्था और संस्कृति के प्रतीक छठ पर्व की व्यवस्थाएं बाधित करने का आरोप लगाया। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आस्था और परंपरा के प्रतीक छठ पूजा की तैयारियों के नाम पर अरविंद केजरीवाल सरकार सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। 1993 में जब स्व: श्री मदन लाल खुराना जी की सरकार बनी तबसे छठ पूजा दिल्ली के अंदर बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाने लगी, लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार के सत्ता में आने के बाद हर बार छठ के नाम पर पूर्वांचलियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।





पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने भी अपने विचार रखे। श्री सचदेवा ने कहा कि मां यमुना की सफाई के नाम पर दिल्ली सरकार ने भ्रष्टाचार किया है और आज यमुना नदी की स्थिति पहले से बदत्तर है। सांसद मनोज तिवारी के साथ मैंने स्वंय कालिंदी कुंज में निरीक्षण किया और यमुना मे तैरते कैमिकल झाग देखे।

सचदेवा ने कहा केजरीवाल सरकार हिंदूओं और खासकर पूर्वांचलियों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल की मंत्री छठ पूजा की तैयारियों को लेकर नए नए ऐलान कर रही हैं जबकि दूसरी तरफ केजरीवाल सरकार ने कोर्ट में एफिडेविट दे कर कहा है कि छठ पर्व के कारण यमुना प्रदूषित हो सकती है।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली के लोग आज भी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर छठ महापर्व को बाधित करने में इतनी रुचि क्यों रखती है। अगर यमुना प्रदूषित होने का मुख्य कारण अरविंद केजरीवाल छठ महापर्व को बता रहे हैं तो फिर यह उनकी मूर्खता की पराकाष्ठा है क्योंकि जिन शहरों में गंगा, ब्रह्मपुत्र और अन्य नदियां बहती है तो वहां छठ उत्सव के बाद स्थिति में बदलाव क्यों नहीं आता। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि एक तरफ आप सरकार में मंत्री आतिशी 1000 छठ घाट बनाने का आदेश दे रही हैं और दूसरी तरफ उनके ही बवाना विधानसभा के विधायक जय भगवान उपकार खड़े होकर छठ घाट तुड़वाने का काम कर रहे हैं जिसका फोटो हमारे पास है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की महापौर द्वारा 40,000 रुपए प्रति छठ समितियों को देने की घोषणा की गई लेकिन उनके विधायक उन पैसों को लेने के लिए केजरीवाल की फोटो लगाने का दबाव डाल रहे हैं।

### *छठ को लेकर दिल्ली सरकार और निगम ने कोई तैयारी नहीं की: राजा इकबाल सिंह*

*नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम ने छठ पूजा के संबंध में अभी तक कोई तैयारी नहीं की है। जिसके कारण श्रद्धालुओं को छठ पूजा के दिन छठ घाटों पर असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा में अब कुछ ही दिन शेष हैं इसके बावजूद आम आदमी पार्टी की मेयर ने छठ पूजा की तैयारियों के संबंध में अभी तक अधिकारियों को किसी भी तरह के दिशानिर्देश जारी नहीं किए हैं जो यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी पूर्वांचलवासी भाई बहनों के उपासना व आस्था के महान पर्व के प्रति कितनी संवेदनशील है।*



*राजा इकबाल सिंह ने बताया कि यमुना किनारे भी छठ घाटों की व्यवस्था पूरी तरह ख़राब है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने सत्ता संभालते ही दिल्ली के नागरिकों से वादा किया था कि यमुना का पानी एक साल में साफ़ व स्वच्छ बना देंगे और नागरिक सीधे यमुना का पानी पी सकेंगे मगर आज स्थिति यह है कि हानिकारक कैमिकल्स के कारण यमुना झाग में तब्दील हो गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम ने जिन पार्कों को अस्थायी छठ घाटों में तब्दील करने के लिए चिन्हित किया है उन पार्कों की भी स्थिति सही नहीं है। जिसके कारण छठ पूजा के दिन वहां पूजा अर्चना करने में श्रद्धालुओं को काफ़ी असुविधा हो सकती है। राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी के मेयर से मांग की कि छट पूजा के महान पर्व से पहले सभी छठ घाटों की सफाई, शाम के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, घाटों पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के खिलाफ निवारक उपाय विशेष रूप से सुबह और देर शाम और घाटों पर मोबाइल डिस्पेंसरी की तैनाती को सुनिश्चित करें ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।*

## मनी लॉन्ड्रिंग में मनजिंदर सिंह सिरसा की कथित संलिप्तता की जांच हो: परमजीत सरना

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के खातों के माध्यम से बड़े स्तर पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मनजिंदर सिंह सिरसा की कथित संलिप्तता की वायरल वीडियो के बाद शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से पंथक मर्यादानुसार धार्मिक सज़ा लगाने की अपील की है। सरदार सरना ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान के तौर पर मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी के खातों के जरिए 10,000 करोड़ रुपए की रिश्वत के गंभीर आरोपों की प्रवर्तन निदेशालय से तत्काल जांच की मांग भी की। सरदार सरना ने लिंक शेयर करते हुए कहा कि सिरसा के वित्तीय अपराधों की पृष्ठभूमि को देखते हुए, ये आरोप विश्वसनीय लगते हैं कि उन्होंने गुरु घर के पैसे का गलत इस्तेमाल किया जो कि सबसे बड़ा अपराध है। हम श्री अकाल तख्त साहिब से इस पर तुरंत संज्ञान लेने की अपील करते हैं तथा पंथक मर्यादानुसार सख्त कार्रवाई की अपील करते हैं ताकि भविष्य में कोई इस तरह का घिनौना कृत्य करने की हिम्मत न कर सके। सरना ने आगे कहा कि ईडी तुरंत मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत इन आरोपों की जांच करे। यह कोई संयोग नहीं है कि सिरसा व उनके अधीनस्थ हरमीत सिंह कालका दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की पुस्तकों के डेलॉइट ऑडिट पर बैठे थे लेकिन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सीए रविंदर सिंह आहूजा ने कभी उन परिणामों को साझा किया इसलिए ई.डी द्वारा निष्पक्ष रूप से व्यापक स्तर पर इसकी जांच होनी चाहिए। सरदार सरना ने कहा कि दिल्ली की सिख संगत सिरसा की हकीकत जानते हुए पिछले चुनाव में उन्हें नकार चुकी है इसलिए वह अपनी सीट भी नहीं बचा पाए, अब पूरी दुनिया में रहने वाले सिखों के सामने मनजिंदर सिंह सिरसा का असली चेहरा उजागर हो गया है, स्वयं को सबसे महान सिख नेता के तौर पर साबित करने का प्रयास करने वाले सिरसा अब समूचे पंथ के सामने गिर चुके हैं।

## 25 साल पहले किया पहला लिवर प्रत्यारोपण, अब तक 50 देशों के 4300 लोगों के लिए संजीवनी बने डॉक्टर





**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। 1995 में अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने भारत में पहली बार बच्चों का लिवर प्रत्यारोपण करने की पहल शुरू की। तब डॉक्टरों ने एक महीने के बच्चे का सफल प्रत्यारोपण किया जो आज खुद एक डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा कर रहा है। इस सफलता ने डॉक्टरों की हौसला अफ़जाई की जिसका परिणाम है कि अब 30 साल बाद अपोलो अस्पताल के डॉक्टर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के 50 से भी ज्यादा देशों के कुल 6300 मरीजों का सफल लिवर प्रत्यारोपण कर चुके हैं जिनमें 123 बच्चे हैं। इन सभी के लिए अपोलो के डॉक्टर किसी संजीवनी से कम भी नहीं है जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से इन्हें नया जीवन दिया।भारत में बाल चिकित्सा सीवर प्रत्यारोपण कार्यक्रम के 25 साल पूरे होने पर अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रीता रेड्डी, प्रबंध निदेशक शिवकुमार पट्टाभिरामन,वरिष्ठ बाल गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ अनुपम सिब्बल, लिवर ट्रांसप्लाट यूनिट के वरिष्ठ सलाहकार डॉ नीरव गोयल और फिल्म अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया भी उपस्थित थीं।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**अतिरिक्त त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी-2023**

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा त्यौहार विशेष अतिरिक्त रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:-

**02254/02253 नई दिल्ली – दरभंगा जं. – नई दिल्ली आरक्षित वाता. सुपरफास्ट त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी** | **02 फेरे**

| गाड़ी सं. 02254 आगमन | गाड़ी सं. 02254 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02253 आगमन | गाड़ी सं. 02253 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:00 | नई दिल्ली | 14:15 | — |
| 01:25 | 01:30 | गोविन्दपुरी | 07:15 | 07:20 |
| 04:15 | 04:25 | प्रयागराज जं. | 04:20 | 04:25 |
| 07:05 | 07:15 | पं० दीन दयाल उपाध्याय | 01:10 | 01:20 |
| 08:15 | 08:17 | बक्सर | 00:17 | 00:19 |
| 09:15 | 09:17 | आरा | 23:25 | 23:27 |
| 10:10 | 10:20 | पटना जं. | 22:30 | 22:40 |
| 11:10 | 11:12 | मोकामा जं. | 21:00 | 21:02 |
| 12:30 | 12:40 | बरौनी जं. | 19:50 | 20:00 |
| 13:40 | 13:45 | समस्तीपुर जं. | 18:45 | 18:50 |
| 14:45 | --- | दरभंगा जं. | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 02254 नई दिल्ली से दिनांक 16.11.2023 (गुरुवार) तथा 02253 दरभंगा जं. से दिनांक 17.11.2023 (शुक्रवार) को
सीान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

3588/2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

एन आई टी | 24-A, B, C, D, E & F-2023-24-डब्ल्यू-5

1. **काम का नाम (स्थान के साथ)** : क्रमांक

A सहायक मंडल अभियंता के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एम/ टीकेडी के अनुभाग में डीजल शेड में इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के कारण एनआर की बढ़ी हुई होल्डिंग के भार को पूरा करने के लिए टीकेडी लोको आउट पिट के बुनियादी ढांचे का निर्माण / सुधार का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।

B वर्ष 2023-24 के लिए सहायक अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे ०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक पी. वे जोन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य।

C सहायक अभियंता/तुग़लकाबाद के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/फरीदाबाद के अनुभाग में डाउन लाइन से टी०आर०आर (०(पी) 60 किलोग्राम 14.550 कि०मी०, पलवल-जे०एन०सी० सेक्शन के बीच कि०मी० 1479.4 से 1482/0, 1500/0 से 1502/0, 1510/0 से 1511/0 डाउन लाइन ऐंव सहायक अभियंता//हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में हज़रत निजामुद्दीन-तुग़लकाबाद सेक्शन के बीच डाउन लाइन कि०मी० 1515/0 से 1519/0, 1521.2 से 1522.65 और चौथी लाइन 1515/0 से 1518.5 टी०आर०आर(०(पी) कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : सी० टी० आर०/टी० आर०आर०/टी० एफ० आर०/टी० टी० आर० जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की चिंता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग / रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल हैं।

D सहायक अभियंता/दिल्ली सराई रोहिल्ला के अधीन एस०एस०ई०/डब्ल्यू०/दिल्ली सराई रोहिल्ला के अनुभाग में टी०आर०आर० (पी०) 5.180 टी०के०एम० स्थान 2.860 से 5.0 किमी दक्षिण और उत्तर लाइन (अप/डाउन) दिल्ली-दिल्ली सराई रोहिल्ला पर। **समान कार्य की प्रकृति** : सी० टी० आर०/टी० आर०आर०/टी० एफ० आर०/टी० टी० आर० जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की चिंता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैपिंग मशीन / बैलास्ट स्क्रीनिंग / रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल हैं।

E सहायक अभियंता/तुग़लकाबाद के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/फरीदाबाद के अनुभाग में पलवल-जे०एन०सी० सेक्शन के बीच टी०आर०आर० (पी०) 60 किलोग्राम 15.538 किमी (अप लाइन कि०मी० 1494/0 से 1500.823 और डाउन लाइन कि०मी० 1481.755 से 1482/0, 1501.12 से 1507.98 और 1513.208 से 1514.986) तक अप और डाउन लाइन का कार्य ऐंव सहायक अभियंता // हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में हज़रत निजामुद्दीन-जंक केबिन के बीच (जी०ऐ०एल० डाउन कि०मी० 1523.471 से 1524.428 और तीसरी लाइन कि०मी० 1518.59 से 1519) तक टी०आर०आर० (पी०) कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : सी० टी० आर० / टी० आर०आर० / टी० एफ० आर०/ टी० टी० आर० जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की चिंता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैपिंग मशीन / बैलास्ट स्क्रीनिंग / रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल हैं।

F सहायक अभियंता / हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/ हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में यार्ड का सुधार कार्य।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. **काम की अनुमानित लागत (रूपये)** | A | रूपये 17763704.68 | B | रूपये 8499741.37 |
| | C | रूपये 20723393.68 | D | रूपये 9859761.93 |
| | E | रूपये 22374063.06 | F | रूपये 4499685.16 |

3. **अग्रिम राशि (रूपये)** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेट वे द्वारा) (नोटः- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सी.ई-आई./सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा।)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | रूपये 238800.00 | B | रूपये 170000.00 | C | रूपये 244800.00 |
| D | रूपये 184800.00 | E | रूपये 250900.00 | F | रूपये 90000.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. **काम की समाप्ति अवधि** | A | 06 महीने | B | 09 महीने | C | 06 महीने |
| | D | 06 महीने | E | 06 महीने | F | 06 महीने |

5. **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय** 08.12.2023 को 15.00 बजे तक तथा 08.12.2023 को 15.00 बजे निविदा खुलना है।

6. **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** : यह निविदा आई.आर.ई. पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/NIT-24-A, B, C, D, E & F Date 14.11.2023
3568/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

प्राथमिक जांच में आग लगने की वहज शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग तेजी से नहीं फैली। सवारियां बस से उतर गई। इसके बाद बस में केबिन में आग फैल गई। यहां तेजी से आग फैली।

प्रदीप चौब, सीएफओ

## एक्सप्रेस वे पर चलती डबल डेकर बस में आग



- बिहार के सीवान जा रही थी बस
- 60 सवारियां थी मौजूद, 25 मिनट में आग पर पाया काबू

**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा से बिहार के सिवान जा रही एक डबल डेकर बस में आग लग गई। आग फैलती इससे पहले ही सवारियां बाहर आ चुकी थी। आग नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के सेक्टर-96 के पास लगी। घटना करीब सवा तीन बजे की है। मौके पर लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को फोन किया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। जिस समय गाड़ियां पहुंची आग लगी हुई थी। करीब 25 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद बस को एक्सप्रेस वे के साइड में किया गया।

इन दिनों छठ पर्व के चलते बिहार को जाने वाले बसों की संख्या बढ़ गई है। ये बस भी निजि बस आपरेटर द्वारा संचालित की जा रही थी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग लगने की वहज शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग तेजी से नहीं फैली। सवारियां बस से उतर गई। इसके बाद बस में केबिन में आग फैल गई। यहां तेजी से आग फैली। उन्होंने बताया कि बस में लगभग 60 सवारी थी। बस नंबर UP 53 GT 2907 जो सेक्टर-37 से चलकर सिवान बिहार के लिए जा रही थी।

### बस में 60 सवारियां थी

बस में करीब 60 सवारियां थी जो बिहार के सिवान जा रही थी। ये बस नोएडा के सेक्टर-37 से चलती है। फिलहाल बस आरपेटर ने दूसरी मंगवा कर लोगों को वापस सेक्टर-37 छोड़ा है। लोगों ने बताया कि आग लगते ही बस से लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर ने किसी तरह बस सड़क किनारे लगाई इसके बाद वो भी कूद गया।

### एक्सप्रेस वे पर लग गया जाम

एक्सप्रेस वे पर बस में आग लगते ही यातायात जाम को हो गया। हालांकि कुछ वाहन चालक जलती बस के बगल से निकलते दिख रहे थे। ये जानलेवा भी है। जाम लगने के बाद पीछे की गाड़ियों को सर्विस लेन से निकाला गया। आग बुझाने के बाद एक्सप्रेस वे को वाहनों के लिए खोल दिया गया।

## जनवरी में शुरू हो जाएगा चिल्ला एलिवेटेड का काम, तीन साल में होगा पूरा

### सेतु निगम ने जारी किया टेंडर, 13 दिसम्बर तक कंपनियां कर सकती हैं आवेदन



**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले दो साल से बंद चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम फिर शुरू होने की उम्मीद है। सेतु निगम ने इसके लिए टेंडर जारी कर 13 दिसम्बर तक कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। कंपनियों के आवेदन आने के बाद सबसे कम दरों वाली कंपनी को निर्माण का ठेका दिया जाएगा। नए साल में इस एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो सकेगा। चिल्ला एलिवेटेड रोड बनाने की योजना करीब 10-12 साल पुरानी है, लेकिन इस पर गंभीरता से काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ। एलिवेटेड रोड बनाने को लेकर नोएडा प्राधिकरण और यूपी के लोक निर्माण विभाग के बीच सहमति बनी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 को इसका शिलान्यास किया। उस समय इसके निर्माण की लागत 605 करोड़ 31 लाख 62 हजार रुपए लागत तय की गई।

नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2020 के शुरुआत में अपने बजट से इसका निर्माण शुरू करा दिया। लोक निर्माण विभाग के जरिए नोएडा प्राधिकरण को 50 प्रतिशत राशि देनी थी, लेकिन उन्होंने एक भी रुपये नहीं दिए। इसके उलट वर्ष 2021 में सेतु निगम ने इसकी राशि 700 और फिर इसको बढ़ाकर 1076 करोड़ 61 लाख रुपए कर दी। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण व सेतु निगम के बीच विवाद बढ़ गया और नवम्बर 2021 में पूरी तरह काम बंद हो गया। तभी से यह काम बंद पड़ा है। चिल्ला एलिवेटेड रोड नहीं बनने का खामियाजा वाहन चालकों को रोजाना जाम में फंसकर भुगतना पड़ रहा है। रोजाना सुबह-शाम वाहन चालक महामाया फ्लाईओवर से चिल्ला बॉर्डर के बीच जाम में फंस रहे हैं। व्यस्त समय में करीब साढ़े पांच किलोमीटर इस हिस्से को पार करने में लोगों को एक घंटा तक लग जाता है। दिन में इसी रास्ते को पार करने में सात-आठ से लेकर दस मिनट तक का समय लगता है। यहां जाम लगने की मुख्य वजह वाहनों की संख्या के मुकाबले सड़क की चौड़ाई कम होना है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने एलिवेटेड रोड का काम शुरू होते समय दावा किया था कि पहले चरण में सितम्बर 2021 तक महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 और दूसरे चरण में पूरा एलिवेटेड रोड दिसम्बर 2021 तक बनकर तैयार होना था। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार अब नए साल में इस एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो जाएगा। सेतु निगम ने निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है।

## वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए ग्रेप 4 की गाइडलाइन का सख्ती से हो पालन : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खुले में निर्माण सामग्री पाए जाने पर तथा खुले में कूड़ा डालने/ जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कोयले की भट्ठियों को शत-प्रतिशत बंद करने की कार्रवाई को तेज करने के लिए भी कहा है। नगर आयुक्त ने ऐसे मार्ग जहां धूल का उत्सर्जन अधिक रहता है वहां पर निरंतर पानी के छिड़काव की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी कहा है। साथ ही मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उपकरणों के साथ लगातार मैदान में बने रहने के लिए भी कहा गया है। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग तथा जलकल विभाग की जिम्मेदारी तय की गई है। उन्होंने बताया कि ग्रेडड रिस्पांस एक्शन प्लान स्टेज-4 के संबंध में जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन अधिकारी करा रहे है, लापरवाही मिलने पर संबंधित विभाग की जवाबदेही रहेगी, मॉनिटरिंग खुद नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान की जा रही है।



## सार संक्षेप

### 11 साल के बच्चे के बंधक बनाकर पीटने का आरोप

**नोएडा।** सोरखा गांव में चोरी के शक में 11 साल के बच्चे को दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता ने एक स्कूल के मालिक और उसके साथियों पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-113 थाने में मामले की शिकायत की। घटना के बाद से बच्चा सहमा हुआ है। बुलंदशहर निवासी पवन कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सोरखा में रह रहा है। दीपावली के मौके पर वह बुलंदशहर गया था। घर पर पत्नी और उनका 11 साल का बेटा था। सोमवार को पवन की गाय कहीं चली गई। पवन का बेटा कृष्ण पैदल ही गांव में गाय की तलाश कर रहा था। आरोप है कि इस दौरान पास के लवली पब्लिक स्कूल के मालिक और उसके साथी ने कृष्ण को चोरी के शक में बंधक बना लिया और करीब दो घंटे तक उसके साथ मारपीट की।

### ऑनलाइन क्लास ले रही शिक्षिका पर की अश्लील टिप्पणी

**नोएडा।** गूगल मीट पर क्लास ले रही शिक्षिका पर कुछ लोगों ने ऑनलाइन आकर अश्लील और अमर्यादित टिप्पणी की। शिक्षिका ने मामले की शिकायत सेक्टर-24 थाने की पुलिस से की है। स्कूल की ऑनलाइन क्लास के दौरान महिला टीचर के साथ बदसलूकी और गाली गलौज भी की गई। सेक्टर-12 स्थित भाऊराव देवरस सरस्वती विद्यालय की शिक्षिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ने बताया कि प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी कर दी है। छात्रों की ऑनलाइन क्लास चलाने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षिका ने बताया कि बीते आठ व नौ नवंबर को जब दोपहर एक बजे वह नौंवी कक्षा के छात्रों के साथ गूगल मीट ऐप के जरिए ऑनलाइन क्लास ले रही थी, तभी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा ऑनलाइन आकर उनके ऊपर अश्लील फब्तियां कसी गई। उनके साथ गाली-गलौज भी की गई। घटना के बाद से महिला शिक्षक सदमे में है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिक्षिका की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आइटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सर्विलांस का सहारा ले रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा पुलिस की ओर से किया जा रहा है।

### सामान लेने गई किशोरी लापता

**नोएडा।** दुकान पर सामान लेने गई 12 साल की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पड़ोसियों और करीबियों के यहां तलाश करने के बाद भी जब किशोरी के बारे में सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने फेज दो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शिकायत में इलाहाबास गांव निवासी फूलवती ने बताया कि बीते दिनों उनकी बेटी प्रियांशी दुकान से सामान लेने की बात कहकर घर से निकली थी पर अभी तक वापस नहीं आई है। किशोरी अपने साथ मोबाइल भी लेकर नहीं गई है। किशोरी की तलाश में पुलिस की दो टीम गठित है। दुकान और घर के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## 15 दिन में 4346 ई चालान, लोगों को यातायात के प्रति किया गया जागरूक



**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं व इनमें होने वाली मौत के आंकड़ों को कम करने के लिए अभियान चलाकर आमजन व वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर 22 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को यातायात नियम बताए गए। इस मौके पर रोड सेफ्टी सेल द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों पर एलईडी के माध्यम से भी जागरूक किया गया। वहीं बीते 15 दिनों में कुल 4 हजार 346 चालान ई चालान किए गए। इसके अलावा मैन्यूवल चालान भी किए गए। प्रदूषण की रोकथाम और ग्रेप का नियमों का उल्लंघन करने पर बीएस-3 और बीएस-4 वाहनों के 122 चालान किए गए। वायु प्रदूषण के मामले में 42 ध्वनि प्रदूषण को लेकर 16 चालान किए गए। कुल 9 वाहनों को सीज किया गया ।

**15 दिन में किए गए चालान**

- बिना हेलमेट - 2851
- बिना सीट बेल्ट - 106
- विपरीत दिशा - 209
- तीन सवारी - 37
- मोबाइल फोन का प्रयोग - 27
- बिना डीएल - 42
- दोषपूर्ण नम्बर प्लेट - 56
- रेड लाइट का उल्लंघन - 63
- नो पार्किंग - 466
- अन्य - 309

## डायरी को आधार बनाकर एल्विश केस में तेज हुई जांच

### कोर्ट से आज मिल सकती है आरोपियों की रिमांड

**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। एल्विश केस राहुल के पास से मिली डायरी को आधार बनाकर जांच के आगे बढ़ रही है। डायरी में मिले फोन नंबर और मीडिएटर का इलेक्ट्रॉनिक डेटा बेस पुलिस तैयार कर रही है। इसमें सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट से भी डेटा लिया जा रहा है। इस डेटा में उन पार्टियों के डेटा कलेक्ट किए जा रहे है जिनके फुटेज वायरल किए गए। वहीं रिमांड को लेकर आज सूरजपुर फास्ट ट्रैक कोर्ट से फैसला आ सकता है। पुलिस ने इस केस से संबंधित मजबूत एविडेंस कोर्ट में रखे है। जिससे उम्मीद है इस बार पांच दिन की रिमांड मिल सकती है। हालांकि पुलिस ने फिर से 14 दिन की रिमांड की अर्जी कोर्ट में दी है।

दरअसल इस केस में डायरी को अहम सबूत माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो 54 घंटे की रिमांड पर पुलिस को साक्ष्य तो मिले लेकिन वह घटना क्रम का रिक्रिएशन नहीं कर सकी। इस बार रि क्रिएशन किया जाएगा। साथ ही एल्विश को नोएडा बुलाकर पूछताछ की जाएगी या नहीं आला अधिकारियों ही डिसाइड करेंगे। ये केस अब तक तीन लोग राहुल, एल्विश और फाजिलपुरिया के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। लेकिन डायरी में मिले फैक्ट के बाद एल्विश के कई और करीबी भी इसमे आ सकते है। वहीं पुलिस अब वन्य जीन क्रूरता अधिनियम की धारा भ्री बढ़ाने जा रही है।

### इलेक्ट्रनिक सर्विलांस सेल एक्टिव

इस केस में एक बार फिर से पुलिस ने अपना इलेक्ट्रनिक सर्विलांस सेल को एक्टिव कर दिया है। लगातार लोगों पर नजर रखी जा रही है। जयपुर गई टीम को भी कई वहां से एविडेंस मिले है। दरअसल कई सांप ऐसे भी पार्टी में लाए जाते थे जो राजस्थान से आते थे। ऐसे में उन स्थानों की जानकारी पुलिस को मिली है। इस तरह से केस में अब दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उप्र चारों प्रदेश में इसकी छानबीन की जा रही है।

### नोएडा के फार्म हाउसों में सर्विलांस तेज

नोएडा के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउसों में रेव पार्टी होती थी। इसका पहले भी कई बार खुलासा हो चुका है। यहां कसिनों तक पकड़ा जा चुका है। पुरानी पार्टियों का डेटा निकाला जा रहा है। वहां पकड़े लोगों का डेटा भी तैयार किया जा रहा है। कड़ी मिलाई जा रही है कि वहां से पकड़े गए लोगों का कनेक्शन भी इन लोगों से है या नहीं। क्योंकि राहुल ने अपने बयान में बताया था कि वो कई बार नोएडा के फार्म हाउसों में भी पार्टी कर चुका है।

### एल्विश और फाजिलपुरिया नहीं कई और भी शामिल

राहुल सिर्फ एल्विश और फाजिलपुरिया नहीं बल्कि कई और लोगों के लिए भी एनसीआर में पार्टी में सांप और वेनम लेकर जाता था। उनके नाम तो नहीं लेकिन उनके मीडिएटर के नाम इसमें शामिल है। ये प्रकार का इवेंट मैनेजमेंट है जो एक कंपनी की तरह का काम करता है। इसमें कंपनी को पूरा ठेका दिया जाता है और कंपनी का आदमी राहुल से संपर्क कर पूरी पार्टी का इंतजाम करता था। ताकि यदि पकड़े जाए तो सिर्फ मीडिएटर तक ही पुलिस पहुंच सके। इस केस में अब मीडिएटर के जरिए ही पुलिस उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जिनके लिए राहुल सांप और वेनम लेकर जाता था।

## कालिंदी कुंज घाट पर 3 किमी तक लगेगी लाइट

**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। कालिंदी कुंज स्थित नोएडा छठ घाट पर छठ पूजा की तैयारियों को लेकर छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों ने बैठक की और तैयारी शुरू कर दी है। समिति के अध्यक्ष सुजीत केसरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति के



द्वारा यमुना नदी पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पूजा के लिए हर संभव मदद मुहैया करवाई जाएगी। अविनाश सिंह ने बताया कि इस वर्ष छठ व्रती महिलाओं और पुरुषों के लिए चेंजिंग रूम बढ़ाए गए हैं। नदी किनारे घाट पर लगभग 3 किमी तक लाइट लगाई जाएंगी। घाट को सुंदर और स्वच्छ रखा जाएगा। ट्रैफिक और सुरक्षा के लिए पुलिस और एनडीआरएफ की टीम जगह जगह तैनात रहेगी। आपातकालीन स्थिति के लिए मेडिकल टीम और तैराक भी घाट पर मौजूद रहेंगे। सूर्य देव की मूर्ति भी स्थापित की जाएगी। सुपर नोवा के पास पार्किंग निर्धारित की गई है ताकि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। समिति की तरफ से दूर से आए श्रद्धालुओं के लिए रुकने की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर संतोष केसरी, राजेश केसरी, अनूप केसरी, कार्तिक, मोहित, आनंद, अरुण आदि मौजूद थे।

## पटाखों की आवाज से चिड़चिड़े हुए स्ट्रीट डॉग

### रोजाना काटने की जिला अस्पताल में 40 से 45 केस

**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में दीपावली पर 73 डेसीबल का ध्वनी प्रदूषण रहा। ये लोगों के खतरनाक है। इसका सीधा असर नोएडा की सड़कों पर घूम रहे स्ट्रीट डॉग पर दिखा। तेज आवाज के पटाखों से उनके व्यवहार में बदलाव आया। जिससे वह लोगों काट रहे है। उनको दौड़ा रहे है। हालांकि ये स्थित करीब सात दिन से है। लेकिन विगत दो से तीन दिनों में डॉग बाइट के मामलों में कुछ बढ़ोतरी जरुर हुई है। नोएडा में रोजाना करीब 40 से 45 केस डॉग बाइट के आ रहे है। ये मामले स्ट्रीट डॉग बाइट के ही है।

ये आंकड़ा अकेले नोएडा का है। नोएडा के सेक्टर-39 में रोजाना में करीब 100 एआरवी की डोज लगती है। जिसमें 60 प्रतिशत डोज पुराने केस यानी दूसरी और तीसरी डोज वाले होते है। बाकी नए डॉग बाइट केस है। इसी तरह दादरी, दनकौर और जेवर की सीएचसी और पीएचसी में भी डॉग बाइट के केस आ रहे है। डॉक्टरो ने बताया कि तेज आवाज होने से डॉग काफी चिड़चिड़े हो जाते है। साथ ही पटाखों से निकलने वाला धुआं उनकी हेल्थ के लिए भी नुकसानदायक है। इस स्थिति में कुत्ते जरूरत से ज्यादा भौंकते हैं और इरिटेट होने लगते हैं। उन्हें शांत करना बहुत मुश्किल है। हालांकि सभी पालतू जानवर ऐसे नहीं होते। इसलिए इस समय डॉग ज्यादा एग्रेसिव है और लोग डॉग बाइट का शिकार हो रहे है। बता दे नोएडा प्राधिकरण ने स्ट्रीट डॉग, पालतू डॉग के लिए एक पॉलिसी भी बनाई है। इसके अलावा डॉग को स्ट्रलाइज करने के लिए दो एजेंसियों का चयन भी किया गया है।

## लोन माफिया व उसके साथियों की दो करोड़ की सम्पत्ति कुर्क



**गाजियाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने बुधवार कोगैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैंग के सदस्यों की पुराना आर्य नगर स्थित करीब 2 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त की। यह संपत्ति भ्रष्टाचार से कमाए धन से एकत्र की गई थी। एसीपी निमेष पाटिल ने बताया कि लोन माफिया लक्ष्य तंवर का एक संगठित गिरोह है। जिसके द्वारा वर्ष 2012 से अब तक विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धकों से साठ-गांठ कर आम जनता के साथ धोखा-धड़ी करके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न बैंकों से लोन लिया गया है। गैंग लीडर लक्ष्य तंवर द्वारा आर्थिक अपराध कारित कर नामी व बेनामी सम्पत्ति अर्जित की गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम लक्ष्य तंवर आदि 12 नफर भी पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा द्वारा लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर द्वारा आर्थिक अपराध कारित कर अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क किया गया। यह सम्पत्ति आर्यनगर स्थित है।

## नोएडा स्टेडियम में मनाई जाएगी छठ

### घाट किया जा रहा तैयार, व्रतियों के बनेगा चेंजिंग रूम, तैनात रहेंगे वालंटियर्स

**नोएडा,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रवासी महासंघ द्वारा बिहार एवं पूर्वांचल का प्रचलित, पुरातन व धार्मिक महापर्व छठ पूजा का आयोजन 19 नवम्बर को नोएडा स्टेडियम किया गया है। इस बार 19 को पहला अर्घ्य और 20 की सुबह दूसरा अर्घ्य है। छठ पूजा के लिए स्टेडियम परिसर में ही एक विशाल घाट निर्माण किया जा रहा है। ये घाट नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से बनाया जा रहा है। जहां छठ पूजा का अर्घ्य दिया जाएगा। महासंघ द्वारा इस वर्ष छठ घाट पर ही छठ व्रतियों के लिए CHANGING ROOM व्यवस्था की गई है। ताकि छठव्रतियों को परेशानी न हो।



छठ पूजनोत्सव के इस शुभ अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन सायं 4 बजे से होगा। जिसमें प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अनु सिन्हा की टीम एवं भोजपुरी संगीत के कई लोकप्रिय और नामी कलाकार भाग ले रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश शर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह जी, विशिष्ट अतिथि विमला बाथम अध्यक्षा, उत्तर प्रदेश महिला आयोग, समेत कई नोएडा के गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे।

इसके अलावा पूरे घाट पर सीसीटीवी कैमरे और संस्था के लिए वालिंटियर तैनात किए जाएंगे। हर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी साथ ही पुलिस विभाग के साथ पूरा कार्डिनेशन किया जाएगा। इसके अलावा बनाए गए घाट के पास ही छठ पूजा का सामान भी मिलेगा इसके लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक वत्स, कार्यकारी अध्यक्ष टी एन चौरसिया तथा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुधीर राय, अवधेश राय, जितेंद्र सिंह, सोनू राय, छाया- राय, मिथलेश राय, मृत्युंजय सिंह, विजय कुमार सिंह, अनुज त्रिपाठी सनम यादव, विकास तिवारी, राजेश तिवारी, मीनाक्षी साही, मिथिलेश राय, अभिनव पाण्डेय एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## छठ पर्व के लिए यातायात पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान

### 19 से 20 नवम्बर तक रहेगा लागू

**गाजियाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन व पुलिस छठ पर्व की तैयारी में जुट गया है। इसी क्रम में यातायात पुलिस आज यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। 19 नवम्बर की दोपहर दो बजे से भारी वाहन और शाम चार बजे से हल्के वाहन हिंडन पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि रूट डायवर्जन 20 नवम्बर को कार्यक्रम की समाप्ति तक रहेगा। सहायक पुलिस उपायुक्त (यातायात) रामानंद कुशवाहा ने लोगों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### परेशानी होने पर इन नम्बरो पर कर सकेंगे सम्पर्क

इस सम्बंध में असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। जिसमें यातायात निरीक्षक मोहननगर क्षेत्र- योगेश चंद पंत (9412462769), यातायात निरीक्षक राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र- संतोषचौहान (7007847097)

यातायात निरीक्षक चतुर्थ वसुंधरा क्षेत्र - संतोष कुमार सिंह (7398000808) तथा यातायात हेल्पलाइन नंबर- 9643322904, 0120-2986100 सम्पर्क किया जा सकेगा।

### यह होगा डायवर्जन प्लान

- >> लिंक रोड से डीपीएस सिद्धार्थ विहार और नया बस अड्डा की ओर से हल्के और भारी वाहन हिंडन पुल की ओर नहीं जा सकेंगे।
- >> ऐसे ही मोहन नगर की ओर से हिंडन पुल की ओर हल्के और भारी वाहन नहीं जा सकेंगे।
- >> कनवानी की ओर से हिंडन पुल की ओर किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जा सकेंगे।
- >> नया बस अड्डा से हिंडन पुल की ओर जाने वाले निजी वाहन न्यू लिंक रोड से होकर एनएच 9 से होकर आगे जाएंगे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

सुबह करीब सवा नौ बजे साइट बी में कंपनी के बाहर आईजीएल के कर्मचारियों द्वारा आईजीएल गैस की पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही थी, तभी मरम्मत करते हुए उसमे आग लग गयी, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट की गाड़ियां मौके पर रवाना की गयी एवं 4 गाड़ियों की मदद से आग को बुझा दिया गया है, कोई जनहानि नहीं हुई है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा

## यीडा में पहली बार मिश्रित भूखंड योजना के तहत दो कंपनियों को होगा भूखंड आवंटित

- स्मार्ट वाच और एलईडी टीवी बनाने वाली दो कंपनियों ने किया है योजना में आवेदन
- दोनों कंपनियां करेगी चार हजार करोड़ रूपए का निवेश, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण औद्योगिक विकास प्राधिकरण पहली बार मिश्रित भूखंड योजना के तहत भूखंड आवंटित करने जा रहा है। मिक्स लैंड यूज के भूखंड की योजना में दो कंपनियों ने आवेदन किया है। प्राधिकरण शुक्रवार को साक्षात्कार का आयोजन करेगा। साक्षात्कार में शर्तों पर खरी उतरने वाली कंपनियों को जमीन आवंटित की जाएगी।

यमुना प्राधिकरण ने मिक्स लैंड यूज श्रेणी के भूखंड की योजना निकाली है। इस योजना में पांच भूखंड शामिल किए गए थे। सेक्टर-24 ए में ये भूखंड 10-10 एकड़ के हैं। इससे पहले भी यमुना प्राधिकरण ने मिस लैंड यूज की भूखंड योजना निकाली थी, लेकिन इसमें कोई कंपनी लेने के लिए आगे नहीं आई थी। यमुना प्राधिकरण की योजना में दो कंपनियां आगे आई हैं। इसमें बोल्ट गेम्स प्रालि. और इलेक्ट्रो डिवाइसेस प्रालि कंपनी शामिल है। दोनों कंपनियों ने 10-10 एकड़ का भूखंड लेने के लिए आवेदन किया है। बोल्ट कंपनी स्मार्ट कंपनी स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रिक डिवाइस बनाती है। जबकि दूसरी कंपनी इलेक्ट्रो डिवाइसेस प्रालि एलईडी टीवी और इलेक्ट्रिक डिवाइसेस बनाती है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दोनों कंपनियां करीब 4000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। इन कंपनियों के आने से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। आवंटन के बाद वह अपनी इकाई लगा सकेंगी। मिक्स लैंड यूज की योजना में 75 प्रतिशत में उद्योग, 12 प्रतिशत में आवास, 8 प्रतिशत में व्यवसायिक और पांच प्रतिशत में संस्थागत गतिविधियां की जा सकेंगी।

## जमीन के कारण फंसे सेक्टर 20 के 1700 भूखंड होंगे शिफ्ट

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण सेक्टर-20 में अटके करीब 1700 आवासीय भूखंडों को दूसरी जगह शिफ्ट करेगा। इसके लिए जल्द फैसला लेकर काम शुरू किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-18 और 20 में भूखंड आवंटित किए थे। लेकिन जमीन अधिग्रहण के मामले अदालतों में लंबित होने के चलते प्राधिकरण को जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया।

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-20 के करीब 1700 आवासीय प्लाट को दूसरी जगह शिफ्ट करेगा। ये भूखंड जहां पर नियोजित किए गए थे, वह क्षेत्र भट्टा गांव के आसपास पड़ता है। यहां पर जमीन का मसला फंसा हुआ है। प्राधिकरण ने इन भूखंड को दूसरी जगह शिफ्ट करने का फैसला लिया है। आगामी बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है। अगर बोर्ड ने प्रस्ताव मंजूर किया तो इन आवंटियों को जल्द भूखंड मिल सकेंगे।

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए नॉलेजपार्क में पानी का छिड़काव



**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के बाद फिर से बढ़ते प्रदूषण स्तर को देखते हुए शारदा विश्वविद्यालय ने रोकथाम के लिए विशेष प्रबंध किया है। पिछले सप्ताह बारिश के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर घटकर 150 के करीब आ गया था जो की दिवाली के बाद फिर से बढ़कर तीन सौ से ऊपर चला गया है। यह मानक तब है जब कि नॉलेज पार्क के अधिकांशत: शिक्षण संस्थान छुट्टिओं के कारण बंद है। गुरुवार से सभी संस्थान खुल जाएंगे इसको देखते हुए शारदा विश्वविद्यालय ने विशेष प्रबंध किया है। संस्थान के महाप्रबंधक (रखरखाव) ओ.पी. शुक्ला ने एक विशेष टीम का गठन किया है, जिसका नेतृत्व सहायक मैनेजर शीतला प्रशाद पाल करेंगे। उनके टीम में बारह सदस्य होंगे जो दिन रात प्रदूषण नियंत्रण के लिए काम करते रहेंगे। शारदा विश्वविद्यालय प्रबंधन से जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने आग्रह किया था कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाए। विश्वविद्यालय ने गेट नंबर से एक से तीन के बीच में एक एंटी स्मोक गन मशीन लगाया है जो दिन रात सड़क तथा पेड़ पौधों पर छिड़काव करते रहेंगे। शारदा विश्वविधालय के सर्विस लेन से प्रतिदिन हज़ारों वाहन गुजरते हैं जिसके कारण प्रदुषण का समस्या बना रहता है। सर्विस लेन पर इतने अधिक वाहनों के गुजरने के कारण हमेशा ट्रैफिक जाम जैसे स्थिति बनी रहता है जिसपर ध्यान देने की जरुरत है।

## चचेरे भाइयों पर पड़ोसियों ने किया जानलेवा हमला



**दनकौर,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के जुनेदपुर गांव के रहने वाले दो चचेरे भाइयों पर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दोनों घायलों का दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने 4 आरोपियों को नामजद करते हुए बुधवार को कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। पीड़ित सोनू और रिंकू ने बताया कि दोनों चचेरे भाई है। जो बुधवार की दोपहर बाद कार में सवार होकर अपने अन्य साथियों के साथ एक धार्मिक स्थल पर पूजा करने जा रहे थे। उसी दौरान दनकौर कस्बे के पास कार में सवार होकर आए उनके ही गांव के चार लोगों ने उनकी कार को ओवरटेक कर रुकवा लिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस दौरान आरोपियों ने लाठी डंडे लेकर दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया।

इस घटना में सोनू के कान में गंभीर चोट आई है। जबकि रिंकू को भी आरोपियों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बाद में आसपास के लोगों को आता देख आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफशिकायत दी है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### दीपावली की रात बदमाशों ने घर में घुसकर की चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** पाली गांव में दीपावली की रात चोरों ने संयुक्त किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष गजेंद्र भाटी के चचेरे भाई कपिल भाटी के घर का ताला तोड़कर लाखों की जूलरी और समान चोरी कर ले गए। चोर घर के अंदर घुसते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पीड़ित परिवार के लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित कपिल भाटी ने बताया कि दीपावली की रात परिवार के सभी लोग अंदर सोए हुए थे। इस दौरान चोर मकान के अंदर घुसे और कमरा को बंद कर दिया। उसके बाद अन्य कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया। चोरों ने लाखों की जूलरी और कीमती समान चोरी कर ले गए हैं। चोर मकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए हैं। घटना को अंजाम देने के दौरान उन्होंने चेहरे पर नकाब लगाया हुआ था। पीड़ित परिवार के लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुट गई है।

#### खड़ी गाड़ी में फुटबॉल लगने से दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों ने की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र में पार्श्वनाथ एस्टेट सोसाइटी में खेलते समय बच्चों की फुटबॉल घर के बाहर खड़ी किराएदार की गाड़ी में जा लगी। इसके बाद गाड़ी मालिक दो सगे भाई बाहर आए और बच्चों के साथ मारपीट कर दी। एक बच्चे के पिता बीचबचाव करने आए तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। सोसाइटी में रहने वाली पूनम तेवतिया ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम कुछ बच्चे गली में फुटबॉल खेल रहे थे। इस बीच उनकी फुटबॉल किराएदार विशाल की गाड़ी में जा लगी। इसके बाद गाड़ी का सायरन बजने लगा। विशाल और उसका भाई बाहर आया और दो बच्चों के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने बीचबचाव में आए एक बच्चे के पिता को भी पूरी तरह पीटा। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें कई लोगों को चोट आई। इस मामले में पूनम की तरफसे आरोपी विशाल और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। विशाल ने भी दूसरे पक्ष के दो लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया भाई दूज



- भाई को तिलक लगाकर की लम्बी उम्र की कामना

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर के सेक्टरों में भाईदूज का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की और भाइयों ने उन्हें उपहार दिए। शहर के सेक्टर अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, जीटा, ओमीक्रॉन, ज्यू थ्री, पाई, फाई सहित ग्रामीण अंचल में त्योहार मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाएं, युवतियां और छोटे बच्चे भी खासे उत्साहित थे। बहनों ने थाली में पकवान, तिलक की सामग्री सजा ली। उसके बाद भाई को टीका किया। दूरदराज से बहनें सुबह या दोपहर तक मायके पहुंची और तिलक किया। कुछ भाई अपनी बहनों के यहां पहुंचे। पर्व के कारण चौराहों पर वाहनों की अधिकता से जाम की स्थिति रही। इससे थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। पंडित रविकांत दीक्षित ने बताया कि गंगा पूजे यमुना को, यमी पूजे यमराज को। सुभद्रा पूजे कृष्ण को, गंगा-यमुना नीर बहे, मेरे भाई तू फले-फूले, तेरी उम्र बढ़े, ऐसी भावना के साथ बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर भैयादूज का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। बहनें अपने भाइयों के माथे पर रोली का तिलक लगाती हैं और उनकी सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। बहनों ने यमराज से अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की, भाइयों ने बहनों को उपहार दिए।

## शोक सभा में राकेश टिकैत ने महेन्द्र सिंह चौरोली को दी श्रद्धांजलि



**जेवर,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व0 महेन्द्र सिंह चौरोली के निधन के बाद बुधवार को स्वजनों द्वारा चौरोली गांव में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उनके चित्र पर पुष्प भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के स्थानीय नेताओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर स्व0 महेन्द्र सिंह चौरोली के मझले पुत्र को संगठन में शामिल किया गया। ज्ञात हो कि जेवर क्षेत्र में किसानों के नेता महेन्द्र सिंह चौरोली का 4 नवम्बर को बीमारी के चलते निधन हो गया था। स्वजनों द्वारा बुधवार को चौरोली में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, पवन खटाना, प्रवीन मलिक, बब्बन प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, रविन्द्र भाटी, नरेन्द्र नागर, इन्द्रवीर भाटी, अजीत दौला व जर्नादन भाटी आदि लोगों ने भाग लिया। भाकियू के पश्चिमी उप्र युवा के अध्यक्ष बब्बन प्रधान ने स्व0 महेन्द्र सिंह चौरोली के मझले पुत्र पवन चौधरी को भाकियू का पश्चिमी उप्र युवा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। शोकसभा में किसान संगठनों के नेताओं व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सनातन धर्म पर टिप्पणी करने वालों को देश में रहने अधिकार नहीं : वेद नागर



**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा नेता व संस्थापक अध्यक्ष गौ रक्षा हिन्दू दल वेद नागर के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष बादलपुर को ज्ञापन देकर स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ़्तारी की मांग की। वेद नागर के बताया सनातन धर्म की भावनाओं को एक बार फिर स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपमानजनक बयान देकर ठेस पहुंचाने का कार्य किया है, जिसे किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सनातन धर्म के देवी देवताओं व ग्रन्थों पर पहले भी आपत्तिजनक बयान स्वामी प्रसाद मौर्य ने देकर भावनाओं को भड़काकर अशान्ति का माहौल बनाने की कोशिश की है। वेद नागर ने कहा एक बार फिर मां लक्ष्मी जी को लेकर उनके हाथों समेत पूजा का विरोध किया है, जिसे सनातन धर्म बर्दाश्त नहीं करेगा। स्वामी प्रसाद मौर्य हिन्दू धर्म से अलग किसी और समुदाय के ऊपर टिप्पणी क्यों नहीं करता, उनको पता है उनको उनकी भाषा में समझा दिया जाएगा। ऐसे राजनीति के दलालों को धर्म के ऊपर टिप्पणी करने का अधिकार किसने दिया है।

वेद नागर ने मांग करते हुए कहा सनातन धर्म के ऊपर टिप्पणी करने वाले ऐसे लोगों को देश में रहने का अधिकार नहीं है, ऐसे लोग देश ओर धर्म दोनों के लिए ख़तरा है, इस लिए स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान की गम्भीरता को देखते हुये तत्काल देशद्रोही गतिविधियों जेसी धाराओं में मुक़दमा दर्ज कर गिरफ़्तार किया जाए। अगर स्वामी प्रसाद मौर्य को गिरफ़्तार नहीं किया गया तो सनातन धर्म के लोग व सभी संगठन सड़कत पर विरोध प्रदर्शन कर गिरफ़्तारी की मांग करेंगे। साथ में जिला अध्यक्ष योगी पंडित, सतीश बीडीसी, दीपक नागर, आनन्द भगत, जी टोनी, गूर्जर लखन नागर, भुरा त्यागी, अशोक भाटी, बंटी गूर्जर, विजय कुमार, आदि मौजूद रहे।

## आईजीएल गैस पाइप लाइन की मरम्मत के दौरान लगी आग, कंपनी के परिसर का नुकसान

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। सुबह करीब सवा नौ बजे एक कंपनी परिसर के बाहर आईजीएल पाइपलाइन लीकेज हो गई। जिसकी वजह से ब्लास्ट हुआ। इस दौरान कंपनी की दीवार गिर गई और मजदूर में भागदड़ मच गई।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि यह घटना बुधवार की सुबह सवा नौ बजे सूरजपुर एरिया के प्लॉट संख्या बी-12/38 के सामने हुई है।

उन्होंने बताया कि आईजीएल पाइपलाइन में मरम्मत का काम चल रहा था। कर्मचारी पाइपलाइन को ठीक करने का काम कर रहे थे और इसी दौरान अचानक पाइप फट गया। यह हादसा लीकेज होने की वजह से हुआ है। उन्होंने बताया कि तेजी के साथ आग लगी और बड़ा ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में कंपनी का बाहरी परिसर टूट गया है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा का कहना है कि सुबह करीब सवा नौ बजे साइट बी में कंपनी के बाहर आईजीएल के कर्मचारियों द्वारा आईजीएल गैस की पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही थी, तभी मरम्मत करते हुए उसमे आग लग गयी, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट की गाड़ियां मौके पर रवाना की गयी एवं 4 गाड़ियों की मदद से आग को बुझा दिया गया है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

## ग्रेनो वेस्ट में छठ पूजा की चल रही है तैयारी

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। नेफोवा फाउंडेशन एवं पूर्वांचल एकता मंच के सम्मलित प्रयास से सैंकड़ों छट व्रतियों के पूजन हेतु ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक मूर्ति स्थित तालाब पर महापर्व छठ हेतु तैयारी



की जा रही है। इस साल छठ पूजा की शुरुआत 17 नवम्बर को नहाय खाए से होगी, जिसके बाद 18 नवम्बर को व्रतियों के द्वारा पूरा दिन का उपवास रखकर संध्या के समय खरना पूजा की जाएगी। अगले दिन यानी 19 नवम्बर को पुन: व्रत रखते हुए अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य दी जाएगी। 20 नवम्बर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए इस महापर्व की समाप्ति होगी।

इस पूरे महापर्व को मनाने के दौरान व्रतियों को एक मूर्ति स्थित छठ घाट पर किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े उसके लिए तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। नेफोवा फाउंडेशन एवं पूर्वांचल एकता मंच के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि हमारे सैकड़ो वॉलिंटियर्स लगातार कार्यक्रम की रूपरेखा को पूरा करवाने हेतु दिन रात लगे हुए हैं। इसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की तरफ से भी काफी सहयोग मिल रहा है, जिससे घाट पर समुचित व्यवस्था बन सके। छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए भी पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर से भी निवेदन किया हुआ है।

## मोहबलीपुर में दो पक्षों में पथराव व फायरिंग में एक की मौत, तीन घायल





- पुलिस ने पांच आरोपितों को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त तमंचा किया बरामद

**जेवर,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहबलीपुर में मंगलवार शाम को बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते देखते दोनों पक्षों के लोग आमने सामने हो गए तथा पथराव व फायरिंग में एक किशोर की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने सात नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पांच आरोपितों को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपित सोनू से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है।

मोहबलीपुर के रहने वाले राकेश ने कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार शाम को वह अपने पुत्र मोहित व हरेन्द्र उर्फ कपिल के साथ ललित के घर पर अन्य लोगों के साथ गोवर्धन पूजा कर रहे थे। उसी दौरान गांव के ही रहने वाले सोनू अपने हाथ में रायफल, गौरव दो नाली पौना लेकर शिव, धर्मेन्द्र, रंजीत, अभराज, निशांत व अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपितों ने घर में घुसकर गोलियां चलानी शुरू कर दी। मोहित के सिर में, नरेन्द्र के बाये पैर व हरेन्द्र उर्फकपिल के बाये हाथ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपितों ने लाठी डंडो व धारदार हथियारों से वार कर अन्य लोगों को भी घायल कर दिया। शोर सुनकर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए जिन्हें देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, बलवा करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी।

**बाइक टकराने को लिए हुआ झगड़ा-** ग्रामीणों की माने तो दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। मंगलवार शाम को गांव के चौराहे पर बाइक टकराने को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए तथा दोनों तरफ से पथराव फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें गोली लगने से मोहित, नरेन्द्र, हरेन्द्र उर्फकपिल व होरीलाल घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**उपचार के दौरान मोहित की मौत-** पथराव व फायरिंग में घायल मोहित, नरेन्द्र व हरेन्द्र उर्फ कपिल को उपचार के लिए जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान एक अन्य ग्रामीण होरीलाल भी गोली लगने से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए स्वजनों ने मेरठ में भर्ती कराया। मोहित 15 को गंभीर अवस्था में कैलाश अस्पताल से जेपी अस्पताल नोएडा रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**पांच आरोपति गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त असलाह बरामद-** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपित सोनू को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया है तथा उसके अलावा गौरव, रंजीत, निशांत व शिवनीत को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## कायस्थ समाज ने की भगवान श्री चित्रगुप्त व कलम दवात की पूजा



- कायस्थ समाज के बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। यमद्वितीया के दिन कायस्थ समाज के लोगों ने अपने कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त व कलम दवात की पूजा अर्चना माता वैष्णों देवी मंदिर नवादा निकट मिहिर भोज सिटी पार्क में की। मंदिर के पुजारी पंडित रामदेव शास्त्री, पंडित रवि मिश्रा, पंडित सुभाष ने विधि विधान से पूजा व हवन कराया। महिला मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन कार्यक्रम में महिलाओं ने ‘जय चित्रगुप्त यमेश तव शरणागतम शरणागतम’ व भगवान श्री चित्रगुप्त की स्तुति की। विनय एवं टीम ने भजन संध्या की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्री चित्रगुप्त की भव्य आरती व विशाल भंडारे का आयेजन किया गया। सभी समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

गौरतलब है कि भगवान श्री चित्रगुप्त यमराज के दरबार में सभी प्राणियों के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखते हैं। यमद्वितीया के दिन कायस्थ समाज के लोग कलम दवात की पूजा के साथ अपने कुल देवता भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना करते हैं। इस मौके पर संजय श्रीवास्त, राजेश माथुर, अनिल श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, विश्वबन्धु निगम, धर्मेन्द्र बच्चन, अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, रोहित प्रियदर्शन, राघवेंद्र श्रीवास्तव, सुधीर सक्सेना, सुजाता सिन्हा, प्रीति बच्चन, रेखा श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव समस्त चित्रांश परिवार मौजूद रहे।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस धूधूकर जली



**ग्रेटर नोएडा,**15 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस में अचानक से आग लग गई। यह बस दिल्ली से बिहार के दरभंगा जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस में काफी सवारियां थी। जैसे ही यह बस यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट से 100 मीटर आगे पहुंची तभी अचानक से बस के ऊपर के हिस्से में आग लग गई। इसके कुछ ही देर में इस आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान बस जलकर राख हो गई। लेकिन समय रहते इस आग के बारे में पता चल गया और बस में सवार लोगों को बाहर निकाल दिया गया। सूचना के बाद पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। बस में लगे अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मौके पर पहुंचे दमकल अधिकारी की तरफ से बताया गया कि इस हादसे में कोई भी अभी तक जन हानि नहीं हुई है। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग किस वजह से लगे लगी यह भी पता नहीं चल पाया है। वहीं यात्रियों ने बताया कि वह छठ पर्व के लिए दिल्ली से बिहार के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# देश विदेश

## चीन और नेपाल के बीच रिजी नाइकिओंग पोर्ट खुला

**बीजिंग।** चीन और नेपाल के बीच रिजी-नाइकिओंग पोर्ट 13 नवंबर को औपचारिक तौर पर खुल गया। यह चागंमू-कोडारी, चीलोंग-रेसोवा और फूलान-याली पोर्टों के बाद चीन और नेपाल के बीच खुलने वाल एक और भूमि पोर्ट है। रिजी-नाइकिओंग पोर्ट के खुलने से चीन और नेपाल के बीच व्यापक आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाया जाएगा, आर्थिक व व्यापारिक आवाजाही और लोगों के आदान-प्रदान में जीवन शक्ति का संचार होगा और विभिन्न क्षेत्रों में व्यवहारिक सहयोग की व्यापक संभावना पैदा होगी।

# इजरायली बलों ने अल-शिफा अस्पताल पर छापा मारा

## हमास आतंकवादियों की तलाश कर रही इजरायली सेना




**गजा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। दर्जनों इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार को भारी गोलीबारी के बीच गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल पर छापेमारी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ को भेजे गए एक प्रेस बयान में, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय में फार्मास्युटिकल विभाग के महानिदेशक मोनिर अल-बुर्श ने कहा, इजरायली सेना ने आधिकारिक तौर पर एक फोन कॉल कर अस्पताल को सूचित किया कि छापेमारी की जा रही है, लोगों से खिड़कियों, बालकनियों या दरवाजों के पास न जाने की मांग की गई।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी ओर से, इजरायली सेना ने कहा कि वह खुफिया सूचना और परिचालन आवश्यकता के आधार पर अल-शिफा अस्पताल के अंदर एक विशिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ एक सटीक ऑपरेशन कर रही थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके लिए अस्पताल के अंदर गोली चलाने की जरूत हो क्योंकि वहां किसी भी प्रकार का प्रतिरोध नहीं है, और कब्जा करने वाले जो कर रहे हैं वह परिसर में मौजूद लोगों के लिए आतंकवाद है। अल-केदरा के अनुसार, क्षमता के आधार पर लगभग 1,500 स्टाफ सदस्य और 7,000 विस्थापित लोग वर्तमान में अस्पताल में फंसे हुए हैं। इजरायली टैंकों ने पिछले कुछ दिनों में गाजा शहर में कई अस्पतालों को घेर लिया है। उनका दावा है कि उनमें सुरंगें हैं जो हमास द्वारा इजरायली सेना के खिलाफ सैन्य अभियानों का नेतृत्व करने के अलावा अपने नेतृत्व को आश्रय देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला आधार है। हमास और गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय दोनों ने इज़राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इसे अस्पतालों के विनाश और मरीजों की हत्या की तैयारी में गुमराह करने तथा उकसाने का प्रयास माना है।

## इजरायल ने सीजफायर की पेशकश को खारिज किया



**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने पांच दिनों के युद्धविराम (सीजफायर) और बंधकों की रिहाई के हमास के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। बंधकों की रिहाई के लिए विभिन्न अरब देशों और हमास के बीच बैकचैनल बातचीत चल रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि कतर 7 अक्टूबर को हमास द्वारा अगवा किए गए बंधकों की रिहाई के लिए प्रमुख भूमिका निभा रहा है। हमास महिलाओं और बच्चों समेत 70 बंधकों की रिहाई के लिए सहमत हुआ था और बदले में पांच दिनों का युद्धविराम चाहता है। हमास इज़रायली जेलों में बंद फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करके कैदियों की अदला-बदली भी चाहता है। हालांकि, इजरायल पक्ष ने हमास के सभी प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है। इजराइल चाहता है कि सभी बंधकों को समूहों में रिहा करने के बजाय तुरंत रिहा किया जाए।

## एर्दोगन ने इजराइल को बताया 'आतंकवादी देश'



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजरायल की आलोचना तेज करते हुए इसे आतंकवादी राज्य कहा और दावा किया कि वह गाजा को उसके सभी निवासियों सहित नष्ट करने का इरादा रखता है। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी पार्टी के सदस्यों को दिए एक उग्र भाषण में एर्दोगन ने यह भी कहा कि उनका देश यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि इजरायल के राजनीतिक और सैन्य नेताओं पर अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में मुकदमा चलाया जाए। एर्दोगन कहते हैं, इजरायल एक शहर और उसके लोगों को पूरी तरह से नष्ट करने की रणनीति लागू कर रहा है। मैं खुले तौर पर कहता हूं कि इजरायल एक आतंकवादी राज्य है। तुर्की नेता हमास के आतंकवादियों को प्रतिरोध सेनानी के रूप में भी वर्णित करते हैं जो अपनी भूमि और लोगों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### बर्खास्त गृह सचिव सुएला ने सुनक को लिखा

## बढ़े उग्रवाद पर उचित जवाब देने में विफल रहने का आरोप लगाया



**लंदन,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की गृह सचिव पद से बर्खास्त किए जाने के एक दिन बाद सुएला ब्रेवरमैन ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर जमकर हमला बोला। उन्होंने उन पर विश्वासघात का आरोप लगाया और कहा कि वह अवैध आव्रजन को नियंत्रित करने के अपने वादों को पूरा करने या सड़कों पर बढ़े उग्रवाद पर उचित जवाब देने में विफल रहे।

उन्होंने अपने साथी भारतीय मूल के नेता को लिखे एक तीखे पत्र में कहा, आपकी योजना काम नहीं कर रही है। या तो आपकी सरकार की विशिष्ट शैली का मतलब है कि आप काम करने में असमर्थ हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विवादास्पद दक्षिणपंथी नेता ने पत्र में कहा, या, जैसा कि मुझे अब निश्चित रूप से निष्कर्ष निकालना चाहिए, आपका अपने वादे निभाने का कभी कोई इरादा नहीं था। किसी को ईमानदार होने की ज़रूरत है। आपकी योजना काम नहीं कर रही है, हमने रिकॉर्ड चुनाव हार का सामना किया है, आपका रीसेट विफल हो गया है और हमारे पास समय समाप्त हो रहा है। आपको तत्काल पाठ्यक्रम बदलने की ज़रूरत है। सोमवार को उनकी बर्खास्तगी के बाद विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली को गृह कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने राजनीतिक वापसी करते हुए अपनी भूमिका में कदम रखा।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 16 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

वृषभ - शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। खान-पान में उचित अनुचित का ध्यान रखें।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।

कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। व्यवसाय में उधार दिए पैसे फिर मिल सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1821-मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1908-जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
1915-प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा का निधन।
1931-भारतीय क्रिकेट अंपायर आर रामचंद्र राव का जन्म।
1947-टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
1973-भारत के प्रसिद्ध शटलर खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद का जन्म।
1975-पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
1995-भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
1997-चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।
1998-कनाडा ने अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया।
2000-रूस द्वारा अंतरिक्ष केन्द्र मीर को डुबाने का फैसला।
2001-अफ़ग़ानिस्तान हेतु संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल।
2002-मुशर्रफ़ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
2006-पाकिस्तान ने मध्यम दूरी के गौरी-पांच मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
2007-बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ़ान %सीडर% ने बंगलादेश में भीषण तबाही मचाई।
2008-स्टेट बैंक की हेवरा के 58 लाख रुपये की कर्ज़ माफ़ की।
2013-मुंबई में सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के संकल्प के बाद ही भारत सरकार ने भी देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की आधिकारिक घोषणा कर दी। 40 वर्ष की आयु में इस सम्मान को प्राप्त करने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति और सर्वप्रथम खिलाड़ी हैं।

## मिस्त्र से पहला ईंधन ट्रक गाजा भेजा गया

**काहिरा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। मिस्त्र से लगभग 25,000 लीटर ईंधन से लदा पहला ट्रक बुधवार को गाजा पट्टी के रास्ते में रफाह क्रॉसिंग को पार कर गया। मिस्त्र के एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि सहायता वितरण की सुविधा के लिए ईंधन को संयुक्त राष्ट्र में पहुंचाया जाएगा और इजरायली पक्ष द्वारा निरीक्षण किए बिना सीधे गाजा में प्रवेश किया जाएगा। इजिप्शियन रेड क्रिसेंट के अनुसार सात अक्टूबर को हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से 10 नवंबर तक मिस्त्र ने गाजा को 6,944 टन भोजन, चिकित्सा और मानवीय सहायता पहुंचायी है। इज़रायली आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में अचानक किए गए हमले के जवाब में इज़रायल ने गाजा पर एक बड़ा हमला किया, जिसमें इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि दूसरे महीने से चल रहे संघर्ष ने तटीय इलाके में 11,500 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है और लगभग 29,000 अन्य को घायल कर दिया है।

## मूसलाधार बारिश ने मध्य वियतनाम में तबाही मचाई

**हनोई,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। वियतनाम के मध्य क्षेत्र में इस सप्ताह की शुरुआत से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोग लापता हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा निवारण और नियंत्रण पर देश की राष्ट्रीय संचालन समिति की बुधवार को नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। वियतनाम समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य बलों, पुलिस और स्थानीय बाढ़ और तूफान रोकथाम टीमों सहित लगभग 40 लोगों को एक लापता जोड़े की तलाश के लिए लगाया गया है। इनके बारे अनुमान है कि वे क्वांग त्रि प्रांत के हुआंग होआ जिले में बाढ़ के पानी में बह गए हैं। वे बकरियों की तलाश में गए थे लेकिन न्गुओन राव तेज बारिश के कारण घर नहीं लौट पाये। विन्ह लिन्ह जिले का एक अन्य व्यक्ति ला नगा सिंचाई झील में मछली पकड़ने के दौरान लापता हो गया। क्षेत्र में उनके निजी सामान की खोज की गई। क्वांग ट्राई प्रांत और दा नांग शहर में 1,300 से अधिक घरों में बाढ़ आ गई। बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और कई सड़कों के अलग-थलग होने का खतरा भी पैदा हो गया है। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के पहले 10 महीनों में वियतनाम में प्राकृतिक आपदाओं में 136 लोग मारे गए या लापता हो गए, और 130 अन्य घायल हो गए।

## घाना के राष्ट्रपति ने दास व्यापार पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया

**अकरा,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। घाना के राष्ट्रपति नाना एडो डंकवा अकुफो-एडो ने मंगलवार को महाद्वीप पर ट्रांस-अटलांटिक दास व्यापार के प्रभावों पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया। श्री एडो ने राजधानी अकरा में अकरा क्षतिपूर्ति सम्मेलन के उद्घाटन पर यह अपील की और इन क्षतिपूर्तियों को लंबे समय से लंबित बताया। उन्होंने कहा, 'दास व्यापार के प्रभाव महाद्वीप और अफ्रीकी प्रवासियों के लिए विनाशकारी रहे हैं। गुलामी की पूरी अवधि का मतलब था कि आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से हमारी प्रगति अवरुद्ध हो गई थी।' श्री एडो ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन में क्षतिपूर्ति का मुद्दा उठाया था।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 16.11.2023 से 19.11.2023 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| विशेष रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 16.11.2023 (गुरूवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04066 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और दानापुर स्टेशन |
| 01676 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 21:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर |
| 04002 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:05 | पटना जं. | 15:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | वाता. कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05116 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:45 | छपरा | 09:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति भाक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 04:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 02254 | नई दिल्ली | 19:00 | दरभंगा जं. | 14:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| **दिनांक 17.11.2023 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04060 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति भाक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल) | 00:10 | सीतामढ़ी जं. | 23:30 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा | 04:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन |
| 04048 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 15:30 | पूर्णिया जं. | 16:05 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन |
| 04052 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | सामान्य | हापुड, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | पूर्णियाँ जं. | 02:40 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी क्लास | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., न्यू बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, बनमनखी जं. एवं पूर्णियाँ कोर्ट स्टेशन |
| **दिनांक 18.11.2023 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04488 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती स्टेशन |
| 03576 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:55 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं.दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशन |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा जं. | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04146 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | शयनयान, सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 02246 | नई दिल्ली (गति भाक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा | 13:20 | 3 टियर वाता, शयनयान, सामान्य | दिल्ली शाहदरा, गाज़ियाबाद, हापुर, अमरोहा, मुरादाबाद, चन्दौसी, आँवला, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, केराकत, डोभी, औंड़िहार, गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर और बलिया स्टेशन |
| **दिनांक 19.11.2023 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति भाक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## सेना के जवान को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**हल्द्वानी।** सेना में तैनात जवान का इलाज के दौरान निधन को गया। जिसके बाद जवान को आज सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। हिम्मतपुर तल्ला हरिपुर नायक निवासी 13 महर रेजीमेंट में तैनात जवान दीप चंद्र मेलकानी सिक्किम में तैनात थे। दीप चंद्र काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। जिसके चलते जवान छुट्टी पर अपने घर हल्द्वानी आया था, जहां इलाज के दौरान जवान का निधन हो गया। जवान का अंतिम संस्कार सेना के अधिकारियों के मौजूदगी में किया गया। जवान का मंगलवार शाम निधन हुआ था। जिसके बाद बुधवार को सेना के जवान का सैन्य सम्मान के साथ रानीबाग के चित्रशिला शीला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जवान के निधन के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जवान को सेना के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी।

## विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हुए बाबा केदार के कपाट

**रुद्रप्रयाग,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। भैयादूज के पावन अवसर पर केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हुए। विधि-विधान के साथ कपाट बंद होने के बाद सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ बाबा की पंचमुखी विग्रह मूर्ति शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना हुई। भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के जयकारों के साथ डोली के साथ धाम से रवाना हुए। अब अगले छह माह बाबा के दर्शन ओंकारेश्वर मंदिर में होंगे।

बुधवार सुबह प्रातः चार बजे बाबा केदारनाथ मंदिर खुलने के बाद कपाट बंद करने की समाधि पूजन प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्य पुजारी शिव लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्यवंभू ज्योर्तिलिंग को श्रृंगार रूप से समाधि रूप दिया। ज्योर्तिलिंग को बाघांबर, भृंगराज फूल, भस्म, स्थानीय शुष्क फूलों-पत्तों आदि से ढक दिया गया। इसके साथ भकुंट भैरव नाथ के आहवान के साथ ही गर्भगृह तथा मुख्य द्वार को जिला प्रशासन की मौजूदगी में बंद किया गया। इसके साथ ही पूरब द्वार को भी सीलबंद किया गया। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया था। सैकड़ों तीर्थयात्री कपाट बंद होने के गवाह बने। इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ जय श्री केदार तथा ऊं नम शिवाय: के उदघोष से केदारनाथ गूंज उठा। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली



तीर्थयात्रियों और सेना के बैंड बाजों के साथ पैदल प्रथम पड़ाव रामपुर पहुंची। गुरुवार को डोली फाटा से होते हुए रात्री विश्राम के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। वहीं शुक्रवार 17 नवंबर को गुप्तकाशी से प्रस्थान कर सुबह करीब 11 बजे ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। कपाट बंद होने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हुआ है। उन्होंने यात्रा से जुड़े सभी संस्थानों को भी बधाई दी। कहा कि सामूहिक सहयोग समन्वय से यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हुआ है। फलस्वरूप रिकार्ड 19 लाख 60 हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किये हैं। इस अवसर पर बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, थाना प्रभारी मंजुल रावत, मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला, देवानंद गैरोला, उम्मेद नेगी, कुलदीप धर्मवाण, ललित त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधि, तीर्थपुरोहित एवं तीर्थयात्री मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने सफल व सुगम यात्रा के लिए जताया आभार

जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने केदारनाथ धाम यात्रा को सफल एवं सुगम बनाने के लिए तीर्थ पुरोहित समाज, मंदिर समिति, व्यापार मंडलों, जनप्रतिनिधियों, घोड़ा-खच्चर संचालकों, टैक्सी यूनियन समेत यात्रा से जुड़े सभी लोगों एवं संस्थानों का धन्यवाद दिया। साथ ही जिले के सभी अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, आपदा प्रबंधन, जल एवं विद्युत निगम, सफाई कर्मचारियों और मीडिया व प्रेस का धन्यवाद देते हुए यात्रा के सफल संचालन की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले साल और बेहतर तरीके से यात्रा संचालन के लिए प्रयास किए जाएंगे। अगले वर्ष तक रेन शेल्टर, म्यूजियम समेत कई निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरे हो जाएंगे जिससे यात्रा और सुखद एवं सुगम हो जाएगी, इसके लिए जिला प्रशासन केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशन में लगातार कार्य कर रहा है।

■ जय दारेश्वर महादेव के उदघोष के साथ बंद हुए कपाट
■ रामपुर में किया बाबा की डोली ने रात्रि प्रवास, 17 नवंबर को ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी डोली
■ छह माह ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में होगी बाबा केदार की पूजा-अर्चना

## कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन सैलानियों के लिए खुला

रामनगर, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। बुधवार सुबह विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क का सबसे चर्चित ढिकाला जोन खोल दिया गया है। आज से अब पर्यटक इस जोन में डे विजिट के अलावा रात्रि विश्राम भी कर सकेंगे। क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट व कॉर्बेट के डायरेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों के वाहनों को जोन में रवाना किया। वहीं 27 दिसंबर तक ढिकाला के सभी कक्ष पैक हैं। पार्क प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

बता दें कि आज कॉर्बेट नेशनल पार्क के पर्यटकों का सबसे चर्चित ढिकाला जोन पर्यटकों के लिए मॉनसून सत्र के बाद खोल दिया गया है। आज से ही अब पर्यटक इस जोन में डे विजिट के अलावा रात्रि विश्राम भी कर सकेंगे। इसके साथ ही ढिकाला जोन के अलावा बिजरानी जोन,ढेला,झिरना जोन में भी रात्रि विश्राम की सुविधा शुरू हो गई है। स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट व पार्क डायरेक्टर डॉ। धीरज पांडे ने रिबन काटकर व हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों के वाहनों को ढिकाला जोन को रवाना किया। पहले दिन कैंटर एवं जिप्सी वाहनों से पर्यटक इस जोन के भ्रमण के लिए रवाना हुए। बता दें कि ढिकाला जोन में 4 वाहन 16 पर्यटकों को लेकर सुबह की पाली में और 4 वाहन 16 पर्यटकों को शाम की पाली में सफारी में लेकर जाते हैं।

ढिकाला के अंदर अलग अलग रेंजों में रात्रि विश्राम पर जाने वाले पर्यटक जिप्सियों के जरिये ढिकाला जोन में सफारी पर जाते हैं। वहीं मानसून के बाद पहली बार ढिकाला जोन में जा रहे पर्यटक काफी उत्साहित दिखे। वहीं लंदन से आये पर्यटक स्टीफन ने कहा कि वह बहुत उत्साहित हैं। वो यहां के वनों और वन्यजीवों के दीदार के लिए एक्साइटेड हैं। वहीं वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर अर्चना सिंह ने कहा कि वह पार्क की जैव विविधता देखने के लिए उत्साहित हैं। कहा कि वह हर वर्ष कॉर्बेट पार्क में वनों और वन्यजीवों के दीदार के लिए पहुंचती हैं।वहीं अन्य पर्यटक भी ढिकाला जोन में घूमने के लिए काफी उत्साहित दिखाई दिए।

गौर हो कि कॉर्बेट नेशनल पार्क में हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। बरसात के दौरान हर साल 15 जून को पर्यटकों की सुरक्षा के चलते ढिकाला जोन बंद कर दिया जाता है, जिसके बाद 15 नवंबर को इसे खोला जाता है।ढिकाला जोन दुनिया भर में अपनी वाइल्ड लाइफ के लिए मशहूर है। वैसे तो कॉर्बेट के और भी जोन हैं। लेकिन ढिकाला बहुत ही घना जंगल है और यहां पर सफारी करते वक्त कब आपका सामना टाइगर से हो जाए, कोई नहीं बता सकता। सफारी के दौरान ढिकाला जोन में सबसे ज्यादा जानवरों का साइट सीन होता है। घना जंगल होने के कारण जानवरों की संख्या ज्यादा है। वहीं पार्क निदेशक ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखने के साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर भी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं।



■ जंगल सफारी को विधायक और डायरेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

## सार संक्षेप

### हल्द्वानी में ट्रेन की टक्कर से हाथी गंभीर रूप से घायल, वन विभाग इलाज में जुटा

**हल्द्वानी।** तराई केंद्रीय वन विभाग लालकुआं के टांडा रेंज में ट्रेन की चपेट में आने से एक मादा हाथी गंभीर रूप से घायल हो गयी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथी को ट्रेंकुलाइज किया। इसके बाद रेस्क्यू कर इलाज शुरू कर दिया है। हाथी को पैर के साथ ही कई जगह पर चोट लगी है। डीएफओ तराई केंद्रीय वन प्रभाग हिमांशु बागड़ी ने बताया कि मंगलवार की रात को काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस लालकुआं रेलवे स्टेशन से करीब 2 किलोमीटर आगे पहुंची थी कि टांडा रेंज में ट्रेन की चपेट में एक मादा वयस्क हाथी आ गयी। रेलगाड़ी के लोको पायलट ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक हाथी रेलगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच विभागीय डॉक्टरों की मदद से इलाज शुरू किया है। गौरतलब है कि लालकुआं से रुद्रपुर के टांडा रेंज के जंगल होने के चलते कई बार हाथी ट्रेन की चपेट में आ जाते हैं। पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे कई हाथियों की मौत हो चुकी है। ट्रेन चालकों के लिए हाथी वाले क्षेत्र में ट्रेन चलाने की स्पीड भी निर्धारित की गई है। लेकिन स्पीड निर्धारित होने के बाद भी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो कहीं ना कहीं रेल विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। बताया जा रहा है कि हाथी को पैर के अलावा कई जगह पर चोट लगी है।

### दीवाली के बाद देहरादून का वायु प्रदूषण दिल्ली से कर रहा मुकाबला

**देहरादून।** दिवाली के बाद देहरादून की हवा बेहद जहरीली हो गई है। इस समय देहरादून की हवा स्वास्थ्य की दृष्टि से बिल्कुल ठीक नहीं है। स्त्री रोग विशेषज्ञ का कहना है कि यह समय शहर में रह रही गर्भवती महिलाओं और किशोरी महिलाओं के लिए बेहद जोखिम भरा है। सर्दी की ऋतु आते-आते उत्तर भारत के तमाम बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के मामले लगातार बढ़ने लगते हैं। कुछ सालों तक हवा में घुलते इस जहर की सुर्खियां केवल देश की राजधानी दिल्ली तक ही सीमित रहती थी। लेकिन अब दिल्ली, एनसीआर सहित उत्तर भारत के अन्य शहर भी सर्दियों में बढ़ने वाले प्रदूषण की चपेट में आने लगे हैं। धीरे-धीरे अब उत्तराखंड की राजधानी दून वैली भी सर्दियों में बढ़ाने वाले वायु प्रदूषण से अछूती नहीं रह गई है। पॉल्यूशन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि किस तरह से नवंबर के बाद हर दिन देहरादून शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स का ग्राफ बढ़ता जाता है। उत्तराखंड पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से मिले आंकड़ों के अनुसार नवंबर 5 तारीख के बाद लगातार उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई बढ़ा है। देहरादून शहर में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा घंटाघर, नेहरू कॉलोनी और दून यूनिवर्सिटी में तीन एक्यूआई स्टेशन स्थापित किए गए हैं। 5 नवंबर के बाद देहरादून शहर का औसतन एक्यूआई-100 से ऊपर ही रहा है। वहीं दीवाली की रात यह तकरीबन तीन गुना बढ़कर 300 के पार पहुंच गया था। उत्तराखंड के अन्य शहरों की बात करें तो देहरादून के अलावा हरिद्वार, काशीपुर, रुद्रपुर और हल्द्वानी को छोड़कर सभी जगह पर वायु प्रदूषण या एक्यूआई मॉडरेट हैं। देहरादून में दीवाली की रात ।फप् बेहद खराब रहा तो वहीं हरिद्वार, काशीपुर, रुद्रपुर और हल्द्वानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब रहा।

## बद्रीनाथ के कपाट बंद होने की प्रक्रिया हुयी शुरु, शंकराचार्य मंदिर के कपाट हुए बंद

**जोशीमठ**, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। बद्रीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को सायंकाल शीतकाल हेतु बंद हो रहे है। इसी क्रम में मंगलवार से पंच पूजायें शुरू हो गयी हैं पहले दिन श्री गणेश जी की पूजा अर्चना के बाद शाम को गणेश जी के कपाट बंद हुए। बुद्धवार अपराह्न दो बजे आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद हो गये साथ ही आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर के कपाट भी शीतकाल हेतु बंद हो गये। आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने से पहले मंदिर की साफ सफाई की गयी उसके पश्चात बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने आदि केदारेश्वर स्यंभू शिवलिंग को पके चावलों से ढ्ककर समाधि पूजा का समापन किया धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने समाधि पूजा में सहयोग किया। उसके पश्चात आदिकेदारेश्वर शिवलिंग को समाधि रूप देकर भस्म एवं फूलों से ढ़का गया तथा पुजारी सोनू भट्ट तथा विशेश्वर प्रसाद डंगवाल ने कपाट बंद किये इसी तरह आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर में आदिगुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति को निर्वाण रूप में पूजा अर्चना की गयी उसके पश्चात अपराह्न दो बजे कपाट बंद किये गये। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ -केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी)अध्यक्ष अजेंद्र अजय, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चैहान, नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी, मीडिया प्रभारी हरीश गौड़, आदि मौजूद रहे।

## पुलिस विभाग में 1200 कांस्टेबल और महिला सब इंस्पेक्टर की होगी भर्ती: सुक्खू

शिमला, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप पुलिस विभाग में सुधारों पर बल दिया है। आज गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के साथ-साथ अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव आया है। इसे देखते हुए पुलिस विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत आधुनिक तकनीक अपनाने के साथ ही पेशेवर दृष्टिकोण में सुधार जरूरी है। उन्होंने पुलिस विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिंजेस तथा अन्य आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार पर्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस विभाग में 1200 से अधिक कांसटेबल और महिला सब-इंस्पेक्टर की भर्ती की जाएगी।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आधुनिक प्रौद्योगिकी में सिद्धस्त पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर उनका एक पूल तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे विभिन्न अभियानों में उनका प्रभावी योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में पुलिस कर्मी साइबर क्राइम से निपटने में भी सक्षम होने चाहिए। उन्होंने प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों एवं मंदिरों इत्यादि में आयोजित होने वाले मेलों के दौरान बेहतर पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक के पास आरक्षित बल रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने आबादी, क्षेत्रफल, अपराध दर, पर्यटकों की संख्या सहित अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के पुलिस थानों की पुन:संरचना करने के निर्देश दिए, ताकि वहां स्थानीय जरूरतों व इन कारकों के आधार पर पुलिसकर्मी तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने थानों को श्रेणीबद्ध करने और पुलिस चौकियों के स्थान पर केवल पुलिस थाने ही खोलने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए, ताकि कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के लिए रोटेशन नीति बनाने, संवेदनशील पदों पर केवल तीन वर्ष तक ही तैनाती करने और इसके उपरान्त अनिवार्य तौर पर उन्हें कूलिंग ऑफ पीरियड देने के निर्देश दिए, ताकि पुलिस के कामकाज में जबावदेही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थानों के समीप नशीले पदार्थों (ड्रग्स) की समस्या की रोकथाम के लिए विशेष टीमें तैनात करने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चों को नशे जैसी बुराई से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में फील्ड गतिविधियों के लिए पैट्रोल व डीजल वाहन तथा स्टाफ के लिए ई-वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय नूरपुर को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर पर्याप्त पुलिस कर्मी तैनात करने के साथ ही आधारभूत ढांचा भी सुदृढ़ किया जाएगा।



■ मुख्यमंत्री ने पुलिस सुधारों पर दिया बल, प्रदेश में पुलिस थानों का होगा पुनर्गठन

## हिमाचल में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता : संदीपनी

शिमला, 15 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की हिमाचल प्रदेश में दिन-प्रतिदिन कानून व्यवस्था की हालत खस्ता होती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में जंगल राज चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के अपराधों की संख्या बढ़ती चली जा रही है और यह प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की हरोली क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। गोलीबारी और मारपीट की घटना के बाद अब चाकू की नोक पर युवक से एक लाख रुपये लूट कर इन घटनाओं को अंजाम दिया गया है। जिला ऊना में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र की आड़ में नशे का कारोबार चलाया जा रहा था । इस बात का खुलासा उस समय हुआ, जब हमीरपुर में एनआईटी में एमटेक छात्र मौत मामले की जांच चली। जांच में पाया गया कि पुलिस गिरफ्त में चल रहे चिट्टा सप्लायर के तार पंजाब से जुड़े हैं। एनआईटी में चिट्टा सप्लाई करने वाला युवक पंजाब के करमपाल के खाते में पैसा ट्रांसफर करता था । कीरतपुर - नेरचैक फोरलेन, जहां आवाजाही के लिए एक सुगम और जल्द पहुंचने में सहायक सिद्ध हुआ है, वही अब इस 100 किलोमीटर मार्ग के सुनसान स्थानों पर असमाजिक तत्त्व भी सक्रिय हो गए है।

## शीतकाल के लिए बंद हुए मां गौरा माई के कपाट

**रुद्रप्रयाग,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। गौरीकुंड स्थित मां गौरा माई के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पौराणिक रीति रिवाजों के साथ शीतकाल के लिए बंद किए गए। अब शीतकाल के छह माह तक मां की पूजा-अर्चना गौरी गांव के चंडिका मंदिर में होगी।

बुधवार सुबह पांच बजे पुजारी ने गौरीकुंड मंदिर में मां गौरा की विशेष पूजा अर्चना कर भोग लगाया। जिसके बाद ही कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां गौरा की भोगमूर्ति को डोली में स्थापित कर श्रृंगार किया गया। ठीक सवा आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पौराणिक रीति रिवाज के साथ मुख्य पुजारी, वेदपाठी, मंदिर समिति की मौजूदगी में गौरा माई के कपाट शीतकाल के लिए बंद किए गए। मां की डोली ने मंदिर की एक परिक्रमा की और फिर गौरी गांव के लिए रवाना हुई। इस दौरान भक्तों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मां गौरामाई के गौरी गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने फूल मालाओं एवं अक्षतों से जोरदार स्वागत किया। मां की भोग मूर्ति को गांव में स्थित चंडिका मंदिर में विराजमान किया गया। अब शीतकाल के छह माह तक यहीं पर मां गौरामाई की पूजा अर्चना संपंन की जाएगी। इस अवसर पर मठापति संपूर्णानंद गोस्वामी, कुलपुरोहित कल्पेश जमलोकी, मन्दिर प्रबंधक कैलाश बगवाड़ी, व्यापार संघ अध्यक्ष रामचन्द्र गोस्वामी, गणेश गोस्वामी, विजयराम गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, प्रीतम, गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भक्त मौजूद थे।



■ छह माह तक गौरी गांव के चंडिका मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

## हिमाचल विधान सभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर माह में होगा

**शिमला,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर माह में होगा। सत्र के आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार ने दो तारीखों के प्रस्ताव विधान सभा को भेजे हैं। सरकार ने 11 से 17 व 18 से 25 दिसंबर के दौरान शीत कालीन सत्र के आयोजन के प्रस्ताव विधान सभा को भेजे हैं। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया का कहना है कि इन दो तारीखों में भी बदलाव हो सकता है लेकिन विंटर सेशन दिसंबर में ही होगा। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार की तरफ से विंटर सत्र के लिए दो प्रस्ताव आए हैं। उन्होंने कहा कि उनका विधान सभा सचिवालय शीत कालीन सत्र के आयोजन के लिए तैयार है और सरकार जो तारीखें तय करेगी उसके लिए हमारी पूरी तैयारी है।

उनका कहना है कि इन दो तारीखों को प्रस्तावित किया गया है आगे सरकार इसपर निर्णय लेगी कि उसे कब विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाना है। वैसे उ मीद यह भी है कि सरकार दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में इसका आयोजन करे क्योंकि अभी इसपर चर्चा चल रही है। तय है कि सत्र का आयोजन दिसंबर महीने में होगा।

उन्होंने कहा कि विधानसभा का संचालन केलेंडर ईयर के हिसाब से किया जाता है। क्योंकि फरवरी में फिर बजट सत्र का आयोजन होगा और उसकी शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी जो विधानसभा के माध्यम से आम जनता को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे। इसलिए उन्हें लगता है कि दिसंबर महीने के आखिर तक शीतकालीन सत्र का आयोजन हो जाएगा। क्योंकि पहले से रिवायत है कि शीतकालीन सत्र धर्मशाला में होता है इसलिए वहां पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और मु य सचिव प्रबोध सक्सेना से उनकी इस विषय में बातचीत हुई है।

कुलदीप पठानिया इन दिनों विधानसभा की अलग.अलग समितियों की बैठकों में मशगूल हैं। उन्होंने बुधवार को भी यहां कमेटियों की बैठक की है। बता दें कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी कई मुद्दे उठे थे और काफी महत्वपूर्ण कामकाज उस दौरान निपटाया गया था। विधानसभा सत्र का संचालन बेहतर तरीके से किया जाता है जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर अहम चर्चा होती है। पिछले बजट सत्र और मॉनसून सत्र में जिस तरह से विस्तृत कार्यवाही सदन में हुई है वो काफी अहम रही है। पिछली बार जो विधेयक वहां से पारित किए गए थे उनपर तेजी से काम चल रहा है और राज्यपाल की मंजूरी के लिए उनका भेजा जा रहा है।



## सेना का हरक्यूलस सी-130 भारी मशीनों के साथ चिन्यालीसौड़ उतरा

**देहरादून,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुनोत्री हाईवे के सिलक्यारा बैंड निर्माणाधीन सुरंग में फंसे 40 लोगों को निकालने का रेस्क्यू सेना ने अपने हाथों में ले लिया है। सेना का सबसे भारी मालवाहक जहाज हरक्यूलस सी-130 ने सुरंग की खुदाई के लिए आधुनिक मशीनों को चिन्यालीसौड़ एयरपोर्ट पर उतार दिया है। यहां से ग्रीन कॉरिडोर के जरिये मशीनें सिलक्यारा बैंड तक पहुंचाई जाएगी। इसके बाद आज देर रात से रेस्क्यू को युद्धस्तर पर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। उम्मीद है कि सेना, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ समेत अन्य एजेंसी को मिशन में कामयाबी मिल जाएगी।

सिलक्यारा बैंड के पास निर्माणाधीन सुरंग में गत रविवार से काम कर रहे 40 मजदूर सुरंग में फंसे हैं। हादसे के बाद मजदूरों को सुरंग से निकालने के प्रयास चल रहे हैं। लेकिन कुछ न कुछ अड़चने आ रही है। मंगलवार को हरिद्वार और देहरादून से ऑगर मशीन यहां ड्रिल करने के लिए पहुंची थी। लेकिन यह मशीन आज अचानक खराब हो गई। इस पर सरकार ने सांसत में फंसे 40 लोगों को सुरक्षित निकालने को पीएमओ से संपर्क साधा। पीएमओ ने आज सेना को इस काम के लगाने के आदेश दिए हैं। इसके लिए सेना के अफसर और जवान चिन्यालीसौड़ पहुंच गए हैं। सेना ने एयरफोर्स के सबसे बड़े माल वाहक जहाज हरक्यूलस सी-130 से सुरंग में ड्रिल करने की आधुनिक मशीनें पहुंचा दी है। इसके लिए हरक्यूलस ने दो बार चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी में लैंडिंग की है। यहां से इन मशीनों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हादसे वाले स्थान सिलक्यारा पहुंचाया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि देर शाम तक मशीनें पहुंच जाएगी। इसके बाद देर रात से काम शुरू होने की उम्मीदें की जा सकती हैं। बहरहाल सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत देश की बड़ी एजेंसियां यहां तैनात होने से सुरंग में फंसे 40 मजदूरों को जल्द बाहर निकाला जा सकता है। इसके लिए अलग अलग प्लान पर काम चल रहा है।

**इसलिए बन रही सिलक्यारा सुरंग** : यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा बैंड और पोल गांव के बीच चारधाम प्रोजेक्ट से करीब 4 किमी सुरंग बन रही है। इससे हाईवे राड़ी टॉप से 20 किमी से ज्यादा कम हो जाएगा। बर्फबारी और बरसात के सीजन में सड़क बार बार बंद होने से यह सुरंग बनाई जा थी, जो चारधाम यात्रियों की मुसीबतें और गंगोत्री पहुंचने तक की लंबी दूरी को कम करेगी। पिछले कुछ सालों से इस सुरंग का निर्माण पोल गांव यानी बड़कोट की तरफ से चल रहा है। जबकि इन दिन सिलक्यारा बैंड से काम चल रहा था।



■ 40 जिंदगी बचाने का पीएमओ का बड़ा कदम

## सभी प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के ब्रांड एम्बेसडर: धामी

**देहरादून,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे सभी प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के ब्रांड एम्बेसडर हैं। सभी देवभूमि की संस्कृति और परंपराओं का प्रचार और प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंदौर, मध्य प्रदेश में प्रवासी उत्तराखंडी समाज द्वारा आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था की और से आयोजित इस एकत्रीकरण कार्यक्रम में आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं, यह सराहनीय प्रयास है। चाहे बालिकाओं के विवाह के लिए किए जा रहे प्रयास हो या फिर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान हो, मेरिट लाने वाले मेधावी छात्रकृछात्राओं को सम्मानित करना हो, सभी क्षेत्रों में उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत के अलगकृअलग प्रांतों के लोग मिलते हैं तो एक भारत श्रेष्ठ भारत का अहसास होता है और जब उत्तराखंड के लोग मिलते हैं तो श्रेष्ठ उत्तराखंड का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के ब्रांड एम्बेसडर हैं।



# प्रादेशिकी

## भैया दूज का पर्व बहन ने भाई के तिलक लगाकर मनाया

**फर्रुखाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के बाद भैया दूज का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया एक दिन बहन अपने भाइयों के यहां जाकर भाइयों की लंबी उम्र के लिए तिलक व मिठाई खिलाकर दुआ मानती है। भाई बहन के प्यार का पर्व भैया दूज पर रेलवे स्टेशनों व रोडवेज डिपो पर भीड़भाड़ दिखाई दी। भैया दूज के पद पर यमराज अपनी बहन यामी के घर पहुंचे और यामी ने आदरपूर्वक रोड़ी तिलक लगाकर अपने भाई की लंबी आयु की कामना की। यमराज ने भैया दूज के दिन अपनी बहन यमी को आने के लिए कहते हैं मानता है कि जो भाई भैया दूज के दिन अपनी बहन से तिलक लगाता है उसकी दीर्घायु होती है भगवान कृष्ण नरकासुर के बधके बाद अपनी बहन सुभद्रा के यहां पहुंचे सुभद्रा ने अपने भाई कृष्णका आदर स्वागत किया।

# प्रदेश के स्कूलों में की जा रही 6 हजार आईसीटी लैब की स्थापना

■ रतिभान त्रिपाठी



- परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं टेबलेट्स, अब उसी पर होगी छात्रों और शिक्षकों की हाजिरी
- 20 नवम्बर से सात जिलों में लागू होगा नया हाजिरी सिस्टम, अगले महीने से पूरे प्रदेश में
- परिषदीय विद्यालयों, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में स्थापित किए जा रहे स्मार्ट क्लास सेटअप

**लखनऊ,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए परिषदीय विद्यालयों, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यापक स्तर पर सुधार किया जा रहा है। प्रदेश भर के सभी विकास खण्डों के इन विद्यालयों में कुल 6 हजार आईटीसी लैब की स्थापना का काम चल रहा है। प्रदेश के हर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों की हाजिरी अब टैबलेट्स के जरिए ही ली जाएगी। यह हाजिरी जियो फेसिंग तकनीकी सिस्टम से ऑनलाइन होगी। हाजिरी स्कूल खुलते समय और फिर बंद होते समय ऑनलाइन हो जाएगी। फिलहाल हाजिरी का नया सिस्टम लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, श्रावस्ती, उन्नाव, रायबरेली और लखीमपुर खीरी जिले में 20 नवम्बर से लागू हो जाएगा। इसके बाद अगले महीने से बाकी जिलों में लागू हो जाएगा। इससे अब शिक्षकों और छात्रों की हाजिरी में किसी तरह का घालमेल नहीं हो पाएगा। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगे।

इसके साथ साथ सीएसआर, सामुदायिक सहभागिता एवं अन्य माध्यमों से स्मार्ट क्लास स्थापित कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टेबलेट्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, ख्याति प्राप्त संस्थानों के विशेषज्ञों के ऑनलाइन सेशन एवं स्ट्रीमिंग के माध्यम से शिक्षकों के साथ ही बच्चों का संवर्धन एवं ज्ञानवर्द्धन किए जाने की योजना है।

महानिदेशक शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कक्षा शिक्षण के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की तैयारी है। कक्षा शिक्षण के लिए कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विषयों के पाठ्यक्रम के अनुसार कंटेंट्स का मूल्यांकन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के विषय विशेषज्ञों से कराकर शैक्षणिक कंटेंट्स तैयार किए जा रहे हैं। टेबलेट्स, आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग सॉफ्टवेयर जैसे यू-ट्यूब लाइव, जूम सेशन वेबिनार द्वारा दूरस्थ शिक्षा के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सकेगा। इन डिजिटल माध्यमों से शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त एवं उत्कृष्ट संस्थाओं के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन सेशन एवं स्ट्रीमिंग के माध्यम से शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन के साथ ही बच्चों का ज्ञानवर्द्धन किया जा सकेगा। आईसीटी लैब के माध्यम से शिक्षकों, अनुदेशक (कम्प्यूटर शिक्षा) के पर्यवेक्षण में बच्चों को बेसिक कम्प्यूटर संचालन का अभ्यास कराया जाएगा। लर्निंग मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, डिजिटल कंटेंट्स एवं वर्चुअल लैब के उपयोग से बच्चे सभी विषयों से संबंधित मूल अवधारणाओं को प्रैक्टिस के माध्यम से समझ सकेंगे। विकासखंड, विद्यालय स्तर पर स्थापित किए जा रहे आईसीटी लैब के प्रयोग हेतु बीआरसी प्रांगण का विद्यालय, निकटस्थ विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के 14-14 बच्चों का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाएगा, जिससे कि प्रत्येक दिवस सभी बच्चों को अभ्यास के समुचित अवसर उपलब्ध हो सकें। दीक्षा एप के माध्यम से कक्षा 1-8 तक के 82 एनरजाइज टेक्स्ट बुक्स से संबंधित कंटेंट्स उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करके शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा इस कंटेंट का प्रयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एससीईआरटी. बेसिक शिक्षा विभाग एवं एनसीईआरटी द्वारा लगभग 7300 कंटेंट्स के वीडियोज भी दीक्षा एप पर उपलब्ध कराए गए हैं।

## अयोध्या के प्रसिद्ध कार्तिक मेला व परिक्रमा के लिए योगी सरकार की तैयारियां पुख्ता

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की सफलता के बाद अब कार्तिक स्नान मेला, अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा व पंचकोसी परिक्रमा में देश के कोने-कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम मणि शुक्ला को मेला प्रभारी बनाकर उन्हें मेला में स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। स्वास्थ्य विभाग ने कार्तिक स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के तीन बड़े अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज में 20 बेड, जिला चिकित्सालय पुरुष में 20 बेड और श्री राम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए हैं। इसके अलावा 15 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। मेला प्रभारी डॉक्टर राममणि शुक्ला ने बताया कंट्रोल रूम, हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, कनक भवन, राम जन्मभूमि, राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ, पक्का घाट, कारसेवक पुरम, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, झुनकी घाट, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, दशरथ महल व बंधा तिराहा पर अस्थाई चिकित्सा शिविर बनाए गए हैं। पक्का घाट पर आठ बेड का अस्थाई चिकित्सा शिविर भी बनाया जा रहा है।

किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में 10 स्थान पर हर समय एम्बुलेंस मौजूद रहेगी। यह एंबुलेंस पक्का घाट, बन्धा तिराहा, कंट्रोल रूम, साकेत पेट्रोल पंप, नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम जन्मभूमि, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर व बूथ नंबर चार पर मौजूद रहेगी। अयोध्या की प्रसिद्ध 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर 16 स्थान पर अस्थाई चिकित्सा शिविर स्थापित कर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मेला प्रभारी ने बताया कंट्रोल रूम हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हल्कारा का पुरवा, दर्शन दर्शन, नगर आचारी सगरा, मिर्जापुर, जौनौरा, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तार घाट, जमथरा, अफीम कोठी, अमानीगंज, चक्र तीर्थ, निर्मोचन घाट झुनकी घाट पर अस्थाई चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। डॉ राम मणि शुक्ला ने बताया कंट्रोल रूम, हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हल्कारा का पुरवा, उदया चौराहा, मोहबरा, चक्रतीर्थ, निर्मोचन घाट व झुनकी घाट पर अस्थाई चिकित्सा शिविर का निर्माण किया जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र में प्रत्येक दिन छह बजे से आठ बजे तक नियमित फागिंग कराई जाएगी। इसके अलावा एंटी लार्वा का प्रत्येक दिन छिड़काव किया जाएगा। यह व्यवस्था परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला के प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व वह समाप्त होने के दो दिन बाद तक जारी रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने बताया अयोध्या के कार्तिक मेला, 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा के लिए 54 चिकित्सा अधिकारी, एक महिला चिकित्सा अधिकारी, 54 फार्मासिस्ट, 54 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, चार सुपरवाइजर व लगभग 250 सफाई कर्मचारी को नियुक्त किया गया है।

## सार संक्षेप

### हिस्से के लिए बहन ने ताल ठोकी

मेरठ। पाकिस्तान की रहने वाली उजमा ने भाई आसिम बेग के मकान में हिस्से के लिए ताल ठोक दी है। भाई आसिम के अनुसार बहन की शादी 2001 में पाकिस्तान के रावलपिंडी के रहने वाले व्यक्ति से हुई थी। इसके बाद से वह पाकिस्तान में रह रही है। मंगलवार को भाई के घर पर पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए भाई के मकान में अपना हिस्सा मांग लिया। जिससे भाई दहशत में है और पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र का है। उजमा पुत्री कासिम की शादी 22 साल पहले पाकिस्तान के रावल पिंडी स्थित सदर बाजार निवासी तनवीर से हुई थी। शादी के बाद उजमा पाकिस्तान चली गई। उसके चार बच्चे हैं और पिता कासिम की मृत्यु हो चुकी है। कासिम का एक बेटा आसिम श्यामनगर में और बेटी शबनूर हुसैनाबाद में थी है। 8 नवंबर को उजमा भारत आई और देहली गेट स्थित हुसैनाबाद अपनी बहन शबनूर के घर पहुंच गई।

### ग्राहक, दुकानदार में कहासुनी के बाद मारपीट

मेरठ। त्योहार पर मिठाई खरीदते वक्त दुकानदार और ग्राहक में जमकर मारपीट, हाथापाई हो गई। बात लड़की छेड़ने पर शुरू हुई थी। बाहरी लोगों का झगड़ा दुकान तक पहुंचा और दुकानदार, ग्राहक में मारपीट की नौबत आ गई। बीच सड़क दोनों में हाथापाई हुई। किसी तरह अन्य लोगों ने मामला शांत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर भी दे दी। दौराला थाना क्षेत्र के सकौती बाजार में राजू मिष्ठान भंडार की दुकान है। गोवर्द्धन पूजन की शाम को दादरी निवासी विनय दुकान पर मिठाई लेने आया। विनय के साथ पत्नी, बेटा समक्ष, बेटी खुशी भी थी। कार से परिवार मिठाई लेकर दादरी जा रहे थे। रास्ते में राजू स्वीट्स से मिठाई खरीदी। बताया जा रहा है जब विनय दुकान पर मिठाई ले रहा था, तो दुकान पर खड़े अरविंद और सचिन ने बदत्तमीजी कर दी। कार में विनय का परिवार, पत्नी बैठी थी। लड़कों ने पत्नी के साथ छींटाकसी कर दी।

## परंपरागत तरीके से मनाया भैया दूज का त्योहार

**मवाना,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर व देहात क्षेत्र में बुधवार को भैया दूज का त्योहार परंपरागत तरीके से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। बहनो ने भाई को तिलक लगा कर दीर्घायु की कामना की, वही भाईयों ने सम्मान स्वरूप बहन को उपहार भेंट किया। कहीं भाई बहन



की ससुराल भैया दूज मनाने गए तो कहीं बहनों ने अपने मायके आकर भैया दूज का पर्व मनाया। दिनभर वाह दौड़ते रहे। वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण दिनभर जाम के हालात बने रहे। चरमराई यातायात व्यवस्था को सुचारू कराने में थाना पुलिस के भी पसीने छूट गए। थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया कि त्योहार को देखते हुए हाईवे पर तीन-चार स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात की गई थी।

## कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजार प्रशिक्षण संस्थान में दी जा रही निःशुल्क ट्रेनिंग

**ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा आरसेटीः विवेक सुकृष्णा**

- दर्जनों कोर्स में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण
- रोजगार की शुरूआत के लिए ऋण की भी व्यवस्था
- ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, युवतियों व महिलाओं को पहुंचेगा लाभ

**मेरठ,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवा, युवतियों व महिलाओं को रोजगार करने के लिए चिंतन करने की जरूरत नहीं। रोजगार करने का कोई अनुभव नहीं है तो भी नहीं घबराएं। अब आपको एक ऐसा मंच मिलेगा जहां पहले रोजगार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके बाद रोजगार शुरू करने केलिए आर्थिक मदद की भी व्यवस्था होगी। जी हां हम बात कर रहे हैं कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की जहां कई कोर्सो में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जेल चुंगी स्थित कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर विवेक सुकृष्णा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप बेरोजगार हैं और नौकरी नहीं मिल पा रही है तो आरसेटी आपके लिए बेहतर विकल्प है। यहां प्रशिक्षण लेकर स्वयं के लिए रोजगार की शुरूआत कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कोर्स के अनुसार सूची बनाई गई हैं। जिसमें दर्जनों अलग-अलग कोर्स के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूचि में से अपनी रूचि के अनुसार कोई भी कोर्स चुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग पूरी तरह नि:शुल्क है और प्रशिक्षण लेने के बाद बैंक से ऋण दिलाने की भी व्यवस्था की जा रही है। आवेदन से पहले ये जरूर जान लें कि आप जिस आरसेटी सेंटर में आवेदन कर रहे हैं वह सेंटर आपके गृह जनपद का है या नहीं, क्योंकि आवेदन के लिए सेंटर का गृह जनपद में होना अनिवार्य है। यानि जेल चुंगी स्थित आरसेटी में जनपद मेरठ के निवासी ही प्रशिक्षण हेतु आवेदन करें। विवेक सुकृष्ण ने बताया कि कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजार प्रशिक्षण संस्थान से जुड़ने के लिए व्हाट्सएप क्यूआर कोड को भी स्कैन कर सकते हैं। यदि आपके पास स्मार्ट फोन नहीं हैं तो संस्थान में आकर अपना आवेदन पेश कर सकते हैं। वहीं संस्थान के मोबाईल नंबर 9627102902 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**किस कोर्स में कितने दिन मिलेगी ट्रेनिंग**

| | |
|---|---|
| जरनल ई0डी0पी0 | 06 दिन |
| पापड़, पिकल, मसाला पाउण्डर मेकिंग | 10 दिन |
| फास्ट फूड स्टॉल उधमी | 10 दिन |
| पेपर कवर, लिफाफे एवं फाईल मेकिंग | 10 दिन |
| डेरी फार्मिंग एवं वर्मीकम्पोस्ट | 10 दिन |
| कैन्डिल मेकिंग | 10 दिन |
| कृषि उधमी | 13 दिन |
| कॉस्टिूम ज्वैलरी उधमी | 13 दिन |
| फैशन डिजाईनिंग/वुमेन टेलर | 30 दिन |
| फेटोग्राफी एवं विडियोग्राफी | 30 दिन |
| रेफ्रिजरेशन एवं एयरकडिशनिंग | 30 दिन |
| ब्यूटी पार्लर मैनेजमेन्ट | 30 दिन |
| सेल फोन रिपेयर एवं सर्विस | 30 दिन |
| कम्प्यूटराईज एकाउटिंग | 30 दिन |
| घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उधमी | 30 दिन |
| कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग | 45 दिन |

## सिंथेटिक दूध की बिक्री से बिगड़ रहा स्वास्थ्य

■ अनिल शर्मा

**मवाना,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रशासन की लापरवाही एवं स्वास्थ्य विभाग की साठ गाठ व मिली भगत के चलते नगर व आसपास के दर्जनों गांव में मिलावटी दूध, देशी घी की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिसके कारण पेट के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मिलावटी वह सिंथेटिक दूध की बिक्री से नौनिहालो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शासन ने पिछले दिनों सिंथेटिक एवं मिलावटी दूध में घी की बिक्री को अपराध की श्रेणी में शामिल करते हुए मिलावट करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश प्रशासन को दिए थे। लेकिन प्रशासन की लापरवाही कृपा वह स्वास्थ्य विभाग की साठ गाठ के चलते मिलावटी दूध व घी का कारोबार



करने वालों के विरुद्ध कोई कठोर कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। पिछले दिनों अभियान चलाया गया था जिसमें कुछ दूधियों का चलन जरूर काटा गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय 6 दर्जन दर्जन दूध से क्रीम निकालने की मशीन लगी हुई है। क्रीम निकालने के बाद बच्चे दूध में रासायनिक पाउडर रिफाइंड पर अन्य पदार्थ मिलाकर दूध बेचने वाले इसे घरों में दुकानों पर सप्लाई करते हैं। यह दूध स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। दूध के नाम पर मीठा जहर बेचने वाले इस समय मवाना के अलावा खेड़की, जंधेड़ी, बिराना, हिमायुपर, फिटकरी, रहावती, गनेशपुर,छोटा मवाना, गाजीपुर, राफन, नासरपुर, दादूपुर आदि स्थानो पर सक्रिय है। नगर में प्रतिदिन दूध की दुकानों पर, घरों पर दूध बेचने के लिए साइकिल व बाइक से सैकड़ो दूधिया आते हैं इनमें कुछ को छोड़कर शेष दूधिये मिलावटी दूध की बिक्री करके नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। नगर में दूध की व अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के लिए खाद निरीक्षक तैनात है। लेकिन इनके उपकार के चलते लोग मीठा जहर पीने को मजबूर हो रहे हैं।

## मवाना में प्रदूषण एक्यूआई 625 पर पहुंचा




- लोगों को हो रही सांस लेने में दिक्कत
- मॉर्निंग वॉक वाले ज्यादा प्रभावित

**मवाना,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना नगर में दीपावली के त्यौहार पर छोड़ी गई आतिशबाजी के चलते बुधवार को प्रदूषण ओर अधिक बढ़ गया। बुधवार को मवाना नगर में मेरठ रोड का एक्यूआई 625 मापा गया। दस साल पहले मवाना नगर का एक्यूआई 1100 से ऊपर रहा। पांच दिन पहले 11 नवम्बर को हुई बारिश के कारण प्रदूषण बहुत कम हो गया था।

मवाना नगर में चार दिन से आतिशबाजी काफी मात्रा में छोड़ी जा रही है। रविवार को दीपावली पर इतनी अधिक मात्रा में आतिशबाजी छोड़ी गई कि सुबह की हवा जहरीली हो गई। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि वातावरण में घुटन महसूस होने लगी। प्रदूषण का वार भी बढ़ा है। बढ़ता प्रदूषण का वार मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रहा है। बुधवार को सुबह सात बजे आसमान पर धुंध छाई रही। मोर्निंग वाकिंग करने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन बढ़ गई।

इस मामले में पूर्व चेयरमैन डा.नरेश चन्द्रा ने बताया कि नगर में पहले सालों से कम आतिशबाजी छोड़ी गई है, बुधवार सुबह सात बजके प्रदूषण की जांच की गई तो एक्यूआई 625 मापा गया। शाम पांच बजे का एक्यूआई 424 मापा 258 था। सुबह से शाम पांच बजे तक एक्यूआई गिर गया। उन्होंने बताया कि दस साल पहले दीपावली से अगले दिन मवाना का प्रदूषण 1100 एक्यूआई से ऊपर रहता था।

## प्रभुदयाल बाल्मीकि को नगीना उम्मीदवार बनाए जाने की मांग

**मवाना,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। नगीना लोकसभा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षक नेता चौधरी नरेशपाल के आवास पर पूर्व विधायक प्रभुदयाल बाल्मीकि को नगीना सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की। मास्टर नरेश पाल ने कहा कि प्रभु दयाल वाल्मीकि हस्तिनापुर क्षेत्र में दो बार विधायक रहकर एक बार मंत्री रहकर जो विकास कराया है। वह एक उदाहरण है। हम सब आज लोकसभा क्षेत्र के निवासी आपसे बहुत उम्मीद के साथ मवाना आए हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय सचिव बना कर राष्ट्रीय राजनीति में स्थान दिया है इसी कारण आपको हम सब। बिजनौर जनपद की नगीना सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाना चाहते हैं। हम सब राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर आग्रह करेंगे। हमारे क्षेत्र में एक एक ऐसा उम्मीदवार दिया जाए जो बहुत लोकप्रिय हो सबका चाहता हो सबको साथ लेकर चलने वाला हो बहुत सज्जन हो इसलिए चौधरी नरेश पाल के आवास पर अशोक विहार कॉलोनी मवाना में हम आपसे आग्रह करने आए हैं। जहां पर हम हिंदू मुस्लिम सिख इसाई एवं अन्य बिरादरियों के व्यक्ति आज आपसे मिलने आए हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश में दलित नेताओं में आप एक सबके प्रिय सबके चहेते नेता है। आज हम भिन्न भिन्न समाज के व्यक्ति जिनमें मुख्य रूप से सुवाहेवडी गांव के इंद्रपाल सिंह, नगीना से हाजी खलील अहमद, बाबू खान शमीम अहमद, सत्यवती देवी, कमलेश चौधरी, खलीलुद्दीन, बाबूराम, अनिल वेद, राजाराम मदान, अरविंद वाल्मीकि, अनिल सागर, इरफान कुरैशी, पंडित दिनेश शर्मा, जय भगवान शर्मा, सुरेंद्र वाल्मीकि, डॉ आरपी सिंह, संतोष देवी, अलाउद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रकों से दुर्घटना का खतरा



- मवाना थाना व पुलिस चौकी के सामने से गुजरते हैं ट्रक
- ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग नहीं कर रहा है कोई कार्रवाई

**मवाना,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना शुगर वर्क्स में देहात क्षेत्रों से आने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों का सड़कों पर राज हो गया है। गन्ने के ओवरलोड ट्रक घनी आबादी से गुजरते हैं, जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है। इस मामले से जिम्मेदार अफसर आंखे मूंदे हुए है, जबकि मवाना नगर में थाना और पुलिस चौकी के सामने से गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं।

मवाना चीनी मिल द्वारा क्षेत्र में बनाए गए 161 तौल केन्द्रों पर एकत्र होने वाले गन्ने को ट्रकों द्वारा मंगाया जाता है। गन्ना क्रय केंद्रों से ट्रकों को ओवरलोड कर भर दिया जात है जो सड़कों पर चलते डोलते नजर आते हैं। घुमाव वाले रास्ते पर इनके पलट जाने का खतरा बना रहता है। शहर से लेकर देहात तक इन दिनों सड़कों पर गन्ना भरे ओवरलोड वाहन यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। इससे न सिर्फ हादसों का अंदेशा है, बल्कि यह जगह-जगह जाम का कारण बन रहे हैं। राहगीरों के लिए खतरा बने यह वाहन दिन भर सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। न कहीं कोई इनकी चेकिंग है और न रोकटोक। मिल प्रबंधन और प्रशासन इससे अंजान है। हस्तिनापुर क्षेत्र के गणेशपुर, रहमापुर व बहसूमा, दूधली खादर, दुर्वेशपुर, तोफापुर और किला परीक्षतगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवों से गन्ने से ओवरलोड ट्रक आते हैं। ओवरलोड वाहन मवाना थाना और बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने से गुजरते हैं लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। नागरिक कहते है कि पुलिस प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। जब कोई दुर्घटना होगी तो कार्रवाई के नाम पर दो-चार ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि मिल रोड पर जब ट्रक सड़क से आते है तो आम आदमी डर के मारे दूर हट जाते हैं। इस तरह के वाहन अब से पहले पलटे भी हैं। दो दिन पहले किला परीक्षतगढ़ रोड पर अमूल डेयरी के पास ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक पलट गया। उस समय सड़क से गुजर रहे राहगीर बच गये। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।

थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया कि गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मिल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टरों को नोटिस दिए जायेंगे।

## दागी एसओ सहित 8 दीवान व सिपाहियों के एडीजी ने कर दिए रेंज के बाहर तबादले

**फर्रुखाबाद,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। बुलडोजर सरकार की सख्ती का रिश्वतखोरों पर कोई खास आसर नहीं पडा है। कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह ने रिश्वतखोर थानाध्यक्ष सहित एसओजी टीम के आठ दीवान व सिपहियों के जोन के बाहर तबादले कर दिए हैं। अवैध वसूली में दोषी पाए जाने की रिपोर्ट मिलने पर एडीजी आलोक सिंह ने 10 ननम्बर को तबादला आदेश जारी किया है। कंपिल थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक अशोक कुमार, एसओजी टीम के दीवान पुष्पेन्द्र विक्रम सिंह सेंगर, प्रवीन कुमार, अजीत कुमार गौतम, सिपाही रामू यादव,

सचिन कुमार, कपिल कुमार एवं अमरनाथ शर्मा सिपाही का झांसी रेंज के लिए तबादला किया गया है। एडीजी ने तबादला आदेश में फतेहगढ़ के पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया है कि वह आज ही सभी कर्मचारियों को तबादले पर कर मुक्त करें। बताया जाता है कि बीते दिनों एडीजी से शिकायत की गई थी कि एसओजी में तैनात सिपाही दीवान एवं टीम प्रभारी अवैध सट्टा एवं जुएं के अड्डों से नियमित अवैध वसूली करते हैं। उस दौरान अशोक कुमार एसओजी टीम के प्रभारी थे बाद में उनको कंपिल थानाध्यक्ष का चार्ज सौपा गया और अमित गंगवार की एसओजी प्रभारी पद पर तैनाती की गई। एडीजी के आदेश पर जनपद कन्नौज के एसपी ने इस मामले की जांच की। एएसपी ने जांच में एसओजी की पूरी टीम को अवैध वसूली का दोषी पाया और गोपनीय रिपोर्ट एडीजी को भेज दी। मालूम हो कि कई दशकों पूर्व जिले में शुरू हुए अवैध सट्टे का कारोबार पुलिस संरक्षण में ही फलता फूलता है जब कोई सख्त एसपी आ जाता है तो सट्टा बंद करने की खानापूर्ति की जाती है।

### 'टाइगर 3' को मिली भारी सफलता से बेहद खुश हैं सलमान खान

**मुंबई।** अपनी हालिया रिलीज 'टाइगर 3' को मिली प्रतिक्रिया से बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह फ्रेंचाइजी उनके दिल के सबसे करीब है। सलमान ने कहा कि मैं टाइगर-3 के लिए दर्शकों और प्रशंसकों की प्रतिक्रिया से खुश हूं, उन्होंने फिल्म को शानदार शुरुआत दी है और मुझे खुशी है कि इस फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग भी सफलता की कहानी लिख रहा है। सप्ताहांत में, 'टाइगर-3' ने भारत में 148.50 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं दुनियाभर में 240 करोड़ की कमाई की। उन्होंने आगे कहा कि टाइगर एक ऐसी फ्रेंचाइजी है जो मेरे दिल के करीब है। इसलिए, फिल्म को प्यार मिलता देखना वाकई खास है। मुझे उम्मीद है कि फिल्म दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करती रहेगी।

**वैज्ञानिकों ने पिकोसिस्टिस सेलिनरम नामक छोटा हरा शैवाल के बारे में किया अध्ययन**

# विषम परिस्थितियों में भी जीवित रहता है एक दिलचस्प हरा शैवाल

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पृथ्वी विज्ञान विभाग के संकाय ने राजस्थान की हाइपरसैलिन क्षारीय झील सांभर में पाए जाने वाले पी. सेलिनरम नामक एक जीव की विषम परिस्थितियों में भी जीवित रहने की क्षमता के पीछे छिपे रहस्य के बारे में दिलचस्पी पैदा की है। हालांकि यह शैवाल पूरी दुनिया में खारे और क्षारीय झीलों में व्यापक रूप से पाया जाता है, लेकिन इसे पहली बार भारत में केवल सांभर झील में ही देखा गया था। पी. सेलिनरम के लचीलेपन के रहस्य की गहराई में जाते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ ऐसी अत्यधिक विषम परिस्थितियों में अनुकूलनता के आणविक तंत्र की जांच की। उन्होंने उच्च प्रवाह क्षमता लेबल-मुक्त परिमाणीकरण आधारित मात्रात्मक प्रोटिओमिक्स विधि के माध्यम से इसकी प्रोटीन प्रचुरता में आये परिवर्तनों का अध्ययन करके यह पता लगाया है।

उनकी टीम ने एक्सट्रोफिलिक शैवाल पी. सेलिनरम के प्रोटीओम में पहला अभियान प्रदान किया, जिससे क्षारीय झीलों में अत्यंत विषम परिस्थितियों में प्रकाश संश्लेषित अनुकूलन और प्रसार के लिए इसके अनुरूप नियामक तंत्र का पता लगा है, जो इस अज्ञात जीव में मौजूद लचीलेपन के



- **कार्बोनेट भू-वैज्ञानिकों, जीवविज्ञानियों और जलवायु विज्ञानियों के लिए बहुत रुचिकर**
- **पिकोसिस्टिस सेलिनरम नामक सबसे छोटा हरा शैवाल खारा-क्षारीय परिस्थितियों में भी जीवित**

आधार को उजागर करता है। यह विशिष्ट जीव स्पष्ट रूप से उच्च लवणता-क्षारीयता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया के रूप में चैपरोन प्रोटीन के साथ-साथ प्रकाश संश्लेषण और एटीपी संश्लेषण को बढ़ाता है। बहुत खारे-क्षारीय स्थिति में पी. सेलिनरम द्वारा दर्शाई गई प्रकाश संश्लेषक गतिविधि बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश प्रकाश संश्लेषक जीवों में यह गतिविधि प्रकाश संश्लेषण हाइपरऑस्मोटिक परिस्थितियों के तहत दबी हुई है। यह खोज फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायोलॉजी (सेक्शन एक्सट्रीम माइक्रोबायोलॉजी) में प्रकाशित हुई, जो पी. सेलिनरम को जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए एक आशाजनक उम्मीदवार और प्रकाश संश्लेषित अनुकूलन के आणविक तंत्र को समझने के लिए एक मॉडल जीव के रूप में प्रस्तुत करती है। इस टीम ने बाइकार्बोनेट-आधारित एकीकृत कार्बन कैप्चर और बायोमास उत्पादन के लिए इस माइक्रोएल्गा की कुछ दिलचस्प विशेषताओं का भी उपयोग किया है।

इस इंस्पायर फैकल्टी फेलो द्वारा किया गया शोध टिकाऊ और संसाधन-कुशल जैव प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं के आगे होने वाले विकास में सहायता प्रदान कर सकता है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुताबिक एक युवा शोधकर्ता ने इस रहस्य का पता लगाया है कि पिकोसिस्टिस सेलिनरम नामक सबसे छोटा हरा शैवाल किस प्रकार अत्यधिक खारा-क्षारीय, सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहता है। यह माइक्रोएल्गल बायोप्रोडक्ट्स और पौधों में नमक के प्रति सहनशीलता बढ़ाने जैसे जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के कारण एक आशाजनक भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वैश्विक कार्बन साइकिल में इसके महत्व के कारण यह कार्बोनेट भू-वैज्ञानिकों, जीवविज्ञानियों और जलवायु विज्ञानियों के लिए बहुत रुचिकर हैं।

# महापर्व छठ के लिए सजा बाजार

**पटना,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व छठ की शुरुआत 17 नवम्बर नहाय खाय के साथ शुरू हो रही है। छठ को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गई है। लोग छठ को लेकर खरीदारी कर रहे हैं।

फिलहाल सूप और दउरा के साथ मिट्टी के चूल्हे के अस्थाई दुकानों पर लोग पहुंच रहे हैं। पटना में सड़कों के किनारे छठ से संबंधित दुकानें खुल गई हैं। बाजारों में पूजन सामग्रिया भी पहुंच गई हैं। सड़कों के किनारे दर्जनों की संख्या में नारियल की दुकान खुल गई है। फल कारोबारी भी आशान्वित हैं। बाजार पूरी तरह छठमय हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चारो तरफ सक्रियता बढ़ गई है। प्रशासन छठ घाटों को पूजा करने लायक बनाने के लिए प्रयासरत है तो आम जन जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। जिन लोगों को गांव में जाकर छठ करना है वे यहीं से बांस के बने सूप और दउरा खरीद रहे हैं।

पटना के आर ब्लॉक चौराहा में छठ से संबंधित चीजों की कई दुकानें हैं। सूप और दउरा के कई अस्थाई दुकान खुल गए हैं। बताया जाता है कि सूप और दउरा की कीमतों में इस



**लोगों ने शुरू की खरीदारी**

साल पिछले साल की तुलना में इजाफा हुआ है। सूप जहां 140 से 170 रुपए जोड़ा बिक रहा है वहीं दउरा की कीमत उसके आकार और बनावट के आधार पर तय है। दउरा 150 से लेकर 250 तक बाजार में उपलब्ध है। मिट्टी के चूल्हे की कीमतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। पटना के बेली रोड, आर ब्लॉक चौराहा, वीरचंद रोड पर मिट्टी के चूल्हे की दुकान सजी है। मिट्टी चूल्हा बनाने वाली शबनम खातून बताती हैं कि इस साल चूल्हे की कीमत 100 से 160 रुपए तक है। आम की लकड़ी भी बाजार में उपलब्ध हैं। अभी हालांकि फलों के दुकानों में भीड़ नहीं देखी जा रही है।

फल के दुकानदारों की मानें तो छठ पर्व को लेकर फलों की बिक्री नहाय खाय के दिन से शुरू होती है और अस्ताचलगामी सूर्य के अर्घ्य के दिन यानी पहले अर्घ्य के दिन तक होती है। सबसे अधिक बिक्री खरना के दिन होती है।

इस साल 17 नवम्बर (शुक्रवार) को जहां नहाय खाय से महापर्व छठ की शुरुआत होगी वहीं शनिवार को व्रती खरना करेंगे। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे तो सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी सना

**मुंबई,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की राधिका मदान अभिनीत 'सना' 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहली बार प्रदर्शित होगी। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एसआईएफएफ), तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल करने के बाद, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'सना' ऐस द्वारा निर्देशित है। फिल्म निर्माता सुधांशु सरिया और राधिका मदान की फिल्म सना भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 54वां संस्करण 20 से 28 नवम्बर 2023 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा। 'सना' का प्रीमियर 23 नवम्बर को 'इंडियन पैनोरमा' श्रेणी के तहत




महोत्सव में किया जाएगा। सुधांशु सरिया ने कहा कि इस साल बन रहे बेहतरीन सिनेमा का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरी फिल्म को चुना जाना कोई सामान्य सम्मान नहीं है और जब हमें यह खबर मिली तो पूरी टीम रोमांचित थी। हम आखिरकार आईएफएफआई में अपने प्रीमियर के साथ अपनी भारतीय यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए उत्साहित हैं और यह सुनने के लिए उत्सुक हैं कि हमारे पहले भारतीय दर्शक फिल्म के बारे में क्या सोचते हैं।

# 25 वर्षों में अपोलो हॉस्पिटल्स में 515 बच्चों का हुआ लिवर प्रत्यारोपण

**1998 में जिस 20 माह के बच्चे का पहली बार लिवर प्रत्यारोपण**

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। अपोलो हॉस्पिटल्स के डॉक्टरों ने 25 वर्ष में भारत बल्कि दुनिया के 50 से भी ज्यादा देशों के कुल 4300 मरीजों का सफल लिवर प्रत्यारोपण किए हैं जिनमें 515 बच्चे शामिल हैं। अस्पताल ने वर्ष 1998 में भारत में पहली बार बच्चों का लिवर प्रत्यारोपण करने की पहल शुरू की। तब डॉक्टरों ने एक 20 महीने के बच्चे का सफल प्रत्यारोपण किया जो आज खुद एक डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा कर रहा है। भारत में बाल चिकित्सा लीवर प्रत्यारोपण कार्यक्रम के 25 साल पूरे होने पर अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने एक कार्यक्रम में जश्न मनाया। इस दौरान फिल्म अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया भी मौजूद रहीं।

कपाड़िया ने कहा कि जैसे-जैसे हम जीवन में आगे बढ़ते हैं, अक्सर शरीर के गुमनाम नायक यानी लिवर को नजरअंदाज करने लगते हैं। जबकि हम जानते हैं कि लिवर बहुत अहम अंग है जो रक्त को साफ करने, ऊर्जा संग्रहित करने और आवश्यक प्रोटीन का उत्पादन के लिए प्रयास करता है। अगर सामान्य भाषा में कहें तो यह एक साइलेंट अभिभावक है जो हमें हानिकारक विषाक्त पदार्थों से बचाता है और स्वस्थ रखता है लेकिन यह क्षतिग्रस्त हो सकता है और जब ऐसा होता है तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। डॉक्टरों ने बताया कि 1998 में जिस 20 माह के बच्चे का पहली बार लिवर प्रत्यारोपण किया गया, उसका नाम संजय है और आज वह खुद एक डॉक्टर है। इसी तरह प्रिशा नाम की बच्ची का प्रत्यारोपण भी सफल रहा जो अपोलो में प्रत्यारोपित 500वां बच्चा है। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की उपाध्यक्ष डॉ. प्रीता रेड्डी ने कहा कि लिवर की बीमारी देश में एक गंभीर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से सालाना दो लाख लोगों की मौत हो रही है। हर साल 1800 लिवर प्रत्यारोपण के बावजूद बड़ी संख्या में मरीजों को इंतजार भी है। एक ओर हमारे देश ने अंग प्रत्यारोपण को लेकर काफी तरक्की की है लेकिन दूसरी ओर आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी इस चिकित्सा से दूर है।

# इंस्टाग्राम पर पोस्ट, रील्स को करीबी दोस्तों तक सीमित रखने की सुविधा

**सैन फ्रांसिस्को,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम स्टोरीज और नोट्स से आगे बढ़कर फीड पोस्ट और रील्स को करीबी दोस्तों तक सीमित करने की सुविधा का विस्तार कर रहा है। एनगैजेट के अनुसार, अब उपयोगकर्ता रीलों और फीड पोस्ट को उन सभी लोगों के बजाय एक छोटे, अधिक विश्वसनीय समूह के साथ साझा करने में सक्षम होंगे जो उन्हें फॉलो करते हैं।

कंपनी ने कहा कि लोग क्लोज फ्रेंड्स का उपयोग 'उन लोगों से जुड़ने के लिए एक दबाव-मुक्त स्थान के रूप में करते हैं जो सबसे महत्वपूर्ण हैं।' डेवलपर्स को उम्मीद है कि रीलों और फीड पोस्ट में क्लोज फ्रेंड्स विकल्प का विस्तार करने से यूजर्स के पास इंस्टाग्राम पर आपके सबसे प्रामाणिक होने के और अधिक तरीके होंगे, जबकि आपकी सामग्री को कौन देखेगा इसके बारे में अधिक विकल्प होंगे।

इंस्टाग्राम पर करीबी दोस्तों के साथ विशेष रूप से पोस्ट या रील साझा करना एक सरल प्रक्रिया है।

पोस्ट या रील बनाते समय, ऑडियंस बटन पर क्लिक करें



और क्लोज फ्रेंड्स चुनें, फिर शेयर पर टैप करें। पोस्ट या रील पर एक ग्रीन स्टार लेबल होगा, जो दर्शाता है कि यह केवल आपके करीबी दोस्तों की सूची के लोगों को दिखाई देता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस सुविधा के विस्तार पर जोर देने के लिए, आप देख सकते हैं कि ऐप पर प्लस बटन को हरे स्टार आइकन से बदल दिया गया है।

इस बीच, इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि जल्द ही उपयोगकर्ता अपने डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में रीड रिसीट को बंद कर सकेंगे। कंपनी एक नई सुविधा का परीक्षण कर रही है जो उपयोगकर्ताओं को डीएम में रीड रिसिप्ट का उपयोग करने का विकल्प देगी। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग और इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी दोनों ने अपने ब्रॉडकास्ट चैनलों पर घोषणा की है कि बदलाव अभी परीक्षण में है।

## केरल पवेलियन में 'औषधि' स्टॉल से आयुर्वेद उत्पादों से अपने शरीर, मन और आत्मा को रखें स्वस्थ

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत अंतरराष्ट्रीय मेले में आने वाले आगंतुक केरल पवेलियन में 'औषधि' स्टॉल पर मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का समाधान खोज सकते हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों सहित 800 से अधिक दवाएं 45 से 250 रुपए की कीमत पर 10 प्रतिशत छूट के साथ केरल पवेलियन में उपलब्ध कराई गई हैं। दिल्ली की



**अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला**

65 वर्षीय नीलम शर्मा, पुराने घुटने के दर्द के लिए हर्बल तेल की प्रभावशीलता की पुष्टि करते हुए, दोस्तों और रिश्तेदारों के लिए 'औषधि' स्टॉल का समर्थन करती हैं। केरल पवेलियन का दौरा करने वाली कोलकाता की महिला नीलम शर्मा का कहना है कि वह न केवल हर साल औषधि के स्टॉल पर जाती हैं, बल्कि अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को भी दवा की सलाह देती हैं क्योंकि यह बहुत प्रभावी है और इससे उन्हें घुटने के दर्द से राहत पाने में मदद मिली है। हरियाणा के मूल निवासी मनोज कुमार व्यस्त काम के दौरान मधुमेह के प्रबंधन और अम्लता को कम करने के लिए हर्बल दवा की प्रशंसा करते हैं। ट्रक ड्राइवर शाद कबीर ने भी कहा कि वह अपने मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से हर्बल दवा 'प्रमेह औषधि' ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त काम के दौरान होने वाली एसिडिटी को कम करने में हर्बल दवाएं प्रभावी हैं।

# शिवालिक की पहाड़ियां प्रवासी पक्षियों से होने लगी गुलजार

**सहारनपुर,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। शीत ऋतु की दस्तक के साथ प्रवासी पक्षियों की सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों और गंगा-सोलानी नदी के बीच मुजफ्फरनगर-



बिजनौर सीमा पर 6908 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हैदरपुर वेट लैंड पर आमद शुरू हो गई है। जिससे माहौल दर्शनीय हो गया है। हैदरपुर वेट लैंड की स्थापना पर्यावरण प्रेमी और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस संजय कुमार ने दो वर्ष पूर्व सहारनपुर कमिश्नर रहने के दौरान कराई थी।

हैदरपुर वेट लैंड हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य वन का एक भाग है। जो एक मानव निर्मित झील है, जिसका निर्माण 1984 में हुआ था। वहां की जैव विविधता पक्षियों को आकर्षित करती है। सर्दियों के दौरान वहां के दृश्य लोगों के दिल खुश कर देते हैं। 11 दिसम्बर 2021 को हैदरपुर वेट लैंड (आद्र भूमि) को भारत के 47वें रामसर साईट के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली थी।

सहारनपुर के शिवालिक क्षेत्र में हिमालय की ऊंची चोटियों और ठंडे इलाकों से आने वाले पक्षियों के झुण्ड दिखने लगे हैं। जिससे पक्षी एवं पर्यावरण प्रेमी गदगद हैं। जानकारों के मुताबिक कुछ दिनों के बाद ये पक्षी मध्य भारत की ओर रूख करेंगे। बीच में दिल्ली में यमुना के जैव विविधता क्षेत्र में उनका ठहराव होगा। सर्दियों में हिमालय पार करके मंगोलिया, साइबेरिया, तिब्बत, लद्दाख और मध्य एशिया से तरह-तरह के सुंदर पक्षी यहां आते हैं। उनके आने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां रहने के दौरान पक्षी अपना प्रजनन अवधि पूरी करते हैं और मौसम में गर्मी बढ़ने के साथ वापसी के वक्त ये अपने बच्चों को अपने साथ ले जाते हैं। प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ तरह-तरह की तितलियां भी यहां आती हैं। कैबेज व्हाइट, पेंटेड लेड़ी, कारटोईस, हेडेड ग्रिस, पिनटेल, सोबर्स, ग्रेलैंड गीज जाति के पक्षी सहारनपुर और हैदरपुर वेट लैंड को तीन-चार माह तक अपना ठिकाना बनाते हैं।

## साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार




**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र 'खुमन प्रकाश सिंह' को वर्ष 2023 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ जीवनी, कला और संस्कृति फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। साहित्य अकादमी ने बुधवार को यहां बताया कि यह वृत्तचित्र लेखक खुमन प्रकाश सिंह पर केंद्रित है। यह वृत्तचित्र साहित्य अकादमी की भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना के अंतर्गत निर्मित 164 वां वृत्तचित्र है। इसे अरिबम स्याम सरमा ने निर्देशित किया है। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादमी ने वर्ष 1997 में भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य महत्त्वपूर्ण लेखकों और साहित्य से जुड़ी बहुमूल्य सामग्रियों को एकत्र और संरक्षित करना है। अकादमी ने अब तक अमृता प्रीतम, विंदा करंदीकर, गोपालकृष्ण अडिगा, डी. जयकांतन, धर्मवीर भारती, विजय दान देथा, मुल्क राज आनंद, कुर्रतुलऐन हैदर, वैकम मुहम्मद बशीर, रहमान राही, महाश्वेता देवी, एम.के. बिनोदिनी, अशोक मित्रन, निर्मल वर्मा, मनोहर राय सरदेसाई , रस्किन बॉन्ड, सी. नारायण रेड्डी आदि सहित अनेक प्रख्यात भारतीय लेखकों पर 169 वृत्तचित्रों का निर्माण किया है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने 'छठ पर्व' की व्यवस्था देखने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे त्योहारों के दौरान, पर्व विशेष रेलगाड़ियां चलाकर यात्रियों के साथ त्यौहार की खुशियां बांट रहा है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज छठ की व्यवस्था देखने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह और उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और यात्रियों से बातचीत भी की।

महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे को भीड़भाड़ प्रबंधन की विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। अब तक, 102 जोड़ी 7 विशेष रेलगाड़ियों के 880 फेरे अधिसूचित किए गए हैं। इनमें 809 फेरे पूर्व दिशा की ओर जाने वाली और शेष 71 फेरे उत्तर/अन्य दिशाओं की ओर जाने वाली गाड़ियों के लिए अधिसूचित हैं । इससे लगभग 17.5 लाख अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था हुई है। प्रत्येक श्रेणी के यात्रियों को ध्यान में रखकर उत्तर रेलवे ने हर प्रकार की श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बे लगाए हैं । 70 रेलगाड़ियों (68 रेक) में 117 कोच जोड़े गए हैं। इस प्रकार 5.17 लाख से अधिक अतिरिक्त शायिकाएं उपलब्ध हुई हैं। कुल अतिरिक्त बर्थ/सीटें लगभग 22.5 लाख हैं। चौधुरी ने आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिए। स्टेशनों पर भीड़भाड़ प्रबंधन हेतु निम्न व्यवस्थाएं की गई हैं -

**मिनी कंट्रोल रूम :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर परिचालन, वाणिज्य, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, बिजली, रेल सुरक्षा बल और रेलवे डॉक्टर के नामित कर्मचारियों के साथ मिनी कंट्रोल रूम बनाया गया। इस सुसज्जित मिनी-कंट्रोल रूम में टेलीफोन, ट्रेन सूचना,



- **अब तक 109 जोड़ी विशेष रेलगाड़ियों के 880 फेरे अधिसूचित किए गए**

पैनल रूम कनेक्टिविटी, प्लेटफार्मों और सर्कुलेटिंग एरिया इत्यादि के सीसीटीवी फीड आदि जैसी सुविधाएं हैं।

समग्र पर्यवेक्षण और समन्वय के लिए व्यस्ततम समय के दौरान, नई दिल्ली स्टेशन पर अधिकारियों को विशेष कर्तव्य अधिकारी (एसडीओ) के रूप में नियुक्त किया गया है ।

**अतिरिक्त यात्री प्रतीक्षा क्षेत्र और सुविधाएं :** अजमेरी गेट सर्कुलेटिंग एरिया में टेंटों की व्यवस्था। टेंटों के सामने 20 मोबाइल शौचालय, अतिरिक्त पानी के नल, 7 आरक्षण काउंटर, रेलगाड़ियों की सूचना और जन उदघोषणा प्रणाली के लिए 01 बड़े आकार की एलसीडी स्क्रीन, समाचार एवं सांस्कृतिक गीतों के लिए छोटे आकार की 2 एलसीडी स्क्रीनें, भोजन और नाश्ते के स्टॉल 1 आरपीएफ हेल्प डेस्क काउंटर।

**चिकित्सा सुविधाएं**

06.00 बजे से 24.00 बजे तक एक डॉक्टर की तैनाती। स्टेशनों पर पैरा-मेडिकल स्टाफ, पर्याप्त स्ट्रेचर और व्हील चेयर के साथ प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट का प्रावधान। एम्बुलेंस की उपलब्धता

**अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती**

भीड़भाड़ नियंत्रण और यात्रियों की मदद के लिए अतिरिक्त वाणिज्यिक कर्मचारी, आरपीएफ और आरपीएसएफ, जीआरपी कर्मचारी, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक और स्काउट एंड गाइड को तैनात किया जा रहा है।

# भारत में जन्मे निर्देशक ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में मचाई धूम

**नई दिल्ली,** 15 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में जन्में न्यूयॉर्क शहर के फिल्म निर्देशक जयेश जैदका ने अपनी नवीनतम लघु फिल्म 'प्रीत' के लिए फिल्म महोत्सव का दौर पूरा कर लिया है, उन्होंने डांस विद फिल्म्स एलए जैसे 11 फिल्म समारोहों की यात्रा की है। जिनमें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल, बिग एप्पल फिल्म फेस्टिवल, एलए डायवर्सिटी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल और सोहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे कुछ नाम शामिल हैं।

लघु फिल्म ने ह्यूस्टन के भारतीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीता और दर्शकों का काफी ध्यान आकर्षित किया। फॉक्स न्यूज को दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि लघु फिल्म एक फीचर फिल्म की अवधारणा का प्रमाण है, जिस पर पिछले तीन वर्षों से काम चल रहा है।

अमेरिका में पहली पीढ़ी के अप्रवासी के रूप में जयेश ने पांच वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया है। टेली पुरस्कार विजेता गोथम फिल्म और टेलीविजन संस्थान के पूर्व छात्र हैं। वह महामारी का केंद्र बनने से कुछ ही दिन पहले 2020 में न्यूयॉर्क चले गए।

वह वर्तमान में अपनी प्रोडक्शन कंपनी द पिलोटॉक प्रोडक्शंस का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने डिज्नी प्लस हॉटस्टार और शॉर्ट्स टीवी जैसे स्ट्रीमिंग नेटवर्क के साथ वितरण सौदों के साथ अपने निर्देशन के लिए 18 से अधिक पुरस्कार और 50 से अधिक फिल्म फेस्टिवल स्क्रीनिंग हासिल की है।

**16 पुरस्कारों व 35 फिल्म फेस्टिवल स्क्रीनिंग के साथ यूएस फिल्म फेस्टिवल सर्किट में बड़ी सफलता**




जैदका ने आईएएनएस को फोन पर बताया कि वह अपनी पहली निर्देशित फीचर फिल्म 'प्रीत' के लिए दो सबसे बड़ी फिल्म और टीवी उद्योगों, हॉलीवुड और भारतीय फिल्म उद्योग को एक साथ लाने की योजना बना रहे हैं, जो एक दक्षिण एशियाई सस्पेंस थ्रिलर है, जो जीवन के बारे में बात करती है।

भारत की एक घरेलू दुर्व्यवहार से पीड़ित प्रीत, जो बेहतर जीवन के लिए न्यूयॉर्क शहर चली जाती है, लेकिन जब देश में उसका एकमात्र दोस्त लापता हो जाता है, तो प्रीत खुद को दुनिया के सबसे गहरे रहस्यों को उजागर करती हुई पाती है।

उनके लिए 'प्रीत' एक ऐसा अनुभव है जो शारीरिक पहलू से परे एक गहरे मनोवैज्ञानिक आघात को दर्शाता है जो अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाने वाली मानसिक उथल-पुथल को उजागर करता है। 'प्रीत' की शुरुआत 2020 में हुई जब जयेश ने यूनिसेफ के लिए काम किया। उस दौरान कोविड-19 के कारण महिलाओं के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा तेजी से बढ़ी। 'प्रीत' ने अब स्क्रिप्टिंग पूरी कर ली है। भारत और अमेरिका दोनों में कई निर्माताओं ने इसमें रुचि दिखाई है, लेकिन जयेश इस प्रकृति के संवेदनशील विषय से निपटने के लिए सही साथी ढूंढने के लिए धैर्यवान बने हुए हैं।

अगले कुछ महीनों में वह टीवी पायलट 'ऑनर टू द फादर' का निर्देशन करेंगे और अपनी कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए विज्ञापनों और ब्रांड वीडियो की दुनिया में प्रवेश करते हुए एक नॉर्वेजियन कंपनी के लिए एक खाद्य वृत्तचित्र का निर्देशन और शूटिंग करेंगे।

उन्होंने अपने शो, 'हाईब्रेड' को पुनर्जीवित करने की भी योजना बनाई है, एक पायलट शो, जिसने उन्हें 16 पुरस्कारों और 35 फिल्म फेस्टिवल स्क्रीनिंग के साथ यूएस फिल्म फेस्टिवल सर्किट में बड़ी सफलता दिलाई थी, लेकिन कोविड -19 के कारण इसे बंद कर दिया गया था।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



नई दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# 2027 तक जापान व जर्मनी को पछाड़ भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : सीतारमण



**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर है और उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर बताते हुये आज कहा कि भारत के 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। श्रीमती सीतारमण ने यहां इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चालू वर्ष के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इंडो-पैसिफिक को प्रभावित करने वाले भू राजनीतिक संघर्षों के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान और आर्थिक उठापटक के बीच यूक्रेन में हो रही गतिविधियां या इज़राइल या यमन में और चीन सागर में तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था एक उज्वल केन्द्र बिन्दु के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के लिए तैयार है, क्योंकि इसकी जीडीपी 5 अरब डॉलर के स्तर को पार कर जाएगी। भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है।

श्रीमती सीतारमण ने भारत की %ब्लू अर्थव्यवस्था% के बारे में बात करते हुए कहा कि यह सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत में 9 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जो समुद्र तट पर स्थित हैं, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाह हैं और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू व्यापार के लिए जलमार्गों का एक विशाल नेटवर्क है। यह देखते हुए कि इंडो-पैसिफिक निस्संदेह दुनिया का सबसे आर्थिक रूप से गतिशील क्षेत्र है क्योंकि इसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। उन्होंने कहा कि हालांकि इंडो-पैसिफिक भी एक भू-राजनीतिक रूप से विवादित क्षेत्र है जिससे पता चलता है कि इस क्षेत्र में शक्ति को लेकर कितना अधिक प्रतिस्पर्धा है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जैसे-जैसे भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को तेज कर रहा है और अपनी विशाल अबादी का उत्थान कर रहा है, उन्हें गरीबी से समृद्धि की ओर ले जा रहा है, वह अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के साथ-साथ अपने अंतरराष्ट्रीय कद को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, आज, भारतीय चाहे घर में हों या विदेश में, सिर ऊंचा करके खड़े होते हैं, चलते हैं, बात करते हैं और कार्य करते हैं। हमारा ध्यान ग्रे आर्थिक मॉडल से ब्लू आर्थिक मॉडल में परिवर्तन करने और उसके बाद इंडो-पैसिफिक की लंबाई और चौड़ाई में इस ब्लू संक्रमण को फैलाने पर है। इसी कारण से हम अधिक से अधिक और क्षेत्रीय जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने व्यापार के लिए अनुकूल माहौल वाले एक सुशासित और नवोन्वेषी देश के रूप में अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है, जैसा कि कई वैश्विक सूचकांकों में प्रदर्शित होता है। यह देखते हुए कि देश की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति समुद्र से अटूट रूप से जुड़ी रहेगी, उन्होंने कहा कि भारत समग्र रूप से समुद्री क्षेत्र को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता से अवगत है और सरकार राजकोषीय नीति के माध्यम से अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# केंद्र ने स्टार्टअप, एमएसएमई के लिए फंडिंग योजना शुरू की




**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय खान मंत्रालय ने बुधवार को बताया की कि उसने खनन, खनिज प्रसंस्करण, धातुकर्म और रीसाइक्लिंग क्षेत्र (एसएंडटी-प्रिज्म) में स्टार्टअप और एमएसएमई में अनुसंधान और नवाचार को वित्त पोषित करने का निर्णय लिया है और योजना के लिए दिशानिर्देश जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि दो साल तक की फंडिंग के लिए स्टार्टअप, एमएसएमई और व्यक्तिगत इनोवेटर्स से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे, जिनका खनिज क्षेत्र, खनन और औद्योगिक अनुप्रयोगों के व्यावहारिक और टिकाऊ पहलुओं पर सीधा असर पड़ता है।

यह निर्णय उन्हें उस स्तर तक पहुंचने में सक्षम बना सकता है जहां वे निवेश जुटाने में सक्षम होंगे या वे वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने की स्थिति में पहुंच जाएंगे। मंत्रालय के बयान में बताया गया है कि फंडिंग को अपेक्षाकृत परेशानी मुक्त तरीके से नवीन प्रौद्योगिकियों/उत्पादों/सेवाओं के विकास और व्यावसायीकरण के बीच एक पुल के रूप में कार्य करने के लिए तैनात किया गया है। एस एंड टी-प्रिज्म का मुख्य विचार अनुसंधान का प्रौद्योगिकी (उत्पाद/प्रक्रिया/सेवाओं) में अनुवाद करना है, लेकिन खुले अंत वाले मौलिक अनुसंधान को अंजाम देना नहीं है। जांच से नवाचार या नए उत्पाद/प्रक्रिया को प्रदर्शन या पायलट पैमाने पर तैनाती के लिए तैयार किया जाना चाहिए, न कि केवल पेटेंट चरण पर होना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू एल्युमीनियम अनुसंधान विकास और डिजाइन केंद्र, नागपुर, खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त निकाय स्ञ्ज - क्क्रढ्ढस्रू के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होगी।

चयनित स्टार्टअप और एमएसएमई को कार्यान्वयन एजेंसी के तहत एक सुविधा और मेंटरशिप टीम द्वारा संपूर्ण परियोजना विकास अवधि के दौरान और तकनीकी समापन की तारीख से दो

## अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 31.5 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (आईएएनएस)। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बुधवार को कहा कि अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा 31.46 अरब डॉलर रहा, जबकि इस महीने के दौरान देश का आयात बढ़कर 65.03 अरब डॉलर हो गया। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण देश के इंपोर्ट बिल में वृद्धि हुई है। इसी तरह, सोने का आयात अक्टूबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2023 में 5.5 प्रतिशत बढ़कर 29.48 बिलियन डॉलर हो गया। सितंबर में व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर था। अक्टूबर में देश का निर्यात 6.2 प्रतिशत बढ़कर 33.57 बिलियन डॉलर हो गया, जो अक्टूबर 2022 में 31.60 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात 65.03 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी महीने 57.91 बिलियन डॉलर से अधिक था। माह के दौरान निर्यात में वृद्धि राहत की बात है। इसने हाल के महीनों में गिरावट के ट्रेंड को तोड़ दिया। इस वर्ष अप्रैल-अक्टूबर के दौरान निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7 प्रतिशत गिरकर 244.89 बिलियन डॉलर रह गया। अप्रैल-अक्टूबर में माल आयात 391.96 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 8.95 प्रतिशत कम है।

## भारत-प्रशांत आर्थिक मंच के आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता समझौते पर हुए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एशिया प्रशांत आर्थिक संधि ( आईपीईएफ) के सदस्य देशों के बीच पहले आईपीईएफ-आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सान फ्रांसिस्को की यात्रा पर गए श्री गोयल ने मंगलवार को आईपीईएफ की तीसरी वैयक्तिक मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। इस बैठक के दौरान भारत सहित सदस्य देशों के व्यापार और उद्योग मंत्रियों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुदृढ़, ठोस और इसे बेहतर रुप से समन्वित करने में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोविड-19 संकट में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के समझ उत्पन्न संकट को ध्यान में रखते हुए दुनिया इसके विविधीकरण पर ध्यान दे रही है। उम्मीद है कि इस सहयोग से समग्र रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक विकास एवं प्रगति में सहायता भी मिलेगी।

हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने आईपीईएफ के सामूहिक लक्ष्यों को साकार करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ अर्थव्यवस्था की दिशा में बदलाव हेतु किफायती वित्तपोषण जुटाने और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारत द्वारा सुझाए गए जैव-ईंधन गठबंधन सहित आईपीईएफ के तहत परिकल्पित सहकारी कार्यों के शीघ्र कार्यान्वयन का भी आग्रह किया।

बैठक में आईपीईएफ के सदस्यों देशों के मंत्रियों ने स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष रुप से संचालित अर्थव्यवस्था के लिए सहयोग की दिशा में आईपीईएफ भागीदारों द्वारा की गई पर्याप्त प्रगति पर भी सार्थक चर्चा की।

श्री गोयल ने इस अवसर पर अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, मलेशिया के अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय मंत्री महामहिम तेंगकु जफरुल अजीज और इंडोनेशिया गणराज्य के आर्थिक मामलों के समन्वयकर्ता मंत्री डॉ. (एचसी) आईआर. एयरलंगा हार्टार्टो के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं।

विज्ञप्ति के अनुसार आसियान देशों के मंत्रियों के साथ बातचीत के दौरान श्री गोयल ने एआईटीआईजीए समीक्षा को शीघ्र पूरा करने का सुझाव दिये।

# महंगाई घटने से बाजार गुलजार

**मुंबई** 15 नवंबर (एजेंसियां)। महंगाई घटने से दुनिया में ब्याज की ऊंची दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में महंगाई में कमी आने के आंकड़ों ने ऊंची ब्याज दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद बढ़ गई। भारत की खुदरा महंगाई अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत और थोक महंगाई शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रह गई। इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 742.06 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की उड़ान भरकर 65675.93 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 231.90 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की छलांग लगाकर19675.45 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 33,117.87 अंक और स्मॉलकैप 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,252.56 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3884 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2268 लाभ में जबकि 1478 नुकसान में रहे वहीं 138 कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर रही। बीएसई के सभी 20 समूहों में जबरदस्त लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.99, सीडी 1.22, ऊर्जा 1.41, एफएमसीजी 0.71, वित्तीय सेवाएं 0.93, हेल्थकेयर 0.22, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी




2.29, दूरसंचार 0.81, यूटिलिटीज 0.30, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.79, कैपिटल गुड्स 1.07, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.76, धातु 1.33, तेल एवं गैस 1.55, पावर 0.46, रियल्टी 2.97, टेक 2.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.06 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.71, जर्मनी का डैक्स 0.30, जापान का निक्केई 2.52, हांगकांग का हैंगसेंग 3.92 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 528 अंक की तूफानी तेजी के साथ 65,461.54 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 65,373.50 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,747.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 64,933.87 अंक के मुकाबले 1.14 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,675.93 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 208 अंक की उछाल के साथ 19,651.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,579.65 अंक के निचले जबकि 19,693.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,443.55 अंक की तुलना में 1.19 प्रतिशत की तेजी लेकर 19,675.45 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स तेजी पर रही 27 कंपनियों में से टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 3.77 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 2.84, इंफोसिस 2.69, विप्रो 2.54, टाटा स्टील 2.52, टीसीएस 2.03, रिलायंस 1.84, एक्सिस बैंक 1.74, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.54, भारती एयरटेल 1.44, कोटक बैंक 1.40, आईटीसी 1.36, एचसीएल टेक 1.14, एचडीएफसी बैंक 1.02, अल्ट्रासिमको 1.02, टाइटन 0.97, एशियन पेंट 0.85, एनटीपीसी 0.71, आईसीआईसीआई बैंक 0.65, एसबीआई 0.57, एलटी 0.56, बजाज फिनसर्व 0.55, मारुति 0.39, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.22, सन फार्मा 0.22, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.21 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.08 प्रतिशत के लाभ में रहे। वहीं, बजाज फाइनेंस 1.84, इंडसइंड बैंक 1.05 और पावरग्रिड ने 0.97 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## साइबरट्रक को दोबारा बेचने पर टेस्ला खरीदारों पर मुकदमा नहीं करेगी




**सैन फ्रांसिस्को,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला वाहन खरीदने के पहले साल के भीतर उसे दोबारा बेचने पर साइबरट्रक खरीदारों पर मुकदमा नहीं करेगी। ऐसा लगता है कि विवादास्पद खरीद क्लॉज (खंड) को कंपनी ने अपकमिंग वाहन के लिए अपने अद्यतन नियमों और शर्तों से हटा दिया है। यह न्यूज सबसे पहले इलेक्ट्रेक द्वारा रिपोर्ट की गई थी। इससे पहले, अपने मोटर वाहन ऑर्डर समझौते के केवल साइबरट्रक के लिए टाइटल वाले सेक्शन में टेस्ला ने उल्लेख किया था, आप सहमत हैं कि आप अपने वाहन की डिलीवरी तिथि के बाद पहले वर्ष के भीतर वाहन नहीं बेचेंगे या अन्यथा बेचने का प्रयास नहीं करेंगे। आगे कहा कि टेस्ला वाहन के मालिकाना हक के हस्तांतरण को रोकने के लिए निषेधाज्ञा राहत की मांग कर सकता है या आपसे 50,000 डॉलर की राशि/बिक्री/हस्तांतरण के लिए सोच-विचार (कंसीडरेशन) के रूप में प्राप्त मूल्य, जो भी अधिक हो, की क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। टेस्ला आपको भविष्य में कोई भी वाहन बेचने से इंकार भी कर सकता है। मंगलवार सुबह तक, उस सेक्शन को समझौते से हटा दिया गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि टेस्ला ने इस प्रतिबंध पर अपना रुख क्यों पलट दिया। साइबरट्रक, जिसे पहली बार 2019 में घोषित किया गया था, वर्षों में टेस्ला का पहला नया प्रोडेक्ट है, और इससे इलेक्ट्रिक पिकअप-ट्रक बाजार में हलचल मचने की उम्मीद है। टेस्ला ने शुरुआत में कहा था कि ट्रक की कीमत 39,900 डॉलर से शुरू होगी, लेकिन महंगी निर्माण सामग्री के कारण इसकी कीमत बहुत अधिक होने की उम्मीद है। साइबरट्रक महीने के अंत में बाजार में आ जाएगा।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट उबलकर 3800 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 सेंट की तेजी के साथ 52.97 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## वाणिज्यक निर्यात में सुधार के संकेत, अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। भारत से विदेशी बाजारों में वाणिज्यिक माल बेचने के कारोबार में सुधार के प्रारंभिक संकेत दिखाते हुए देश का वाणिज्यक निर्यात अक्टूबर 2023 में पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर 2022 में यह 31.60 अरब डॉलर था। इस बार अक्टूबर में आयात भी पिछले वर्ष के इसी माह के 57.91 अरब डॉलर के मुकाबले 65.03 अरब डॉलर रहा, जो 12.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

अक्टूबर 2023 में वाणिज्यक वस्तुओं के आयात निर्यात में व्यापार घाटा (निर्यात की तुलना में आयात की अधिकता) 31.46 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बरथवाल ने अक्टूबर के निर्यात के आंकड़ों पर टिप्पणी की कि 'यह निर्यात कारोबार में सुधार के अंकुर दिख रहे हैं।' वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार अक्टूबर महीने में 30 प्रमुख क्षेत्रों में से 22 के माल का निर्यात सालाना आधार पर सुधरा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 244.89 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 263.33 अरब डॉलर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का आयात 391.96 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 430.47 अरब डॉलर था।

अप्रैल-अक्टूबर 2023 में व्यापार घाटा एक साल पहले की तुलना में सीमित हो कर 147.07 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 167.14 अरब डॉलर था। विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात 178.42 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 182.24 अरब डॉलर था। अप्रैल-अक्टूबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातु) आयात 246.50 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 260.01 अरब डॉलर था।

अक्टूबर 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएँ संयुक्त) 62.26 अरब होने का अनुमान है, जो अक्टूबर 2022 की तुलना में 9.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अक्टूबर 2023 में कुल आयात 79.35 अरब डालर होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल 11.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में कुल निर्यात (माल और सेवाओं सहित) 437.54 अरब डलार रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 444.70 अरब डालर था। इस दौरान कुल व्यापार घाटा एक साल पहले के 89.86 अरब डालर की तुलना में घट कर 57.64 अरब डालर रहा।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने अक्टूबर निर्यात के आंकड़ों पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान का निर्यात अक्टूबर में 8.09 अरब डॉलर रहा जो अक्टूबर 2022 के 7.55 अरब डॉलर से सात प्रतिशत अधिक सालाना वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह लगातार तीसरा महीना है।

## सार संक्षेप

### बजाज फाइनेंस के ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण देने पर रोक

**मुंबई।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड के दो ऋण उत्पादों ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण मंजूर करने और ऋण वितरण करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45एल(1)(बी) के तहत यह कार्रवाई की गयी है। कंपनी द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों का पालन न करने, विशेष रूप से इन दो ऋण उत्पादों के तहत उधारकर्ताओं को मुख्य तथ्य विवरण जारी न करने और मुख्य तथ्य विवरण में कमियों के कारण यह कार्रवाई की गयी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि कंपनी द्वारा उक्त कमियों को लेकर किये जाने वाले सुधार के संबंध में मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी।

### मेघना मोदी के नेतृत्व में रेवलॉन इंडिया की नई ऊंचाइयों को छूने की योजना

**नई दिल्ली।** सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र की कंपनी रेवलॉन इंडिया ने सुश्री मेघना मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छूने की योजना बनाई है। उमेश मोदी ग्रुप के अध्यक्ष उमेश कुमार मोदी की बड़ी पुत्री मेघना मोदी लंदन बिजनेस स्कूल और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की स्नातक हैं। हार्वर्ड जाने से पहले, वह रेवलॉन में काम कर चुकी थी, और फिर हार्वर्ड में अपने एमबीए को पूरा करने के बाद वह बॉस्टन के एक शीर्ष प्रबंधन परामर्श कंसल्टिंग फर्म - बेन कंसल्टिंग में चार साल तक सलाहकार के रूप में काम कर चुकी हैं। अब रेवलॉन इंडिया को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से भारत लौट आयी हैं। सुश्री मोदी ने प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में कंपनी के स्टॉल पर अपनी कारोबारी योजना का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि ब्रांड मिशन के तहत नवाचार, समावेशन प्लस इंटेंशन से प्रेरित होकर कंपनी कलर कॉस्मेटिक रेंज (मेकअप और स्किन केयर) और पर्सनल केयर रेंज (हेयर कलर, हेयरकेयर और बॉडीस्प्रेज) पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने पूरी क्षमता का उपयोग कर वितरण को सभी चैनलों - एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट, डिपार्टमेंट स्टोर, सामान्य व्यापार, और ई-कॉमर्स में विस्तारित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि रेवलॉन इंडिया के 2024 में 300 करोड़ रूपये से अधिक के कारोबार करने की रणनीति बनायी गयी है। उन्होंने कहा रेवलॉन के नए कूल उत्पाद जैसे सुपर लस्ट्रस , कलर स्टे , रेवलॉन फीटोरेडी , टॉप स्पीड, कलर स्लिक , फ्लेक्स , चार्ली हाल ही में लॉन्च किए गए हैं।

# खेल जगत

## भारत में बुलावे के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं : ऑस्ट्रेलिया की लॉरेन चीटल



**मेलबर्न,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। अगले महीने भारत के बहु-प्रारूप दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बुलाए जाने के बाद, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल ने कहा कि वह इस अवसर के लिए बेहद उत्साहित हैं। लॉरेन ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और उसी वर्ष भारत में महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की सदस्य थीं। उन्हें 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापस बुलाया गया था, लेकिन कंधे की चोट के साथ-साथ 2021 में त्वचा कैंसर के डर से बचने के कारण वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं खेल पाईं। डब्ल्यूबीबीएल 2023 में, पिछले सीज़न में 15 मैच खेलने के बाद, लॉरेन सिडनी सिक्सर्स के लिए 10 मैचों में 13.68 की औसत से 19 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं।

# विराट व अय्यर के शतक से न्यूजीलैंड को 398 का लक्ष्य

■ सत्येन्द्र पाल सिह

- विराट ने जड़ा वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50वां शतक, श्रेयस का तूफानी शतक
- भारत ने बनाए 50 ओवर में चार विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर






नई दिल्ली, 15 नवंबर (देशबन्धु)। विराट कोहली के वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर की मौजूदगी में उनके घर में दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहले जड़े शतकों के अर्धशतक तथा श्रेयस अय्यर के तूफानी शतकं की बदौलत भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में निधारिंत 50 ओवर में चार विकेट पर 397 रन का पहाड़ स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने मौजूदा विश्व कप में अपना तीसरा और श्रेयस ने दूसरा शतक पूरा किया। विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनो फॉर्मेट को मिलाकर अपना 80 शतक पूरा किया। भारत को पहाड़ के स्कोर तक पहुंचाने में विराट कोहली (117 रन, 113 गेंद, दो छक्के, 9 चौके) की श्रेयस अय्यर (105 रन, 70 गेंद, आठ छक्के व चार चौके) साथ दूसरे विकेट की 164 रन तथा इससे पहले मांसपेशी में खिंचाव के चलते मैदान से हटने से पहले शुभमन गिल (अविजित 80 रन, 66 गेंद, तीन छक्के व 8 चौके) के साथ 93 रन की भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई। श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद खेल कर आठ छक्कों व तीन चौकों की मदद से अपना मौजूदा संस्करण का लागातार दूसरा शतक जड़ा। श्रेयस अय्यर ने ट्रेंट बोल्ट (1/86) की गेंद को उड़ाने के फेर में लॉन्ग ऑन पर डैरल मिचेल के हाथों लपके गए। श्रेयस ने साउदी के अंतिम पूर्व और पारी के 48 वें ओवर में एक र लेकर पूरा किया। श्रेसस ने नीदरलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में वन डे विश्व कप में अपना पहला शतक जड़ा था। टिम साउदी (3/100) न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे।

विराट कोहली ने मांसपेशी में खिंचाव आने के बावजूद पारी के 42 वें और लॉकी फर्गुसन के आठवें ओवर में उनकी गेंद को लॉन्ग ऑन और मिडविकेट के बीच खेल दो रन दौड़ कर अपनाा 278 वां वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेते वन डे क्रिकेट में अपना 50 वां शतक 106 गेंद खेल कर एक चौके और आठ चौकों की मदद से पूरा किया। विराट (117 रन, 113 गेंद, दो छक्के, 9 चौके) दो ओवर बाद न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज टिम साउदी की गेंद को उड़ाने के फेर में डीप स्कवॉयर पर डेवॉन कॉनवे को कैच थमा आउट हुए। भारत के कप्तान कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (47 रन, 29 गेंद, चार छक्के, चार चौके) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने चिर आतिशी अंदाज में आगाज किया और न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी पर जमकर प्रहार करते हुए 8.2 ओवर में स्कोर को 71 रन पर पहुंचाने के बाद साउदी की धीमी ऑफ कटर को उड़ाने के फेर में मिड ऑफ पर कप्तान केन विलियमसन को कैच थमा बैठे। विलियमसन की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने काफी पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच लपक कर रोहित की तूफानी पारी का अंत किया। साउदी के इसी ओवर की चौथी गेंद तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली के पहले बल्ले और फिर पैड पर लगकर बाउंड्री के पार चार रन के निकल गई लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने इस पर डीआरएस लिया लेकिन यह बेकार गया। भारत ने शुरू के दस ओवर के पहले पॉवरप्ले में कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खोकर 84 रन बनाए। तब शुभमन गिल 29 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से 30 और विराट एक चौके की मदद से चार रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड के लिए दस ओवर के पहले पॉवरप्ले में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए थे। भारत ने एक विकेट पर 164 रन बनाए थे तब शुभमन गिल (79 रन, 65 गेंद, तीन छक्के और आठ चौके) मांसपेशी में खिंचाव के चलते मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह श्रेयस अय्यर क्रीज पर विराट कोहली का साथ देने उतरे। विराट (92 रन, 95 गेंद, एक छक्का और आठ चौके) जब पारी के 38 वें और ट्रेंट बोल्ट के आठवें ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन के लिए दौड़े तो मुंबई की गर्मी में उनकी मांसपेशी में खिंचाव आया तब भारत का स्कोर 275 रन था लेकिन तब तक भारत विशाल स्कोर पहुंच चुका। भारत ने सूर्य कुमार यादव(1) के रूप में अपना चौथा और आखिरी विकेट पारी के अंतिम ओवर में तब खोया जब सूर्य ने साउदी की गेंद को उड़ाने के फेर में डीप मिडविकेट पर ग्लेन फिलिप्स को कैच थमाया।

शुभमन गिल ने लॉकी फर्गुसन की गेंद को मिडविकेट के उपर से पुल कर अपना पहला छक्का जड़ भारत के स्कोर को 12.2 ओवर में एक विकेट पर 102 रन पर पहुंचाया। लॉकी फर्गुसन ने अपने शुरू के तीन ओवर में 30 रन दे डाले। न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमन ने पारी के 14 वें ओवर में गेंद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को थमाई और उनके ओवर की तीसरी गेंद को लॉन्ग लेग पर एक रन से खेल शुभमन गिल ने 41 गेंद खेल एक छक्के और सात चौकों की मदद से मौजूदा वन डे विश्व कप का तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया। वहीं विराट कोहली ने रचिन रवींद्र की गेंद पर शॉर्ट कवर के बीच से चौका लगा पहली बार वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल में दहाई का अंक पार किया। इससे पहले विराट तीन वन डे विश्व कप के फाइनल में क्रमश: 9, 1, 1 रन बनाकर आउट हुए थे। पहले ड्रिंक्स के समय भारत ने 15 ओवर में एक विकेट खोकर 118 रन बनाए। तब शुभमन गिल 44 गेंद खेल एक छक्के और सात चौकों की मदद से 52 और विराट कोहली 17 गेंद खेल दो चौकों की मदद से 17 रन बनाकर क्रीज पर थे।

## विराट ने बनाया एकदिवसीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली विश्वकप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले धुआंधार पारी खेलते हुए बुधवार को शतकों का अर्धशतक बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये है। इस विश्व कप में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। विराट कोहली ने इतिहास रचते हुए एकदिवसी क्रिकेट में अपना 50वां शतक लगाया। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। विराट के इस रिकार्ड के साथ सचिन खुद इस मैच को देखने के लिए वानखेड़े में मौजूद रहे। सचिन ने 452 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए थे। वहीं, कोहली ने 279वीं पारी में 50 शतक लगा दिए हैं। इसी के साथ विराट कोहली ने किसी एक विश्व कप में सबसे ज्यादा 50 से अधिक के स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया है। इस विश्व कप में विराट का यह आठवां 50 से अधिक स्कोर है। इससे पहले सचिन ने 2003 विश्व कप में और शाकिब अल हसन ने 2019 में सात-सात बार 50 अधिक का स्कोर बना चुके है।

## आईसीसी ने पिच विवाद को किया खारिज

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के लिए पिच में बदलाव को उचित ठहराया है और बताया कि उसे कारण से अवगत कराया गया था। भारत-न्यूजीलैंड सेमीफाइनल से पहले एक विवाद खड़ा हो गया था क्योंकि कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि मैच पहले से निर्धारित नई पिच के बजाय इस्तेमाल की गई पिच पर खेला जाएगा। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि बीसीसीआई ने स्थानीय क्यूरेटर के माध्यम से भारतीय टीम प्रबंधन के सुझाव पर पिच को बदल दिया है, जिस पर पहले ही दो मैच खेले जा चुके हैं। पिच सूखी और धीमी थी, जो भारतीय बल्लेबाजों के अनुकूल थी। हालांकि, आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसे पिच में बदलाव के बारे में पता था और उसके स्वतंत्र पिच सलाहकार के पास यह मानने का कोई कारण नहीं था कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस लंबाई के आयोजन के अंत में योजनाबद्ध पिच रोटेशन में बदलाव आम बात है और यह पहले भी कई बार हो चुका है। यह बदलाव हमारे मेजबान के साथ आयोजन स्थल क्यूरेटर की सिफारिश पर किया गया था। आईसीसी ने कहा, आईसीसी के स्वतंत्र पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में अवगत करा दिया गया था और उनके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि तकनीकी समस्या के कारण पिच में बदलाव किया गया है और सेमीफाइनल के लिए नया बदलाव किया गया है। आईसीसी के नियम यह निर्दिष्ट नहीं करते हैं कि नॉकआउट मैच केवल ताज़ा पिचों पर ही खेले जाने चाहिए। आईसीसी की पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के अनुसार, उम्मीद है कि जिन स्थानों को मैच की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे सर्वोत्तम संभव पिच और आउटफील्ड पेश करेंगे।

## श्रेयस अय्यर व केएल राहुल भारत के मध्यक्रम की किस्मत का आधार बनकर उभरे



**मुंबई,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। दाएं हाथ के दो बल्लेबाज, चोटों से उबरने की दो यात्राएं और एक भूमिका जिसे वे मौजूदा पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में निभा रहे हैं - भारत के मध्यक्रम की बल्लेबाजी की किस्मत का आधार बनकर उभरे हैं।

इन नौ मैचों में प्रशंसकों को एहसास हुआ होगा कि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने मेजबान टीम की अजेय लय में कितना महत्व जोड़ा है, जिससे घरेलू धरती पर ट्रॉफी हासिल करने की भारत की दस साल पुरानी खोज को और पंख मिल गए हैं। अगर रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली शीर्ष क्रम में रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, तो अय्यर और राहुल इस बल्लेबाजी क्रम के फौलादी आदमी हैं, जिन्होंने दिखाया है कि वे किसी भी स्थिति में जरूरत पड़ने पर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। 2023 में अय्यर और राहुल की मौजूदगी इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान जो हुआ उसके बिल्कुल विपरीत है। 2015-19 चक्र में अनसेटल्ड वह शब्द था, जिसका उपयोग मध्य-क्रम म्यूजिकल चेयर का वर्णन करने के लिए किया गया था। अंबाती रायुडू चौथे नंबर पर आने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अचानक खराब फॉर्म के कारण विजय शंकर को टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच तक, राहुल मध्यक्रम में थे, जब तक कि टूर्नामेंट के अंत में शिखर धवन की अंगूठे की चोट के कारण उन्हें शुरुआती स्थान पर नहीं ले जाया गया।

भारत ने फिर से शंकर, एमएस धोनी और ऋषभ पंत के साथ रूसी रूलेट खेलना शुरू किया, जिसमें दिनेश कार्तिक भी शामिल हो गए, क्योंकि मध्य क्रम की गड़बड़ी का मतलब था कि दो बार के चैंपियन को पुराने दुश्मन न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। यदि 2019 स्पष्टता की कमी और अस्थिर मध्यक्रम से चिह्नित था, तो 2023 में वह सब कुछ है, जिसकी जरूरत थी। टूर्नामेंट के बाद राहुल और अय्यर भारत के लिए मध्यक्रम के मुख्य आधार बनकर उभरे, इससे पहले कि चोटों के कारण भारत को 2019 में वापस लाने का खतरा पैदा हो गया था। इस विश्व कप से पहले राहुल दाहिनी जांघ में चोट के कारण घायल हो गए थे, जिससे उनकी जांघ फट गई थी।

## टॉस के समय अंतिम एकादश की घोषणा करूंगा : कमिंस

**कोलकाता** 15 नवंबर (एजेंसियां)। ईडन गार्डन में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि हम मैच वाले दिन टॉस के समय अपनी एकादश की घोषण करेंगे। पांच बार के विश्वकप चैंपियन ने इस साल के टूर्नामेंट में लगातार सात मैच जीते हैं।

कमिंस ने आज यहां एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या फिर अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाने के सवाल पर कहा कि हम अपनी एकादश की घोषणा टॉस के समय करेंगे। ऐसा माना जा रहा है ऑस्ट्रेलिया मार्नस लाबुशेन और मार्कस स्टोइनिस दोनों को एकदश में शामिल कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका से निपटने वाली एकादश के बारे में अपना मन बना लिया है, उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अपनी अंतिम टीम में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को शामिल किया जाए या नहीं।

मैक्सवेल की चोट पर कमिंस ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें कल थोड़ा दर्द महसूस हुआ था, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि वह पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही मैदान पर उतरें, इसलिए उनका स्कैन कराया गया जिसमें वह पूरी तरह से फिट नजर आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं। कल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल का फिट होना बड़ी चुनौती है। मैक्सवेल अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गये थे। अगर मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते है तो मार्कस स्टोइनिस को बाहर बैठना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, पहले दो मैचों में दो कठिन टीमों का मुकाबला करना था। और गेंदबाजी के मामले में, मुझे लगता है कि हम सभी चरणों में बेहतर से बेहतर होते गए हैं। तो हां, ऐसा लगता है कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछले महीने में काफी क्रिकेट खेला है और ऐसा लगता है कि हर कोई अपनी भूमिका जानता है और अब असर होना शुरू हो गया है। उन्होंने पिच विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि आईसीसी का एक अलग स्वतंत्र पिच क्यूरेटर है जो इसका प्रबंधन करता है। जहां तक बात है पिच की तो मुझे कोई समस्या नजर नहीं आई। हम भारतीय पिचों पर इतने मैच खेल चुके हैं।




### डी कॉक के खिलाफ 2015 की मैकुलम रणनीति का उपयोग करें : मैकडरमॉट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज क्रेग मैकडरमॉट गुरुवार को ईडन गार्डन्स में 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के खिलाफ ब्रेंडन मैकुलम को हराने के लिए 2015 विश्व कप फाइनल में लागू की गई रणनीति का उपयोग कर सकते हैं। डी कॉक, जो विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास ले लेंगे, प्रोटियाज़ के लिए जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने नौ पारियों में 65.66 के औसत और 109.24 के स्ट्राइक-रेट से 591 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक भी शामिल हैं। क्विंटन डी कॉक के पास काफी ऊंचा बैट लिफ्ट भी है और यह कुछ ऐसा है जिसे वे उन पहली कुछ गेंदों में करने के बारे में सोच सकते हैं। यदि आप इसे सही से नहीं समझ पाते हैं, तो आपको चार या कवर के माध्यम से मैदान से बाहर भेज दिया जाएगा। लेकिन अगर यह निकला (यह एक विकेट ले सकता है)। एसईएन रेडियो पर मैकडरमॉट ने कहा, निश्चित रूप से, डी कॉक इस विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में हैं, वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यदि हम उन सलामी बल्लेबाजों में से एक को जल्दी आउट कर देते हैं, तो हम मुकाबले में हैं। मैकडरमॉट ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजी कोच थे और उन्होंने एमसीजी में 2015 विश्व कप फाइनल में मिशेल स्टार्क द्वारा ब्रेंडन मैकुलम को आउट करने में बड़ी भूमिका निभाई थी, जिसे जीतकर टीम ने अंततः अपना पांचवां विश्व कप खिताब जीता था। यह कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैंने फाइनल से तीन या चार सप्ताह पहले मिशेल से बात की थी। मैकुलम जिस तरह से खेल रहे थे, वह पहली गेंद से ही जोरदार प्रदर्शन कर रहे थे।

## सार संक्षेप

### भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच के दौरान रणबीर कपूर ने रोहित शर्मा की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय टीम की जमकर तारीफ की। अपनी फिल्म एनिमल का प्रमोशन कर रहे रणबीर ने रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए कहा, मैं एक व्यक्ति के रूप में रोहित शर्मा के बारे में बात करना चाहूंगा। आप जानते हैं, जब भी मैं इंटरव्यू के दौरान उन्हें सुनता हूं, उनकी रील देखता हूं या टीम के साथ उनकी तस्वीरें देखता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है कि वह बहुत पसंद करने योग्य व्यक्ति हैं। एक लीडर होने के नाते और ऐसा व्यक्ति होना जो अपने साथियों के साथ इतना मित्रतापूर्ण हो, उन्हें यह महसूस कराए कि हम सब एक साथ हैं, उसे एक महान कप्तान बनाता है। और मुझे लगता है कि हम इसे रोहित शर्मा में बहुत स्पष्ट रूप से देखते हैं। उन्हें सलाम! इसके बाद एक्टर ने भारतीय क्रिकेट टीम के बारे में बात करते हुए कहा, %%चाहे वह जसप्रित बुमरा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज हों, हमारे पास रवींद्र जडेजा भी हैं, हमारे पास कुलदीप यादव भी हैं, मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इस तरह की गेंदबाजी लाइनअप देखी है। आगे कहा, मुझे लगता है कि गेंदबाजी लाइनअप ने इस बार भारतीय क्रिकेट टीम में वास्तव में अंतर पैदा किया है, यह बेहतर क्वालिटी है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मोबाइल पर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फ्री में स्ट्रीम हो रहा है और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित है।

### सिनर ने एटीपी फाइनल्स में जोकोविच को हराया

**ट्यूरिन।** इटली के जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में सिनर ने जोकोविच की 19 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए उसे तीन सेटों में 7-5, 6-7 (5), 7-6 (2) से हराया। सिनर 121 दिनों में जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले जोकोविच के जीत की लय को तोड़ा। यह मौजूदा नंबर वन पर उनके करियर की दूसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मियामी के सेमीफाइनल में नंबर वन रैंक वाले अलकराज को हराया था। सिनर ने घरेलू दर्शकों के सामने जोकोविच पर अपनी जीत के बारे में कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, जब आप दुनिया के नंबर वन के खिलाफ जीतते हैं और उसने 24 ग्रैंड स्लैम जीते हैं तो यह स्पष्ट रूप से शीर्ष पर है। सिनर ने अब शीर्ष पांच खिलाड़ियों के खिलाफ अपने आखिरी पांच मैच जीते हैं।

## हमें अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है : हरमनप्रीत कौर




**मेलबर्न,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। भारत की महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार दोपहर को वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को शुभकामनाएं दीं और टीम के कौशल पर पूरा भरोसा जताया। मौजूदा टूर्नामेंट के दो बार के चैंपियन और मेजबान भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल चरण में प्रवेश करने के लिए लगातार नौ जीत हासिल की है। उनका मुकाबला न्यूजीलैंड से है, जो पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप में उपविजेता रहा है और नॉकआउट में अपने वजन से बढ़कर प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता है। भारत ने इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला है। यदि आप देखें, तो उनकी सभी जीतें लगभग एकतरफा रही हैं और घरेलू परिस्थितियों में ऐसी उपलब्धि देखना बहुत असाधारण है। जब आप घरेलू परिस्थितियों में खेल रहे होते हैं तो बहुत अलग दबाव होता है और इसका पूरा श्रेय टीम को जाता है, प्रत्येक व्यक्ति अच्छा प्रदर्शन करता है। जंक्शन ओवल में पत्रकारों से हरमनप्रीत ने कहा, जब भी कोई अवसर आया है, उन्होंने इसे दोनों हाथों से लपका है। मैं सचमुच चाहती हूं कि विराट कोहली इस बड़े मौके पर अपना 50वां शतक बनाएं, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। मुझे अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं।

हरमनप्रीत मौजूदा महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रही हैं और एक पावर-पैक घरेलू सीज़न से पहले भारत वापस आएंगी, जहां उनका सामना मुंबई में इंग्लैंड (केवल टेस्ट और टी20) और ऑस्ट्रेलिया (सभी प्रारूप) से होगा। उनका मानना है कि डब्ल्यूबीबीएल में खेलना अगले महीने से शुरू होने वाले घरेलू आयोजनों के लिए तैयारी करने का एक शानदार तरीका है। अब सोच यह है कि आप आगे क्या कर सकते हैं और आप यहां से (राष्ट्रीय टीम के लिए) क्या ला सकते हैं। मेरे लिए, यह खुद को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए तैयार करने और दूसरों पर नज़र रखने और उनका प्रदर्शन कैसा चल रहा है, इस पर नज़र रखने के लिए एक शानदार टूर्नामेंट है। अगले कुछ महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण हैं और मैं टीम के लिए जहां भी संभव हो अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगी। भारत 14-17 दिसंबर तक डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट मैच खेलेगा, इसके बाद 21-24 दिसंबर तक वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा।

मेजबान टीम लगभग नौ वर्षों के बाद टेस्ट घरेलू मैदान पर होगी, जब उन्होंने 2014 में मैसूर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। हरमनप्रीत ने घर पर टेस्ट खेलने की संभावना के बारे में उत्साह व्यक्त किया और चाहती हैं कि उनकी टीम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे।

यह मेरा पहला टेस्ट होगा जहां मैं अपने घरेलू दर्शकों के सामने (लंबे समय में) खेलूंगी और वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे क्योंकि हमने बहुत अधिक टेस्ट नहीं खेले हैं और हमारे पास उतना अनुभव भी नहीं है। लेकिन फिर भी, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे और इन पलों का आनंद लेंगे। उन्होंने कई विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात समाप्त की, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह जिस तरह की खिलाड़ी है, यह चौंकाने वाला था; मुझे अब भी लगता है कि उसके पास ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कई साल थे। लेकिन यह उसका निजी फैसला है और उसने बहुत कुछ हासिल किया है जिसे हासिल करना हम जैसे खिलाड़ियों का सपना होता है। उन्होंने टीम को कई आईसीसी खिताब दिलाए और मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

## 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक टिकट नि:शुल्क उपलब्ध : आईओसी

**सियोल,** 15 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के लिए गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह को छोड़कर सभी स्पधाओं के लिए टिकट नि:शुल्क मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार 19 जनवरी से एक फरवरी 2024 तक चलने वाले शीतकालीन युवा ओलंपिक के लिए टिकट बीते शनिवार से आधिकारिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। समिति ने बताया कि उद्घाटन समारोह 19 जनवरी को गैंगनेउंग ओवल और प्योंगचांग डोम में एक साथ किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह के टिकटों की कीमत 30 हजार से एक लाख वॉन (22 से 74 अमेरिकी डॉलर) है जबकि प्योंगचांग डोम में प्रवेश नि:शुल्क होगा। हालांकि समारोह के दिन जाने वाले लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या बॉक्स के जरिए टिकट का अनुरोध करना होगा। प्योंगचांग ने 2018 में ओलंपिक शीतकालीन खेलों में आयोजनों की मेजबानी की थी और गैंगनेउंग, प्योंगचांग, जियोंगसियन और होएंगसेओंग पर होने खेल आयोजनों के टिकट मुफ्त उपलब्ध होंगे। गैंगवॉन 2024 में करीब 80 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के लगभग 1,900 एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है।